# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 02 जनवरी 2024



# शौर्य और साहस का पावन स्मरण
# पूरा हो रहा जनजातीय कल्याण का प्रण



## वीरांगना रानी दुर्गावती के 500 वें जन्मशताब्दी वर्ष के आरंभ पर कृतज्ञ मध्यप्रदेश का शत शत नमन

## सम्मान स्वरूप संस्कारधानी जबलपुर में मध्यप्रदेश की नवगठित सरकार की

## प्रथम कैबिनेट बैठक
## 3 जनवरी, 2024



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

"वीरांगना रानी दुर्गावती जी के 500 वें जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजातीय समाज के कल्याण, स्वास्थ्य और समृद्धि का जो संकल्प लिया गया है उसे पूर्ण करने के लिए मध्यप्रदेश पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।"

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जबलपुर में रु. 100 करोड़ की लागत से वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक का शिलान्यास किया गया



- कक्षा 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए **छात्रवृत्ति योजना** में वर्ष 2023-24 में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को रु. 316 करोड़ की छात्रवृत्ति।
- **आकांक्षा योजना** में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत रहते हुये जे.ई.ई., क्लेट, नीट आदि राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिये प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं में कोचिंग सुविधा।
- महाविद्यालयीन छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलने पर उच्च शिक्षा के लिए **आवास भत्ता**। वर्ष 2023-24 में रु. 119 करोड़ की सहायता से एक लाख से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित।
- **विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना** में उच्च शिक्षा के लिये प्रति वर्ष 50 विद्यार्थियों को लाभांवित करने का लक्ष्य। वर्ष 2023-24 में रु. 2.51 करोड़ की सहायता।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नवीन शिक्षा नीति के तहत 94 **सीएम राइज स्कूल** संचालित। KG-I से कक्षा 12वीं तक शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास।
- **मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना** में सीधा जनजातीय ग्रामों तक पहुंचा राशन। स्थानीय जनजातीय युवाओं को मिला स्वरोज़गार का अवसर।
- **आहार अनुदान योजना** में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवार की महिला मुखिया को परिवार के पोषण के लिए प्रतिमाह रु. 1500। वर्ष 2023-24 में 2 लाखसे अधिक महिलाओं को रु. 215 करोड़ की सहायता।
- **सिकल सेल उन्मूलन मिशन** प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखण्डों में लागू।
- **जनजातीय क्षेत्रों में बस्तियों का विकास** - विद्युतीकरण, पम्पों का ऊर्जीकरण, पेय जल आपूर्ति। सामुदायिक भवन निर्माण, छात्रावास, बस्तियों में सी.सी. रोड आदि बुनियादी निर्माण। वर्ष 2023-24 में रु. 38 करोड़ से 627 निर्माण।
- जनजातीय वर्ग के लिए 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 81 कन्या शिक्षा परिसर एवं 08 आदर्श आवासीय **विशिष्ट विद्यालय** संचालित।
- विशेष पिछड़ी जनजाति जिलों में **कौशल विकास केंद्र** संचालित।
- **वन अधिकार** अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रदेश में 6 लाख से अधिक दावे प्राप्त, जिनमें से 2 लाख 70 हजार दावों को मान्यता। 3 लाख 62 हजार से अधिक निरस्त दावों का पुनः परीक्षण जारी।
- लगभग 35 हजार निरस्त वनाधिकार दावों का पुनः परीक्षण कर मान्य किया गया।
- **प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना** में विकास कार्यों के लिए 7307 ग्राम चयनित।
- जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार देने के लिये **पेसा नियम** लागू।
- जनजातीय युवाओं के लिये **भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण** जैसी योजनाएं संचालित।

D-11159/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

**मध्यप्रदेश शासन**

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024




## प्रदेशभर में चालक-परिचालकों की हड़ताल के चलते पेट्रोल पंपों पर लगी रही कतारें, शाम तक अधिकतर पंप हुए ड्राय

# बे-बस यात्री...पुणे, मुंबई, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर रूट की चार्टर्ड के थमे पहिए, विदिशा, रायसेन की भी नहीं चली बसें

*यात्रियों ने टालीं यात्राएं, सिटी बसें बंद होने से दोपहर तक ऑटो वालों की रही चांदी*

*ऑटो, ई-रिक्शा, कैब के भी थमे पहिए, लोग सूटकेस थामे गंतव्य को पैदल ही निकले*

*ओला कैब के एप पर भी थे बढ़े हुए रेट, 100 की जगह शो हो रहा था किराया 338 रु.*

*राजधानी के कई पेट्रोल पंपों पर लगी रहीं एक-एक किमी लंबी लाइन, लोग बैरंग लौटे*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कुछ बाशिंदों के लिए साल का पहला दिन काफी मुश्किल भरा बीता। दरअसल, हिट एंड रन को लेकर केंद्र सरकार के नए कानून को लेकर प्रदेश में बस ड्राइवर हड़ताल पर हैं। इसके चलते भोपाल से मुंबई,पुणे,इंदौर सहित अन्य शहरों में जाने वाली चार्टर्ड बसें नहीं चली। इसी तरह भोपाल से छोटे रूटों बसों के पहिए थमे रहे। भोपाल से इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, विदिशा, रायसेन, सिरोंज, सीहोर, देवास, शाजापुर, नर्मदापुरम समेत अन्य शहरों के लिए बसें नहीं चली। इसके चलते हजारों लोगों को अपनी यात्रा रद्द करने पड़ी, तो वहीं कई लोग ऑफिस सहित अन्य स्थानों पर नहीं पहुंच सके। इसके साथ ही राजधानी भोपाल में सिटी बसें बंद होने से ऑटो चालकों ने तीन से पांच गुना तक किराया वसूला। तो कई परेशान लोग कई-कई किलो मीटर तक पैदल चलने को मजबूर हुए।

### राजधानी में कितने वाहन

- राजधानी भोपाल से प्रदेश के जिलों के लिए करीब 1600 से अधिक बसें संचालित होती हैं।
- 120 से अधिक चार्टर्ड बसें संचालित होती हैं।
- 4600 गाड़ियां ओला-उबर सहित अन्य टैक्सी शहर में होती हैं संचालित
- 800 आपे-टैक्सी संचालित होते हैं।
- 4650 से अधिक ऑटो संचालित होते हैं।
- 2000 ई-रिक्शा संचालित होते हैं।

### ऑटो वालों ने 5 गुना वसूला किराया

कैब ड्राइवर, टैक्सी चालक भी हड़ताल में शामिल होने से कैब व टैक्सी नहीं चल रही है। हालाकि सुबह से दोपहर तक ऑटो व ई रिक्शा चले। लेकिन इन चालकों ने पांच गुना तक किराया वसूला। इसके कारण आम आदमी टैक्सी के लिए परेशान होते रहे। नए साल का पहला दिन होने के कारण ज्यादातर लोग मंदिर सहित अन्य पर्यटन क्षेत्रों में घूमने के लिए लोक बस व टैक्सी नहीं चलने से कई लोग नहीं जा सके। तो वहीं दोपहर तक ऑटो व ई-रिक्शा चल रहे थे। लेकिन इनके चालकों ने लोगों से तीन से पांच गुना तक किराया वसूला।

# कलेक्टर ने संभाला मोर्चा, पुलिस सुरक्षा में 10 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई

वाहन चालकों की हड़ताल और दिनभर लगी पेट्रोल पंपों पर कतार को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने देर शाम मोर्चा संभाल लिया और 10 लाख लीटर पेट्रोल-डीज़ल की सप्लाई कंपनियों के टैंकरों से पुलिस सुरक्षा में कराई गई, जो रात में भी जारी रही। कलेक्टर सिंह के इस कदम से जनता को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रशासन ने लोगों से अनुरोध किया है कि कृपया अनावश्यक ख़रीदी और पैनिक न करें।

इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने सांची दुग्ध प्लांट का निरीक्षण कर दुग्ध परिवहन की व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने सांची दुग्ध वितरकों से बात की है, जिस पर शहरी क्षेत्र में तय वाहनों के साथ दुग्ध आपूर्ति सुनिश्चित कराने 500 सांची मिल्क पार्लर विक्रेता भी स्वयं के वाहनों से दुग्ध का परिवहन करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में दुग्ध परिवहन के लिये नगरीय निकायों के वाहनों का उपयोग किए जाने निर्देश नगरीय निकायों को दिए हैं।

इससे पहले दिनभर की किल्लत के बाद शहर के पेट्रोल पंप ड्राई होना शुरू हो गए हैं। दोपहर तक जिले के 151 पेट्रोल पंपों में से दो दर्जन से अधिक पंपों पर पेट्रोल और डीजल खत्म हो गया, जिन पर ड्राई के सूचना बोर्ड तक लगा दिए गए थे।

*पेट्रोल-डीजल की किल्लत की खबर के बाद पंपों पर लगी भीड़*

*सांची प्लांट का किया निरीक्षण निर्बाध आपूर्ति के लिए की बात*

- अपील-पर्याप्त स्टॉक है, अनावश्यक खरीदी न करें
- कुछ पंपों पर पुलिस के साये में बंटा पेट्रोल-डीजल
- देर शाम पुलिस की निगरानी में रवाना किए 30 टैंकर




### 30 टैंकर रवाना

सोमवार को पेट्रोल-डीजल के तीस से अधिक टंकर रवाना किए गए हैं। रात में ही इन टैंकरों को पेट्रोल पंपों पर खाली किया जाएगा। पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है।

**मीना मालाकार,** जिला आपूर्ति नियंत्रक

### टैंकरों से पानी सप्लाई मुश्किल

नगर निगम के द्वारा में शहर में 57 टैंकरों से विभिन्न क्षेत्रों में पानी की सप्लाई रोजाना की जाती है। सोमवार को इन टैंकरों में डीजल रहने से किसी प्रकार की दिककत नहीं आई। अगर मंगलवार को डीजल नहीं मिला तो पानी के टैंकरों के पहिए थम सकते हैं।

**उदित गर्ग,** प्रभारी जल कार्य, नगर निगम

### भीड़ बढ़ने से ड्राय हुए पेट्रोल पंप

मप्र पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि आयल कंपनियों और प्रशासन के साथ मिलकर डीलर निजी टैंकरों से सप्लाई जारी रखने में जुटे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि 2 से 3 दिन की ही सप्लाई रखने वालों को दिक्कत हो सकती है। सोमवार को कुछ पंप ड्राय हुए हैं, लेकिन देर रात तक टैंकर भरे गए हैं, मंगलवार को दिक्कत नहीं होगी।

### जबरन ड्राइवर्स को पकड़कर भरवाए टैंकर

सोमवार शाम तक जब ड्राइवर बातचीत से नहीं माने, तो जिला प्रशासन और खाद्य विभाग के अफसरों ने ड्राइवर्स को जबरन पकड़कर डिपो से टैंकर भरवाए। इधर टैंकर जब डिपो से निकले तो उन्हें जगह-जगह रोका गया। जिसकी वजह से टैकर पंपों पर नहीं पहुंच पाए।

### विरोध के बाद वापस डिपो गईं सिटी बसें

## हड़ताल के चलते डिपो से ही नहीं निकलीं बीसीएलएल की 350 बस

हिट एंड रन केस को लेकर केंद्र सरकार के नए कानून के विरोध में ट्रक व बस चालकों की हड़ताल के साथ ही नए वर्ष के पहले दिन सोमवार को भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) की सिटी बसें भी डिपो से बाहर नहीं निकलीं। सुबह कुछ बस नादरा बस स्टेंड तक पहुंची तो रुटीन बसों के चालक व परिचालकों ने इन सिटी बसों में तोड़फोड़ की कोशिश की तो सिटी बसों के चलकों ने वापस डिपो में जाना ही बेहतर समझा। इसके बाद शहर के सभी टर्मिनल को चालक व परिचालकों ने ही बंद कर दिया।



### पहले बोले थे-हम हड़ताल पर नहीं

बीसीएलएल बसों के चालक व परिचालकों से निजी बस मालिकों ने रविवार को ही संपर्क कर कह दिया था कि डिपो से सिटी बस बाहर न निकालें, वर्ना जो होगा, उसके जिम्मेदार वो स्वयं होंगे। बीसीएलएल प्रवक्ता संजय सोनी ने बताया कि सभी बस आपरेटर और चालकों को बसों का संचालन करने समझाया गया था, लेकिन तोड़फोड़ की संभावना को देखते हुए किसी भी चालक ने बस बाहर नहीं निकाली। बीसीएलएल का प्रयास था कि चालकों से बसों का संचालन कराएं, जिससे लोगों को आवागन में परेशानी न हो। चालक व परिचालकों ने भी कह दिया था कि हमारी तरफ से हड़ताल नहीं है।

### दूसरे राज्यों से पहुंचीं आधी ही गाड़ियां

## करोंद मंडी में आईं आधी गाड़ियां,व्यापारी असमंजस में, सब्जियों के भाव बढ़ेंगे

करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में रविवार को अंतरप्रांतीय राज्यों से आने वाली सब्जियों से भरी 50 फीसदी गाड़ियां आई। जिसे सोमवार को मंडी प्रांगण में नीलाम किया। लेकिन वाहन चालकों की हड़ताल और यूनियनों के लोगों द्वारा वाहनों को रोके जाने से अधिकांश खरीदार मंडी नहीं पहुंचे।

■ **हड़ताल को देखते हुए अधिकांश खरीदार मंडी नहीं पहुंचे**

सब्जी व्यापारी राजेन्द्र सैनी और मो.सलीम एकेस के अनुसार मप्र में हड़ताल चलते मंडी व्यापारी इस बात को लेकर असंमजस में हैं कि गाड़ियां आएंगी कि नहीं। सब्जी व्यापारी सैनी ने बताया कि करोंद थोक मंडी में मप्र सहित बाहर से करीब 150 छोटी- बड़ी गाड़ियों में सब्जियां आती है। मगर डाइवरों की हड़ताल के चलते मंडी में सब्जी लेकर आने वाले वाहनों की संख्या आधी हो गई है। उन्होंने कहा कि सब्जियों की आवक कम होते ही सब्जियों दाम उछाल मारने लग गए हैं। अगर मंडी में सब्जियों से भरी गाड़ी नहीं पहुंची तो सभी सब्जियों के भाव में आग लग सकती है।

### जहां गए, वहां लंबी लाइन थी...



मुझे पता चला कि दोपहर तक तो सब ठीक था, पेट्रोल भी आसानी से मिल रहा था, लेकिन दोपहर बाद से अचानक पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ गई। मैं शाम करीब 5 बजे अयोध्या बायपास से होता हुआ एमपी नगर की ओर आया, रास्ते में करीब चार पेट्रोल पंप मिले, लेकिन हर जगह लंबी लाइन और काफी भीड़ थी। इसलिए पेट्रोल लेने में बहुत परेशानी हुई। करीब एक घंटे लाइन में लगने के बाद पेट्रोल मिल सका।

**बलवान सिंह पटेल,** रासलाखेड़ी, अयोध्या बायपास, भोपाल

### दो घंटे बाद मिला पेट्रोल



मैं रासलाखेड़ी से एमपी नगर की ओर जा रहा था। बाइक में काफी कम पेट्रोल था, इस लिए रास्ते के पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेना चाहा, लेकिन दो पेट्रोल पंप देखने के बाद भी जब लंबी कतारें कम नहीं होती दिखीं तो एक पेट्रोल पंप पर करीब एक घंटे की लाइन में लगने के बाद अपना नंबर आया और पेट्रोल ले पाए।

**अशफाक अहमद,** भानपुर, भोपाल

### नंबर आते ही खत्म हुआ पेट्रोल

मैं सीहोर की ओर से भोपाल आ रहा था। रास्ते में सभी पेट्रोल पंप पर भीड़ थी, इसलिए मैंने सोचा आगे कहीं पेट्रोल ले लेंगे। कुछ आगे जाकर पता चला बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया। करीब एक किमी तक बाइक को धक्का मारकर पेट्रोल पंप तक पहुंचे। यहां लंबी लाइन थी, इस लिए करीब एक घंटे लाइन में ही लगे रहे। जब तक मेरा नंबर आता, उससे पहले की पेट्रोल पंप में पेट्रोल खत्म हो गया। हालांकि, कुछ देर बाद पेट्रोल मिलने लगा था। लेकिन इससे पहले ही मैने अपने एक साथी को वहां बुलाया और उसके साथ घर पहुंचे।

**अशोक कुमार,** भोपाल

## पैरेंटस बोले: हम कहां से लाएंगे पेट्रोल, अब मजबूरी, नहीं भेजेंगे बच्चों को स्कूल

**भोपाल।** हिट एंड रन मामले में नए कानून के विरोध का असर स्कूलों पर भी पड़ा है। सरकारी स्कूलों और कुछ निजी स्कूलों में 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश पहले से ही घोषित किए गए हैं।

सीबीएसई सहित कई निजी स्कूलों में नए साल के पहले दिन के साथ ही कक्षाएं शुरू हुई थीं, लेकिन देर शाम तक स्कूली बस ड्राइवरों द्वारा इस विरोध के समर्थन में उतरने के कारण अधिकतर स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। किसी स्कूल में 2 दिन तो किसी में एक दिन कक्षाएं नहीं लगेंगी। वहीं, कुछ स्कूलों ने पैरेंट्स को मैसेज भेजकर कहा है कि वे खुद बच्चों को स्कूल लाएं और लेकर जाएं। इसके अलावा कई स्कूलों में क्लास ऑनलाइन लगेंगी। ऐसे में स्कूल संचालकों और अभिभावकों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए। इधर, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा फिलहाल इसको लेकर कोई नए आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

## हड़ताल का असर: कई स्कूलों ने घोषित की छुट्टी कुछ ने कहा: पैरेंटस बच्चे को लाएं और ले जाएं

*स्कूल संचालकों ने कहा: समस्या का हो जल्द समाधान, ताकि स्कूलों का संचालन हो सके*



अब ऐसे में समस्या यह है कि पेट्रोल की समस्या में अभिभावक भी जूझ रहे हैं, वह कहां से पेट्रोल लाएंगे। कई पैरेंट्स ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने का निर्णय लिया है। सरकार को इस विषय का जल्द निराकरण करना चाहिए।

**प्रबोध पंडया,** महासचिव पालक महासंघ मप्र

### पैरेंट्स को सूचना दी है

पेट्रोल-डीजल की समस्या पूरे प्रदेश में हो गई है। जिन स्कूलों में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, वहां बच्चों को लाने- ले जाने की सूचना अभिभावकों को दी गई है। हमारी सरकार से मांग है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि स्कूलों का संचालक व्यवस्थित तरीके से हो सके।

**डॉ. आशीष चटर्जी,** प्रदेश अध्यक्ष सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स

## 3 जनवरी तक स्कूल बस-वैन चालकों की हड़ताल

नए कानून को लेकर प्रदेशभर के ट्रैक व यात्री बस चालक हड़ताल पर है। इसका अब स्कूल बस चालक-परिचालक भी समर्थन में आए गए है। इसके तहत मप्र चालक परिचालक कल्याण समिति के अह्वान पर स्कूल बस व वैन चालक-परिचालकों ने एक से तीन जनवरी तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। हालाकि सोमवार को पहले दिन अधिकांश स्कूलों में शीतकालीन अवकाश होने के चलते इसका अधिक असर देखने को नहीं मिला। लेकिन मंगलवार जहां प्राइवेट स्कूल खुल रहे हैं। ऐसे में छात्रों व अभिभावकों की परेशानी बढ़ सकती है। अभिभावकों स्वयं ही बच्चों को छोड़ने व लाने जाना पड़ेगा। हालांकि स्कूल बस चालकों की हड़ताल को देखते हुए कुछ स्कूलों ने छुट्टी घोषित कर दी है।

### फैक्ट फाइल

- स्कूल, कॉलेज बस- 1800 करीब
- ऑटो रिक्शा- 450
- मैजिक वाहन- 500
- वैन- 6000

## बसें बंद, वंदेभारत भी फुल

*एक सप्ताह पहले आधी खाली थीं सीट, हड़ताल के साथ सारी सीट हो गईं फुल*



नए कानून को लेकर बसों की हड़ताल के ट्रेनों में एका-एक भीड़ बढ़ गई। सबसे अधिक भीड़ इंदौर, जबलपुर, विदिशा, सागर उज्जैन, दमोह गुना आदि रूटों पर रही। वहीं इंदौर से नागपुर के बीच संचालित होने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में एकाएक बुकिंग बढ़ गई। इसके चलते इस ट्रेन की सारी सीट फुल हो गईं। जबकि एक सप्ताह पहले तक 1 से 3 जनवरी तक की करीब 50 फीसदी सीटें खाली थी।

### सुबह व शाम को जाने वाली ट्रेनें में दिखी भीड़

भोपाल से जाने वाली ट्रेनें यात्रियों से फुल रही। सुबह बीना की ओर से आने वाली मालवा, दक्षिण, राज्यरानी एक्सप्रेस व मैमू ट्रेनों में भीड़ मिली। वहीं शाम की राज्यरानी, भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस, रीवांचल, भोपाल एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के जनरल कोच में यात्री को बैठने की जगह नहीं मिली।




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 2 जनवरी 2024


## हिट एंड रन केस में नए कानून का विरोध...नए कानून में 10 साल की सजा और 7 लाख का जुर्माना, वाहन चालक इसे वापस लेने की कर रहे हैं मांग

### मध्य प्रदेश में 1.35 लाख लीटर डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित

मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने 'हरिभूमि' को बताया कि समूचे प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की रोजाना आपूर्ति 1.35 लाख लीटर होती है। जबकि राजधानी भोपाल में 12 लाख लीटर डीजल और 10 लाख लीटर पेट्रोल की रोजाना आपूर्ति होती है। अजय सिंह ने कहा कि सुबह स्थिति सामान्य हो जाएंगी, परेशान नहीं हों।

### प्रदेश में 50 हजार से अधिक बसों और साढ़े 5 लाख ट्रकों के पहिए थमे रहे

# साल के पहले दिन...हाहाकार

1 जगह-जगह चक्का जाम, पेट्रोल पंप पर दो-दो किमी लंबी कतारें, कई कारें बीच सड़क पर खड़ी हो गईं

2 अधिकांश लोगों ने टैंक फुल कराया, इससे भोपाल सहित प्रदेश के 40 फीसदी पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल खत्म हो गया

भोपाल के प्रगति पेट्रोल पंप पर रात 10 बजे भारी भीड़



पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक, अफवाहों पर नहीं दे ध्यान

**8 राज्य**
मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिट एंड रन केस में नए केंद्रीय कानून के खिलाफ मप्र सहित देश भर के ट्रक, टैंकर व बस चालक हड़ताल पर उतर आए। साल के पहले दिन ही भोपाल सहित समूचे मध्यप्रदेश में चौतरफा डीजल-पेट्रोल को लेकर हाहाकार मच गया।

जगह-जगह चक्का जाम रहा है तो पेट्रोल-डीजल के लिए लोग तरस गए। पेट्रोल पंपों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की 2-2 किमी लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। प्रदेश में हड़ताल का आलम यह रहा है कि 50 हजार से अधिक बसें और साढ़े 5 लाख ट्रकों के पहिए थमे रहे हैं तो तेल कंपनियों के डिपों पर ड्राइवरों ने ट्रक टैंकर खड़े कर दिए। भोपाल में 25000 से अधिक बस, ऑटो और 368 लो फ्लोर और सैकड़ों मिनी बसों के पहिए थमे रहे। कानून के विरोध में हड़ताल किए जाने और वाहनों राजमार्गों में और आम रास्तों में खड़े कर दिए जाने ▶▶ शेष पेज 2 पर

इस हड़ताल से न सब्जी-फल के ट्रक आ सके न ही किराना का सामान अन्य राज्यों से मप्र पहुंच सका। ऐसे में इन सबके दाम भी अचानक उछाल पर आ गए।

जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त आपूर्ति है। सभी जिले वासियों से अनुरोध है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। अनावश्यक परेशान न हों। जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त आपूर्ति है।

-आशीष सिंह, कलेक्टर

### भोपाल में वाहन चालकों ने लॉक किए टैंकरों के स्टेयरिंग

भौंरी और बकानिया के ऑयल डिपो पर खड़े 200 से अधिक टैंकरों के स्टेयरिंग को वाहन चालकों ने लॉक कर दिया और चले गए। रास्ते में जो टैंकर भरकर पेट्रोल पंपों की ओर जा रहे हैं, उनको रोका गया। कुछ जगह पथराव की सूचना है, बैरागढ़, करोंद में पुलिस का मूवमेंट रहा। टैंकर रोकने की खबर पंप मालिकों द्वारा कलेक्टर का दिए जाने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारी ,खाद्य विभाग के अफसर और पुलिस अधिकारी डिपो पहुंचे और सोमवार की शाम को 6 बजे 10 टैंकरों को भरने के लिए डिपो के अंदर भेजा।

## परिवहन मंत्री सिंह ने ट्रांसपोर्टरों से की अपील...

### बगैर बातचीत के कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएं, जिससे आम लोग परेशान हों



सोमवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हड़ताल करना अंतिम विकल्प नहीं है। चक्का जाम जैसी नौबत नहीं आनी चाहिए। इससे पूरा समाज परेशान हो रहा है। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों से भी अपील की कि वे बगैर बातचीत के कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएं, जिससे आम लोगों को दिक्कतें आ रही हो। उन्होंने कहा कि कानून बन जाने से यह नहीं माना जाना चाहिए कि आप उसमें दोषी हो गए हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय दंड संहिता को अलग करके भारतीय न्याय संहिता बनाई गई है। जब न्याय संहिता है तो ▶▶ शेष पेज 2 पर

अल्पना तिराहे पर वाहनों की लंबी लाइन



स्कूलों ने बस नहीं चलने के भेजे मैसेज...

### सरकारी स्कूल में 4 तक शीतकालीन अवकाश

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश पहले से ही घोषित किए गए हैं। वहीं सोमवार से शुरू हुए अधिकतर निजी स्कूलों की बसों के पहिए शाम को थम गए। जिसके बाद देर शाम तक कई स्कूलों ने अभिभावकों को मैसेज कर बसें नहीं चलने की सूचना दे दी है। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन ने कहा है कि अभिभावकों को बच्चों के स्कूल आने-जाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इधर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा फिलहाल इसको लेकर कोई नए आदेश जारी नहीं किए गए हैं।



नादरा बस स्टैंड पर ड्राइवरों का प्रदर्शन

### सीएम यादव ने अध्ययन के लिए कमेटी बनाने के दिए निर्देश

# मप्र में संभाग और जिलों की सीमाओं का होगा पुनर्निर्धारण

इस कार्य की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर संभाग से की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार संभाग और जिलों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जाए। इसके लिए कमेटी बनाकर अध्ययन कराया जाएगा। इस कार्य की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर संभाग से की जाएगी।

उन्होंने थानों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी विचार-विमर्श किया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर कमेटी बनाकर कार्रवाई की जाए। यह कार्य निर्धारित समयसीमा में हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर संभाग के खरगोन में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने संभाग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के साथ ही कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संभाग स्तरीय समीक्षा बैठकों के बाद अब जिला स्तर पर भी इस तरह की समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा और डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मंत्री तुलसी सिलावट, विजय शाह, सुश्री निर्मला भूरिया एवं नागर सिंह चौहान सहित संभाग ▶▶ शेष पेज 2 पर

मुख्यमंत्री यादव की अध्यक्षता में इंदौर की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में तय किया गया कि थानों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण भी शीघ्र पूर्ण हो। उक्त प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी विचार-विमर्श किया जाए।

अब जिला स्तर पर भी होंगी समीक्षा बैठकें

होमगार्ड में बैंड वादकों को भर्ती किया जाए



### सभी जिलों में पुलिस का अपना बैंड होना चाहिए

यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस का अपना बैंड होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस बैंड में पर्याप्त संख्या में सदस्य रहें, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सहमति के आधार पर होमगार्ड के जवानों को भी पुलिस बैंड में शामिल किया जाए। पर्याप्त संख्या में सहमति नहीं मिलने पर होमगार्ड में बैंड वादकों को भर्ती किया जाए।

### हर गांव के चौराहे पर लगेगा सीसीटीवी कैमरा

डॉ. यादव ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी निगरानी एवं अपराधों की ट्रेसिंग के लिए अब गांवों के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी पंचायतों के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। उन्होंने शहरों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनसहयोग से किया जाए। यादव ने कहा कि आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर ओंकारेश्वर में नए घाट निर्माण और दर्शन की सुलभ व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के भी निर्देश दिए। प्रत्येक ▶▶ शेष पेज 2 पर

### *आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त की प्रगति की समीक्षा*

*मुख्यमंत्री ने समक्ष इंदौर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता ने इंदौर संभाग में पुलिस विभाग में कार्यवाहक व्यवस्था के अंतर्गत की गई पदस्थापना, पुलिस के स्वीकृत पद, उपलब्ध पद तथा रिक्त पदों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में चयनित आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त की प्रगति, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट तथा विभिन्न धाराओं के तहत की गयी प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों, कानून व्यवस्था, कल्याणकारी गतिविधियों आदि की भी समीक्षा की गई। संभाग आयुक्त माल सिंह, इंदौर पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर, पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन राकेश गुप्ता, डीआईजी ग्रामीण चंद्रशेखर सोलंकी संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।*

## संदीप यादव ने जनसंपर्क आयुक्त का पदभार संभाला

### कहा-मंत्रियों से लेकर आम लोगों तक से सामंजस्य बैठाकर काम करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कॉडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अफसर संदीप यादव ने सोमवार को मंत्रालय में सचिव जनसंपर्क व आयुक्त जनसंपर्क का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने प्रबंध संचालक मप्र माध्यम का पदभार भी ग्रहण कर लिया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसंपर्क का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में अधिकारियों को विशेष तौर पर मंत्रियों से लेकर आम लोगों तक से सामंजस्य बैठाकर काम करना होगा। आयुक्त यादव ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनसंपर्क संचालनालय में



अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जनसंपर्क की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की।






### 11 हजार धर्माचार्यों के माध्यम से देश के सभी राज्यों में इस आयोजन की तैयारियां

# तवांग से लेकर कच्छ और कश्मीर से कन्याकुमारी तक जलेगी श्रीराम ज्योति

**आज से 21 दिन तक लगातार कवरेज**

हर घर में कम से कम एक दीपक जलाने के लिए तैयारियां

सोमवार से ही विश्व हिंदू परिषद का 'अक्षत अभियान' शुरू




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद देश में 22 जनवरी को एक बार फिर से 'दीपावली' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए बाकायदा देश के अलग-अलग धार्मिक संगठनों ▶▶ शेष पेज 2 पर



### देश के अलग-अलग हिस्सों में यात्राएं लगातार निकाली जा रहीं

विहिप के संगठन से जुड़े ग्यारह हजार आचार्य अलग-अलग मंदिर, प्रतिष्ठानों और सामाजिक संगठन के सहयोग से हर घर में कम से कम एक दीप जलाने के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। हाल में ही राजस्थान से श्रीराम ज्योति यात्रा अयोध्या पहुंची। जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरीके की यात्राएं लगातार निकाली जा रही हैं। गुड़गांव में रविवार को निकाली गई श्रीराम ज्योति यात्रा के समन्वयक ▶▶ शेष पेज 2 पर

राम मंदिर को लेकर भाजपा ने आज बुलाई बड़ी बैठक

### जेपी नड्डा और अमित शाह भी रहेंगे मौजूद

राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने मंगलवार को एक बड़ी बैठक करने जा रही है। इस बैठक में हर प्रदेश से पार्टी के दो पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह भी इस मीटिंग में शिरकत करेंगे। यह मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे शुरू होगी।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैज्ञानिकों को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव वर्ष के प्रथम दिन इसरो द्वारा श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग पर इसरो के सभी वैज्ञानिकों और देशवासियों को बधाई दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि नूतन वर्ष का श्री गणेश अत्यन्त गौरवमयी क्षण के साथ हुआ है। यह सैटेलाइट अंतरिक्ष में होने वाले रेडिएशन का अध्ययन करेगा।

## कर्मचारी मंच ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने वर्ष 2024 के प्रथम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर नव वर्ष की शुभकामना देकर कर्मचारियों की प्रमुख मांगों से अवगत कराया है तथा पत्र में मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों की लंबित मांगों को मंजूर करके कर्मचारियों को नववर्ष में सौगात दी जाए। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि प्रदेश के 7:30 लाख कर्मचारियों का जुलाई 2023 से चार प्रतिशत महंगाई भत्ता लंबित है स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ देने की मांग सरकार में विचाराधीन है अनुकंपा नियुक्ति का सलीकरण एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का नियमित कारण ग्रेजुटी राशि में वृद्धि तथा अनुकंपा अनुदान में वृद्धि की प्रमुख मांग भी सरकार ने अब तक मंजूर नहीं करी है जिस कारण कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

## गुना एसपी बने संजीव कुमार सिन्हा

**भोपाल।** गुना जिले में डंपर से टकराने के बाद बस में आग लगने से 12 लोगों के जिंदा जलने सहित 13 की मौत के बाद मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक विजय खत्री समेत कई अधिकारियों को हटा दिया था। अब प्रदेश सरकार ने डिंडौरी जिले के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा को गुना का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। इसके गृह विभाग ने आदेश भी जारी कर दिए हैं।

# चार मंत्रियों ने संभाला कार्यभार, सभी ने अपनी प्राथमिकता बताई



**काम की शुरुआत**

मंत्री पटेल, सिंह काश्यप, सिलावट और प्रतिमा ने संभाला कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मंत्रिमंडल के विभाग बंटवारे के बाद सोमवार को चार मंत्रियों ने अपना कार्यभार संभाल लिया। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय वल्लभ भवन एनेक्सी 3 के कक्ष क्रमांक 216 ई, में कार्यभार ग्रहण किया।



काश्यप ने किया पदभार ग्रहण

**मोदी की गारंटी के अनुसार करेंगे कामः बागड़ी**



इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल, एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप, तुलसी सिलावट व राज्य मंत्री प्रतिमा बागड़ी ने मंत्रालय में अवंटित कक्षों में कार्यभार संभाला। बागड़ी ने कहा कि मोदी की गारंटी हम सभी के लिए सर्वोपरि है। उसी अनुसार काम करना है। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मंत्री काश्यप ने सोमवार को मंत्रालय में विधि विधान से पूजन कर विभाग में पदभार ग्रहण किया।

*ग्रामीण विकास और श्रम विभाग की समीक्षा की*

# रोडमैप तैयार कर 100 दिन में हासिल करें लक्ष्यः पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने विभागीय समीक्षा करते हुए रोडमैप तैयार कर 100 दिन में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए है। मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासी महान्याय अभियान को और गति दी जाएगी।

पटेल ने सोमवार को मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय समीक्षा की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह भी मौजूद थी। मंत्री पटेल ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

**लेबर केस 100 दिन में पोर्टल पर अंकित होंगे**

मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश की सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के लोगों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। शौचालय बनाने के लिए अलग से राशि मिलेगी। मनरेगा में निर्माण संबंधी मजदूरी भी मिलेगी। श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री पटेल ने लेबर केसेस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर सभी प्रकरणों को 100 दिनों में दर्ज कराने के भी निर्देश दिए।

**विशेष पिछड़ी जातियों की 100 की आबादी पर सड़क बनेगी**

मंत्री पटेल ने रोडमैप तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के लोगों की 100 मकान की आबादी होने पर भी सड़क निर्माण का कार्य सुनिश्चित कराएं। मंत्री पटेल ने जल्द ही पदनाम परिवर्तित कर जल्द ही रिक्त पदों की पूर्ति करने के लिए कहा। बैठक में स्पष्ट किया कि श्रम कानूनों को बेहतर बनाने के कार्य करेंगे। जो लक्ष्य तय किए है, उन्हें 100 दिन के पहले हासिल करेंगे।

*सीएम डॉ. मोहन यादव ने खरगोन में 182 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का*

# जनकल्याण और विकास की योजनाएं बंद नहीं होंगी, आवश्यक धनराशि का प्रबंध किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज यह भी साफ कर दिया कि प्रदेश में चल रही जनकल्याण और विकास की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन निरंतर जारी रहेगा। कोई भी योजना बंद नहीं होगी। आवश्यक धनराशि का प्रबंध कर सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं को लेकर किसी को कोई शंका करने की जरूरत नहीं है। सभी योजनाओं को संचालित किया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने खरगोन में 182 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का बटन दबाकर शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को खरगोन के नवग्रह मेला ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने नवग्रह मेले का पूजन-अर्चन कर शुभारंभ भी किया।

*खरगोनवासियों ने रोड शो में उत्साह के साथ ढोल-ढमाके, जनजातीय नृत्य और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रोड शो में महिला, युवा, बुजुर्ग बड़ी संख्या में सहभागी थे।*

शासकीय गतिविधियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

सीएम ने 132 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे नवग्रह मेले का पूजन-अर्चन कर शुभारंभ भी किया



**रोड शो में बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं, युवा और बुजुर्ग**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रोड शो में सम्मिलित होते हुए नवग्रह मेला ग्राउंड पहुंचे। खरगोनवासियों ने रोड शो में उत्साह के साथ ढोल-ढमाके, जनजातीय नृत्य और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रोड शो में महिला, युवा, बुजुर्ग बड़ी संख्या में सहभागी थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों एवं संस्थाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। रोड शो के बीच एक बालिका ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक किया।

**नवग्रह मेला क्षेत्र के विकास के लिए 25 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए**

डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। दक्षिण से आने वाले रेल मार्ग को निमाड़ क्षेत्र से ले जाने के लिए नया ट्रैक विकसित करने के प्रस्ताव पर रेल मंत्री से चर्चा हुई है। इस क्षेत्र में विकसित हो रहे फोर लेन से विकास के द्वार खुलेंगे। डॉ. यादव ने नवग्रह मेला क्षेत्र के विकास के लिए 25 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए गए हैं।

**प्रदेश से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत-वंदन किया जाएगा**

डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र की लड़ाई में मालवा-निमाड़ के क्रांतिकारियों का अमूल्य योगदान रहा है। टंट्या मामा और चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान से ही स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त हुआ। लोकतांत्रिक व्यवस्था ने गरीब परिस्थिति के प्रतिभावान व्यक्तियों को देश की बागडोर संभालने का अवसर प्रदान किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना देकर देश के विकास को गति प्रदान की। अब देश नई व्यवस्था से जुड़ने जा रहा है। राजा के रूप में जनसेवक और आदर्श पुत्र के प्रतिमान भगवान श्रीराम 22 जनवरी को अयोध्या में विराजेंगे, इस अद्भुत और अविस्मरणीय पल का संपूर्ण विश्व साक्षी होगा। मध्यप्रदेश से जिन-जिन मार्गों से श्रद्धालु अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे, उन सभी मार्गों पर फूल बिछाकर श्रद्धालुओं का स्वागत-वंदन किया जाएगा।

# जीतू की टीम में भर्ती होंगे नए चेहरे, फ्रंट पर खड़े नजर आएंगे गोर्की, गौरव और कुणाल

*लोस चुनाव के पहले जनवरी में ही टीम बनाने की चुनौती, बुजुर्गों से पटवारी लेंगे मार्गदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में प्रदेश नेतृत्व की कमान जीतू पटवारी को मिलने के बाद अब उनकी टीम को लेकर चर्चा हैं। उनकी टीम में बिलकुल नए चेहरों के सामने आने की संभावना है और इनमें वे चेहरे होने की संभावना जताई जा रही है जो युवा के साथ तकनीकी समृद्ध होंगे।अब प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी नई टीम बनाने के लिए कवायद कर रहे हैं और उनका कहना है कि जल्द ही पूरी पीसीसी बदली हुई नजर आएगी।

बता दें कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार मिलने के बाद बुजुर्ग नेताओं को मुख्य धारा से अलग करते हुए कांग्रेस हाईकमान ने युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति अपनाई है। इसके तहत पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को कमान सौंपी तो नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूर्व मंत्री उमंग सिंगार को कमान दी गई है। उनके साथ विधानसभा में उप नेता की जिम्मेदारी भी अपने पिता से सरकार को सदन के भीतर घेरने की बारीकियां सीख चुके दो बार के विधायक हेमंत कटारे को हाईकमान ने आगे बढ़ाया है।

**पटवारी की टीम में तकनीक, हुनरमंद युवा**

*बताया जा रहा है कि जीतू पटवारी अपने जैसे ऊर्जावान युवाओं की टीम को लेकर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी करेंगे और इसके बाद प्रदेश में टीम के साथ मिलकर भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। इसके लिए उनकी टीम में तकनीक के जानकारों के साथ संगठन को चलाने वाले हुनरमंद युवाओं की टीम नजर आएगी। कहा जा रहा है कि पूर्व सांसद स्व. बालकवि बैरागी के पुत्र गोर्की बैरागी की पटवारी की टीम में महत्वपूर्ण भूमिका दिखाई देगी। वे कंप्यूटर की तकनीक में पारंगत हैं और उनके इस अनुभव को पटवारी लोकसभा चुनाव में विशेष तौर पर लाभ लेंगे। उन्हें संगठन प्रभारी जैसे किसी महत्वपूर्ण पद पर पीसीसी में लाया जा सकता है। इसी तरह अरुण यादव की टीम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके गौरव रघुवंशी को भी पटवारी की टीम में अहम भूमिका में देखा जा सका है। पटवारी के विश्वस्थ साथियों में शामिल पूर्व विधायक और युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुनाल चौधरी भी पीसीसी की नई टीम में प्रमुख भूमिका में दिखाई।*

# परिवहन आयुक्त के पद से हटे स्पेशल डीजी झा को ट्रेनिंग में भेजा, श्रीवास्तव बने एडीजी एसटीएफ

## शमी को चयन और भर्ती के साथ पीटीआरआई का दिया प्रभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुना हादसे के बाद परिवहन आयुक्त संजय झा को सरकार ने हटा दिया था। उन्हें पुलिस मुख्यालय में स्पेशल डीजी बनाया था। अब संजय झा को ट्रेनिंग शाखा में स्पेशल डीजी बनाकर भेज दिया गया है। यानी 5 दिन के अंदर ही संजय झा को पुलिस मुख्यालय में काम सरकार की तरफ से मिल गया है। दिल्ली से प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद एडीजी पंकज कुमार श्रीवास्तव को भी एसटीएफ की जिम्मेदारी दे दी गई है।

**एडीजी देशमुख को टेलीकाम की अतिरिक्त जिम्मेदारी**

एडीजी संजीव शमी को चयन और भर्ती शाखा के साथ पीटीआरआई जिम्मेदारी दी गई है। साइबर सेल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख को दूरसंचार पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। माना जा रहा है कि हाल में ही प्रमोट हुए दो एडीजी राकेश कुमार गुप्ता और दीपिका सूरी को भी पुलिस मुख्यालय में किसी शाखा में पदस्थ किया जा सकता है। हालांकि अभी तक आदेश जारी नहीं किया गया है। वहीं पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईजी और डीआईजी की फील्ड पोस्टिंग के भी जल्द से जल्द आदेश गृह विभाग जारी करेगा। इस संबंध में डीजीपी सुधीर सक्सेना ने गृह विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की है। जल्द ही गृह विभाग पोस्टिंग के संबंध में आदेश जारी करेगा

**कर्मचारी चयन बोर्ड में परीक्षा भर्ती विवाद बना कारण**

# वर्दी की भर्ती के लिए पीएचक्यू को सौंपा जिम्मा, बोर्ड बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में अब 'वर्दी' वाली सभी भर्तियां पुलिस मुख्यालय की ओर से बनाए जा रहे बोर्ड के जरिए होंगी। कर्मचारी चयन मंडल की भर्ती परीक्षाओं में होने वाले विवादों को देखते हुए यह बदलाव किया जा रहा है। इसमें पुलिस, वन, आबकारी में आरक्षक, जेल प्रहरियों की भर्ती अब कर्मचारी चयन मंडल से नहीं होगी। यह फैसला शासन स्तर पर हो गया है। इन भर्तियों के लिए नया बोर्ड बनाया जा रहा है जो सभी वर्दी वाले आरक्षक और प्रहरियों की भर्ती परीक्षा का आयोजन करेगा।

**बोर्ड बनाने का काम शुरू**

सूत्रों की मानें तो इस बोर्ड को बनाने का जिम्मा पुलिस मुख्यालय को दिया गया है। इस पर काम भी शुरू हो चुका है। पुलिस मुख्यालय के आला अफसर इस बोर्ड को बनाने के काम में जुटने वाले हैं। अफसरों को यह संदेश भी मिला है कि पुलिस के साथ ही यह बोर्ड वनरक्षक, जेल प्रहरी और आबकारी आरक्षक की भी भर्ती करेगा। इस बोर्ड का स्वरूप क्या होगा किस-किस रैंकिंग के पद इसमें शामिल होंगे लिखित परीक्षा के लिए पेपर कैसे और कौन बनाएगा इस सब पर अभी काम होना है।

## कैबिनेट की बैठक 3 जनवरी को जबलपुर में होगी

**भोपाल।** मप्र कैबिनेट की बैठक 3 जनवरी को जबलपुर में होने जा रही है। इस बैठक की सूचना सभी मंत्रियों को दी जा रही है। कैबिनेट का एजेंडा मंगलवार को मंत्रियों के पास भेजा जाएगा। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में ही सदन गैरीसन ग्राउंड में एक सभा को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारियां की जा रही है। कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मंजूरी मिलने के आसार हैं। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक भोपाल में ही करने के बजाय अलग-अलग शहरों में करना चाहते हैं, ताकि वहां की मूलभूत समस्याओं की जानकारी मिल और उसे हल किया जा सके।

# सियासतनामा



## यह मोहन का शासन

लगभग 18 साल के भाजपा शासनकाल में पहले भी गुना बस दुर्घटना जैसे दिल दहलाने वाले हादसे हुए हैं। अधिकांश समय शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री रहे, लेकिन गुना हादसे के बाद पहली बार लगा कि अब प्रदेश में शिवराज नहीं, मोहन का शासन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिस तरह हादसे के लिए जवाबदार अफसरों पर कार्रवाई की, वह मिसाल बन गई। अब समय आ गया है कि ऐसी दुर्घटनाओं पर अफसर या तो खुद नैतिक जवाबदारी लें, वर्ना उन्हें उसी तरह पद से हटा देना चाहिए, जैसा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया। इसका मतलब यह कतई नहीं कि ऐसी दुर्घटनाओं पर शिवराज सिंह संवेदना व्यक्त नहीं करते थे। लेकिन उन्होंने डॉ. यादव जैसी कार्रवाई कभी नहीं की।

## वल्लभ भवन की 'नई एनेक्सी' पर यह चर्चा

सरकार में बदलाव के साथ वल्लभ भवन में तैयार 'नई एनेक्सी' को लेकर अलग तरह की बहस छिड़ गई है। पांच साल पहले जब से इसका उद्घाटन हुआ, तब से कोई मुख्यमंत्री यहां स्थाई होकर बैठ नहीं पा रहा है। इसे तैयार कराया था पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने, लेकिन 2018 के चुनाव बाद भाजपा हार गई और कांग्रेस सत्ता में आ गई। कांग्रेस सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 17 दिसंबर 2018 को इसका उद्घाटन किया लेकिन वे यहां डेढ़ साल भी नहीं बैठ सके। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान 23 मार्च 2020 को मुख्यमंत्री बने और लगभग साढ़े तीन साल यहां बैठकर सरकार चलाई। 2023 के चुनाव बाद भाजपा सत्ता में फिर आई। इस नई एनेक्सी में पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बैठ चुके है।

## क्या सच में तय होने के बाद कट गया इनका पत्ता?

शपथ से पहले जब संभावित मंत्रियों के नामों की चर्चा चल रही थी, तब ही यह खबर चल पड़ी थी कि अभी नाम काटने-जोड़ने का काम चल रहा है। इसलिए सूची जारी होने में विलंब हो रहा है। अब कहा जा रहा है कि सूची में निमाड़ से अर्चना चिटनीस का नाम था, लेकिन ऐनवक्त पर काट कर उनके स्थान पर विजय शाह जोड़ दिए गए। इसी तरह संजय पाठक का नाम लगाचार चर्चा में था लेकिन वे मंत्री नहीं बन सके। गोपाल भार्गव के नाम को लेकर कोई आशंका ही नहीं थी। सब मानकर चल रहे थे कि वे मंत्री बन रहे हैं, लेकिन रह गए। सिंधिया कैंप से खबर है कि पहले प्रभुराम चौधरी का नाम फाइनल था। तब तक गोपाल भार्गव ही सागर से सूची में शामिल थे। लेकिन प्रभुराम के विरोध के चलते जैसे ही उनका नाम काट कर गोविंद सिंह राजपूत का नाम जुड़ा, गोपाल भार्गव का पत्ता कट गया।

## लोकसभा चुनाव में भी चौंका सकती है भाजपा

खबर है कि कई राज्य सभा सदस्यों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है। इसके लिए उनका इस्तीफा भी लिया जा सकता है। वे जीत गए तो ठीक, हारें तो भी उनके स्थान पर किसी और नेता को राज्यसभा भेजा जा सकता है। मंत्री बनने से वंचित गोपाल भार्गव जैसे कुछ विधायकों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस संदर्भ में नवगठित मंत्रिमंडल, भाजपा पदाधिकारियों और विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों की बैठक में रणनीति बनाई जा चुकी है।

## चर्चा में शिवराज, गोपाल और नरोत्तम

शिवराज सिंह ने चर्चा में बने रहने के लिए अपने नए बंगले में जनता दरबार शुरू कर दिया है। वे अब भी हारी बाजी जीतने की कोशिश में हैं। गोपाल भार्गव मंत्री न बनने पर अपने ढंग से भावुक टिप्पणी लिखकर चर्चा में आए। इसके बाद गढ़ाकोटा चले गए और अपनी स्टाइल में उसी तरह कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, जैसे मंत्री रहते हुआ करते थे। तीसरे नरोत्तम मिश्रा, थे मुख्यमंत्री पद के दावेदरार लेकिन विधानसभा का चुनाव ही हार गए। लिहाजा वे मंत्री नहीं बन सके लेकिन उनके संपर्कों में कोई कमी नहीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल सहित शायद ही कोई मंत्री हो, जो उनसे सौजन्य भेंट करने उनके बंगले नहीं जा रहा।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

## कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह बोले- पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह को निष्कासित किया जाए

**भोपाल।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रांतीय महासचिव तथा पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष पूर्व डिप्टी कलेक्टर महेंद्र सिंह ने मांग की है कि पूर्व सांसद एवं कांग्रेस पार्टी के नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा है कि राहुल गांधी एक सांसद हैं उन्हें बहुत ज्यादा तवज्जो नहीं दी जानी चाहिए। राहुल गांधी को मैं तो बड़ा नेता नहीं मानता आप भी मत मानिए। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति जन्म से बड़ा नहीं हो जाता अपने कर्मों से होता है। आज कांग्रेस मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के नेतृत्व में दक्षिणपंथी अधिनायक वादी मानसिकता की सरकार से एक निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। राहुल गांधी ने कई हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की, जिससे करोड़ों लोगों में इस फासीवादी मानसिकता की सरकार से लड़ने का हौसला बढ़ा। कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ तथा कांग्रेस की जनमानस में स्वीकार्यता बढ़ी। ऐसे अवसर पर इन संघर्षों में सहयोग के बजाय श्री लक्ष्मण सिंह का यह बयान राहुल गांधी के संघर्ष को नकारने तथा राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि को पार्टी कार्य कर्ताओं और जनता के बीच धूमिल करने का गर्हित प्रयास तथा घोर अनुशासन हीनता है। महेंद्र सिंह ने जीतू पटवारी प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखकर मांग की है कि लक्षण सिंह के इस बयान पर शीघ्र संज्ञान लेकर उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते उन्हें पार्टी से निष्कासित किया जाए।

# गृह विभाग की हाईलेवल बैठकः शासकीय वेबसाइटों व पोर्टल पर साइबर अटैक को रोकना बना चुनौती

**एसीएस होम की अध्यक्षता में कई विभागों के अफसरों को मौजूद रहने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन विभाग के ई-नगर पालिका, एनएचएम की वेबसाइट समेत कई सरकारी वेबसाइट-पोर्टल पर सायबर अटैक ने सरकार की मुसीबत बढ़ा दी है। सिक्योरिटी टूल, फायर वॉल होने के बावजूद साइबर अटैक को रोकना चुनौती बन गया है। अब हमलों को रोकने के उपाय पर चर्चा करने के लिए गृह विभाग ने मंगलवार को मंत्रालय में बैठक बुलाई है। यह बैठक गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी। बैठक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव और आयुक्त, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, इंटेलीजेंस के अति पुलिस महानिदेशक, एमपीएसईडीसी स्टेट आईटी सेंटर के प्रबंध संचालक, एनआईसी के राज्य सूचना अधिकारी और स्टेट सीएसआईआरटी भोपाल के संचालक शामिल होंगे।

**ननि की सेवाएं बहाल होने में लगेगा समय**

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के ई नगर पालिका सॉफ्टवेयर पर सायबर अटैक होने के बाद सेवाएं अब तक बहाल नहीं हो पाई है। भोपाल को छोड़ 412 नगरीय निकाय में नागरिक सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। निगम के अधिकारियों ने बताया कि साइबर अटैक के बाद डाटा पूरी तरह रिकवर कर लिया गया है। जिसे डाउनलोड कर एप्लीकेशन में अपलोड किया जा रहा है। पूरी तरह से सेवाएं बहाल होने में अभी एक सप्ताह का समय लग सकता है। इसमें प्रॉपर्टी टैक्स और पानी के बिल की ऑनलाइन सेवाएं शुरू होने में सबसे ज्यादा समय लगेगा। इसका डॉटा बड़ा है। एक दो दिन में मैरिज सर्टिफिकेट, ट्रेड लाइसेंस समेत अन्य सिटीजन सेवाएं शुरू हो सकती हैं। इसके बाद निकाय के ऑनलाइन बिल जैसी सेवाएं शुरू होंगी।*

**बैठक का एजेंडा मालवेयर अटैक से बचने के लिए उठाए जाएंगे कदम**

बैठक में सायबर अटैक की घटनाओं, सायबर अटैक के प्रकार/ प्रकृति तथा रोकथाम के उपाए, नगरीय विकास वेबसाइट पर मालवेयर अटैक, राज्य स्तर पर गठित की जा रही है। स्टेट सीएसआईआरटी की यथास्थिति, राज्य शासन के सभी विभागों एवं अधीन संचालित विभागाध्यक्ष कार्यालयों में सीआईएसओ (चीफ इंफर्मेशन सिक्योरिटी ऑफिसर) की नियुक्ति, विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजना अंतर्गत संचालित वेबसाईट/ पोर्टलों के डोमेन-नेम पंजीकरण/ साइबर सिक्योरिटी ऑडिट की प्रक्रिया तथा यथास्थिति, साइबर अटैक की स्थिति तथा साइबर अटैक के बाद उठाए जाने वाले कदम, विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजना अंतर्गत संचालित वेबसाइट/ पोर्टलों, नेटवर्क, हार्डवेयर इक्वीपमेंट स्तर पायी जाने वाली सामान्य कमियों की स्थिति तथा विश्लेषण।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# अंधेरे में डूबे 34 हजार घर, 51 हजार लोगों ने घर छोड़ा, अब सुनामी का खतरा

## जापान में 90 मिनट में भूकंप के 21 झटके

पहले भीषण भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.6 मापी गई, वहीं इसके बाद एक और तेज भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 5.0 थी

फुकुई प्रांत में कंसाई इलेक्ट्रिक पावर के ओही और ताकाहामा न्यूक्लियर पावर प्लांट के पांच एक्टिव रिएक्टर फिलहाल बंद किए गए

### भारतीय दूतावास ने जारी किए इमरजेंसी नंबर

जापान में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए इमरजेंसी नंबर जारी किए हैं। दूतावास की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार एंबेसी ने भूकंप के बाद एक कंट्रोल रूम बनाया है। जापान में मौजूद भारतीय नागरिक नीचे दिए गए नंबरों के जरिए दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। +81-80-3930-1715 ( याकूब टोपनो) +81-70-1492-0049 (अजय सेठी) +81-80-3214-4734 (डी.एन. बरनवाल) +81-80-6229-5382 (एस. भट्टाचार्य) +81-80-3214-4722 (विवेक राठी)

भूकंप के बाद वहां समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें भी उठती दिखी। इसके साथ ही प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने उत्तर कोरिया और रूस के सुदूर पूर्व के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। जापान में 7 से ज्यादा तीव्रता का भूकंप आने पर देश में सुनामी जारी की जाती है।



एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान में सोमवार शाम को 90 मिनट के अंदर रिक्टर स्केल पर 4.0 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए। पहले भीषण भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.6 मापी गई, वहीं इसके बाद एक और तेज़ भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 5.0 थी। समुद्र में ऊंची लहरें उठने के बाद देश के उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है और लोगों को यहां से बाहर निकाला जा रहा है। ▶▶ शेष पेज 2 पर

## पीएम किशिदा ने कहा- सुनामी की आशंका वाले इलाकों से लोग बाहर निकलें

**सुनामी रि-कॉल**

11 मार्च, 2011 को जापान के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक बड़ा भूकंप और सुनामी आई थी। इस त्रासदी में लगभग 20,000 लोग मारे गए थे।



दक्षिण कोरिया के मौसम विज्ञान ने सोमवार को कहा कि जापान में आए भूकंप के बाद पूर्वी तट पर गैंगवोन प्रांत के कुछ हिस्सों में समुद्र का जल स्तर बढ़ सकता है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि अधिकारी भूकंप से हुए नुकसान आकलन कर रहे हैं। नागरिकों को भूकंप के और संभावित झटकों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। पीएम किशिदा ने कहा कि मैं उन क्षेत्रों के लोगों से आग्रह करता हूं जहां सुनामी आने की आशंका है, वे जल्द से जल्द इलाके से बाहर चले जाएं।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जीएसटी कलेक्शन 1.65 लाख करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** दिसंबर के जीएसटी क्लेक्शन की आंकड़े सरकार ने जारी कर दिए हैं। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.65 लाख करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में 10.28 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। दिसंबर 2022 में सरकारी खजाने में जीएसटी के जरिए 1.50 लाख करोड़ रुपए आया था। जीएसटी कलेक्शन दिसंबर के महीने में अपने सबसे कम रहा।

### अरुण की मूर्ति राम मंदिर में होगी स्थापित



**बेंगलुरु।** पीएम नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन से पहले भाजपा नेता और पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खुशी शेयर करते हुए कहा, 'मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई भगवान राम की मूर्ति को भव्य श्री राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना गया है। प्रदेश के सभी रामभक्तों के गौरव और खुशी को दोगुना कर दिया है।

### भैरूंदा में स्कॉर्पियो पलटी, दो की मौके



**सीहोर।** सोमवार तड़के जिले के भेरूंदा क्षेत्र में स्कॉर्पियो गाड़ी अचानक पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक थी कि गाड़ी पलटने के बाद लगभग 200 मीटर तक सड़क पर घिसटती गई। हादसा इतना भयानक था कि चार पहिया वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन में बैठे दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

श्रद्धा का सैलाब : 16 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान, वीआईपी दर्शन बंद

# उज्जैन और काशी में 10 लाख से ज्यादा लोगों ने किए 'दर्शन'



*नव वर्ष के पहले दिन सोमवार सुबह 4 बजे महाकाल मंदिर के कपाट खोले गए। सुबह 4 से 6 बजे तक लगभग 45 हजार श्रद्धालुओं ने चलित भस्म आरती और बाबा के दिव्य दर्शन किए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/वाराणसी

नए साल के पहले दिन उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महाकालेश्वर मंदिर प्रशासन के मुताबिक सोमवार रात 10 बजे तक 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। इससे पहले 2016 में सिंहस्थ के शाही स्नान के पहले दिन उज्जैन में 6 लाख श्रद्धालु आए थे। नव वर्ष के पहले दिन सोमवार सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खोले गए।

सुबह 4 से 6 बजे तक लगभग 45 हजार श्रद्धालुओं ने चलित भस्म आरती और बाबा के दिव्य दर्शन किए। लोगों ने महाकालेश्वर का आशीर्वाद लेकर नए साल की शुरुआत की और सफलता, सुख शांति की प्रार्थना की। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के चारों ओर भक्तों की 2-2 किलोमीटर लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। यह स्थिति 30 दिसंबर की शाम से ही बनी थी। लोगों की भीड़ को देखते हुए मंदिर कॉरिडोर में चारों ओर से प्रवेश दिया जा रहा है।

**श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के चारों ओर 2 किमी लंबी कतारें लगी रहीं**

उज्जैन में सिंहस्थ से ज्यादा भीड़... रात 10 बजे तक 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए



### दो दिन में 12 लाख श्रद्धालु करेंगे महाकाल के दर्शन




उज्जैन में होटल, होम स्टे, धर्मशाला, टैक्सी की बुकिंग फुल हो चुकी है। मंदिर समिति का दावा है कि 40 मिनट में भक्तों को दर्शन कराए जा रहे हैं। इस बार श्रद्धालु महाकाल दर्शन के बाद सीधे महाकाल लोक जा रहे हैं। पहले श्रद्धालुओं को लंबा चक्कर लगाकर मेन गेट से महाकाल लोक आना पड़ता था। हालांकि, सोमवार को शीघ्र दर्शन सुविधा बंद रही। मंदिर समिति का दावा है कि दो दिन में महाकाल लोक में 12 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। प्रशासन ने क्राउड मैनेजमेंट को लेकर तैयारी की है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में नव वर्ष पर सावन वाली व्यवस्था

विश्वनाथ मंदिर मंदिर प्रशासन के अनुसार नए वर्ष पर सावन वाली व्यवस्था लागू की गई है। मंदिर में बाबा विश्वनाथ का प्रोटोकॉल, टिकट और वीआईपी दर्शन बंद कर दिया गया है। प्रोटोकॉल और रुद्राभिषेक पर भी रोक लगा दी गई है। आम भक्तों को ही दर्शन दिया जा रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण होने के बाद कुल 13 करोड़ शिवभक्तों ने दर्शन-पूजन किया है। इससे पहले 2 साल में 2 करोड़ से ज्यादा भक्त नहीं होते थे। 13 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कॉरिडोर का लोकार्पण करने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ 10 गुना ज्यादा हो गई।

108 स्थानों पर हुआ आयोजन



## गिनीज बुक में दर्ज हो गया गुजरात का सूर्य नमस्कार

» पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने की सराहना

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नए साल पर गुजरात ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। गुजरात के मोढेरा सूर्य मंदिर में सुबह के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष संघवी ने भी भाग लिया।

इस मौके पर 4,000 से अधिक लोगों ने सूर्य नमस्कार किया। सबसे दिलचस्प बात ये है कि नए साल के सूर्योदय के साथ ही राज्य ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा लिया है। यह कार्यक्रम मोढेरा में स्थित सूर्य मंदिर में सोमवार सुबह हुआ। लोगों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्र्स के निरीक्षक स्वप्निल डांगरीकर भी पहुंचे थे। यहां वह सूर्य नमस्कार करने वाले सबसे अधिक लोगों के रिकॉर्ड को सत्यापित करने के पहुंचे थे। इस सफल आयोजन को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सराहना की।

ड्रेस कोड लागू, पहननी पड़ेगी धोती



## स्कर्ट-स्लीवलेस-टॉर्न जींस में जगन्नाथ मंदिर में नो 'एंट्री'

एजेंसी ▶▶ ओडिशा

नए साल की शुरुआत के साथ श्री जगन्नाथ मंदिर के कपाट खुल गए हैं। मंदिर प्रशासन की ओर से प्रवेश के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए सोमवार से ड्रेस कोड भी अनिवार्य कर दिया है। नए आदेशों के मुताब कि अब 12वीं सदी के इस मंदिर के परिसर में गुटखा और पान खाने से लेकर प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। भक्तों को मंदिर में प्रवेश करने के लिए सभ्य कपड़े पहनने होंगे। मंदिर में ▶▶ शेष पेज 2 पर

■ ड्रेस कोड के उल्लंघन पर जुर्माना लगेगा

### धोती और तौलिया पहन दर्शन करने पहुंचे पुरुष भक्त

नए साल के पहले दिन ही नियम लागू होने के साथ ही 2024 के पहले दिन मंदिर में भगवान के दर्शनार्थ आने वाले पुरुष भक्तों को धोती और तौलिया पहने देखा गया और महिलाएं साड़ी या सलवार कमीज पहने हुए थीं। पहले दिन ही भगवान के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ को उमड़ते देखा गया।

अयोध्या के फैसले को लेकर सीजेआई बोले

## संघर्ष के लंबे इतिहास को देखते हुए फैसले पर एक राय बनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि अयोध्या केस का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया था। उन्होंने कहा- अयोध्या में संघर्ष के लंबे इतिहास और विविध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही इस केस से जुड़े सभी जजों ने फैसले पर एक राय बनाई।

नवंबर 2019 में अयोध्या रामजन्मभूमि केस में फैसला लिखने वाले जज का नाम सामने नहीं आया था। सीजेआई ने इसी पर कहा कि फैसले से पहले जजों ने आपस में बैठकर यह तय किया था कि ये अदालत का फैसला होगा, किसी जज विशेष का नहीं। सीजेआई ने एक इंटरव्यू में सेम सेक्स मैरिज पर दिए फैसले को लेकर भी बात की। सीजेआई ने बताया कि फैसले के बाद जो भी नतीजे आए, उन पर कोई पछतावा नहीं है। वे उस फैसले की खूबियों ▶▶ शेष पेज 2 पर



**भरोसा बढ़े, इसलिए कई बदलाव किए**

ज्यूडीशियरी पर भरोसा बढ़े, इसलिए कई बदलाव किए गए। कॉन्सटिट्यूशनल बेंच में होने वाले मामलों की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग शामिल है।

इसरो ने रच दिया इतिहास

## ब्लैक होल का अध्ययन करने के लिए भेजा गया सैटेलाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसरो ने नए साल पर नया इतिहास रच दिया है। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने साल के अपने पहले अंतरिक्ष मिशन में एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट को लॉन्च कर दिया है।

इस मिशन के माध्यम से अमेरिका के बाद भारत ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए एक विशेष सैटेलाइट भेजने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया। यह मिशन करीब पांच साल का होने वाला है। इसरो के चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन के बाद यह देश का अंतरिक्ष अन्वेषण की दिशा में एक नया ऐतिहासिक कदम होगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर लिखा-मिशन का सफल प्रक्षेपण। ऐसे समय में अंतरिक्ष विभाग ▶▶ शेष पेज 2 पर



**पांच वर्ष का जीवनकाल**

इस मिशन का जीवनकाल करीब पांच वर्ष का होगा। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान अपने 60वें अभियान पर प्रमुख पेलोड को लेकर पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित किया।

जमीन विवाद से रिश्तों का कत्ल

## महिला ने उज्जैन में पति और जेठ को गोली से उड़ा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महिला ने अपने पति और जेठ की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद देसी कट्टा हाथ में लेकर पैदल चलते हुए थाने पहुंची और सरेंडर कर दिया। घटना की वजह पारिवारिक विवाद मानी जा रही है। घटना सोमवार सुबह उज्जैन जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर इंगोरिया की है। जिस जगह ये घटना हुई वहां से इंगोरिया थाने की दूरी महज 200 मीटर है। पुलिस ने हर एंगल से जांच शुरू कर दी है।

सोमवार की सुबह जेठ धीरज पूजा करने के लिए घर के आंगन में आया था। उसी समय आरोपी महिला सविता घर से निकली और जेठ धीरज पर दो गोलियां चलाईं। पहली गोली उसके सिर और दूसरी गोली उसके कंधे पर लगी। इसके बाद सविता घर के अंदर गई और सो रहे पति राधेश्याम की कनपटी पर गोली मार दी। फायरिंग की आवाज सुनकर धीरज ▶▶ शेष पेज 2 पर



**आंगनबाड़ी में काम करती है**

आरोपी सविता का पति राधेश्याम शराब पीने का आदी था। उसका अपने भाई धीरज से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी सविता आंगनवाड़ी में काम करती है।

## मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता

# मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने आरसीसी को हराकर किया खिताब पर कब्ज़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मशरूम वर्ल्ड सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले मे आज रोमांचक मैच मे मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने आरसीसी को 10 रन से हरा ख़िताब पर कब्ज़ा कर लिया। आरसीसी ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर मे 7 विकेट खोकर 160 रन बनाए, जिसमें ज़ैद ने 40, प्रियांशु प्राण ने 39, प्रारब्ध मिश्रा ने 30 जबकि ओजस्व यादव और पियूष सिंह ने 12-12 रन की पारी खेली। आरसीसी के संदीप, संकेत, जामरान, ज़ीशान और मोहित झावा ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीसी की पूरी टीम 19.4 ओवर मे 150 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आयुष यादव ने शानदार 46, अभिषेक सिंह ने 28, पलाश ने 27, संस्कार ने 17 और जय देवनानी ने 15 रन की पारी खेली।




मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की तरफ से शिवांश ने 5, प्रारब्ध ने 3 और अरबाज़ ने एक विकेट लिया। इस तरह प्रतियोगिता का ख़िताब मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने आरसीसी को 10 रन से हरा कर जीत लिया। शिवांश को मेन ऑफ़ द फ़ाइनल चुना गया। पुरुस्कार वितरण बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर बीडीसीए के सह सचिव शान्ति जैन, उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, अविनाश पाठक, कोषाध्यक्ष सीएस धाकड़, सीआई हुंडई के मार्केटिंग हेड सौरभ जाट, डॉ. बृजेश श्रीवास्तव समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### इन्होंने दिखाया कमाल

सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज : अंकुश सिंह
सर्वश्रेष्ठ गेन्दबाज़ : शिवांश चतुर्वेदी
सर्वश्रेष्ठ फील्डर : आयुष यादव
सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर : प्रणव राय
मेन ऑफ़ द सीरीज : शिवांश चतुर्वेदी

### आईपीसीए ने किया फाइनल में प्रवेश



## मास्टर्स कप (वेटरन) में मुश्ताक और जामरान की घातक गेंदबाजी और परवेज का आतिशी शतक

स्पोर्ट्स क्लब ऑफ़ भोपाल द्वारा आयोजित मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स (वेटरन) कप क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच आईपीसीए और भोपाल पुलिस के मध्य खेला गया, जिसमें आईपीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 253 रन बनाए। जिसमें परवेज़ उल्ला ने शानदार शतक 107 रन, जेपी यादव ने 69 रन, अब्दुल अकील ने 29 रन, जबकि जामरान ने नाबाद 23 रनो की पारी खेली। भोपाल पुलिस की तरफ से सुशील ने दो जबकि सुनील और सोनू ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी भोपाल पुलिस की पूरी टीम 14.2 ओवर मे 50 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बिट्टू ने 14 और अम्बिया ने 10 रन बनाए। आईपीसीए की तरफ से मुश्ताक ने शानदार गेन्दबाज़ी करते हुए 7 रन देकर 3 विकेट जबकि जामरान ने 4 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि मुक्तदिर, सतीश और सरगम ने एक एक विकेट लिया। परवेज़ उल्ला को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया।

### प्रशिक्षक धर्मेश ने आशीर्वाद के साथ दिए सफलता के टिप्स

# बैडमिंटन खिलाड़ी सृष्टि गुप्ता का सरताज अकादमी में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व टूर की 3 बैडमिंटन स्पर्धाओं में खेलने वाली मप्र की पहली महिला खिलाडी इंदौर की सृष्टि गुप्ता सरताज अकादमी आई, सरताज अकादमी की पूर्व खिलाडी सृष्टि गुप्ता और सौम्या सिंह की महिला युगल में विश्व रैंकिंग 224 हो गई है। विश्व टूर की योनेक्स सनराइज ओडिशा मास्टर्स सुपर-100 बैडमिंटन स्पर्धा (कटक) के मुख्य चक्र में खेलने के बाद सृष्टि और सौम्या की विश्व रैंकिंग में 83 स्थानों का सुधार हुआ है, इससे पहले वह थाईलैंड में भी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा में खेली और सरताज अकादमी में सृष्टि का स्वागत किया गया। सृष्टि अपनी अकादमी आकर बहुत खुश थी। इस अवसर पर मिठाई वितरित की गई और अपने प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा से आशीर्वाद प्राप्त किया। सृष्टि ने सरताज बच्चों को कोच के निर्देश को मानते हुए मेहनत की, जिसमें सुबह की दौड़, व्यायाम नियमित करने का कहा। इस अवसर पर सृष्टि के पिता चिन्तन गुप्ता भी मौजूद थे। सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और राष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरीऔर प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने संचालन किया।

इसके साथ ही सरताज अकादमी की एक और पूर्व खिलाडी इंदौर की श्रियांशी परदेशी की भी महिला युगल में भारती पाल के साथ 284वीं विश्व रैंकिंग है, रेलवे की श्रियांशी की महिला एकल में 347 वीं विश्व रैंकिंग है।

## जैकेट का शेष...

### साल के पहले ...

से हाइवे रोड सहित आम रास्तों में चक्का जाम रहा है। इससे कई वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और तो आम जरूरत की चीजों के परिवहन पर असर पड़ा।

### बगैर बातचीत के...

हर व्यक्ति को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी कोई समस्या आ रही है, तो उसका हल बातचीत से निकाला जा सकता है।

### मप्र में संभाग...

के सांसद, विधायक, स्थानीय निकायों के महापौर और अध्यक्षों सहित प्रशासन और पुलिस के अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने इंदौर संभाग के लिए बनाए गए प्रभारी अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव एवं पुलिस के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद भी थे।

### हर गांव के चौराहे पर...

जिलों में साइबर थानों की स्थापना पर भी चर्चा की गई। बैठक में डीजे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग के प्रतिबंध को प्रभावी रूप से पालन कराने के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा के लिए जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्णयों की सराहना की। उन्होंने इस कार्य को आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए बेहतर कदम बताया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाकर अपने जिलों के कलेक्टरों के माध्यमों से शीघ्र भिजवाएं।

### तवांग से लेकर कच्छ...

की संयुक्त संस्थाओं की ओर से 14 जनवरी से ही हर घर को रोशन करने की व्यवस्थाएं की जाने लगी हैं। धार्मिक संगठनों की संयुक्त संस्था अखिल भारतीय सनातन महासभा ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और तवांग से लेकर कच्छ तक के मंदिरों और घरों में दीपावली मनाने की योजना बना ली हैं। संगठन के संरक्षक के मुताबिक 22 तारीख की शाम को तो श्रीराम ज्योति जलेगी ही, लेकिन उससे पहले हर घर में कम से कम एक दीपक जलाने के लिए उनकी संस्था ने काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय सनातन महासभा के संरक्षक पंडित प्रदीप तिवारी कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के साथ ही उनकी संस्था ने 11 हजार धर्माचार्यों के माध्यम से देश के सभी राज्यों में इस आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वह कहते हैं कि परशुराम कुंड से लेकर भुज के लक्ष्मी नारायण मंदिर और कश्मीर के शारदा पीठ से लेकर कन्याकुमारी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान करने वाले आचार्य के साथ इस अभियान और दीप ज्योति को हर घर तक पहुंचाने की तैयारी हुई है।

### देश के अलग...

कुलबीर यादव कहते हैं कि उनकी यात्रा पूरे हरियाणा में निकल रही है। इस यात्रा का मकसद लोगों को कम से कम 108 श्रीराम ज्योति अपने घर में 22 जनवरी को जलाने की अपील करना है। वह कहते हैं कि उनके संगठन के सदस्य तमिलनाडु में पिछले एक सप्ताह से पदयात्रा करके लोगों को दीपोत्सव की तैयारियों के लिए जाग्रत कर रहे हैं।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षो की रिसर्च 100% कारागर इलाज
सफेद दाग CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

# वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी टूर्नामेंट आज से

- रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन
- इस हॉकी के महाकुंभ में पांच राज्यों से 55 विश्वविद्यालय की टीमें प्रतिभागिता कर रहीं हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एंव खेल और युवा कल्याण विभाग मप्र ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (मेन्स) टूर्नामेंट कल 2 जनवरी से होगा। यह टूर्नामेंट 7 जनवरी तक चलेगा। इसमें पांच राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा से 55 विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी इस टूर्नामेंट का आयोजन ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम लिंक रोड नम्बर 1 एवं ऐशबाग स्टेडियम में होगा। टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में सायं 4 बजे किया जाएगा।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं कौशल के क्षेत्र के साथ साथ निरंतर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। प्रतियोगिता में भूपल नोबल्स यूनिवर्सिटी राजस्थान, देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर मराठा वाड़ा यूनिवर्सिटी छत्रपति संभाजी नगर, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी गुड़गांव महाराष्ट्र, डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, गोवा यूनिवर्सिटी गोंडवाना यूनिवर्सिटी गढ़चिरौली महाराष्ट्र गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी गोवा, गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी बांसवाड़ा राजस्थान, गुजरात यूनिवर्सिटी अहमदाबाद, हेमचंद्राचार्य नॉर्थ गुजरात यूनिवर्सिटी, आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर, जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी जोधपुर , जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) उदयपुर , जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर, कड़ी सर्वा विश्वविद्यालय गांधीनगर, कवित्री बहिणाबाई चौधरी नॉर्थ महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव महाराष्ट्र, लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर, महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी बीकानेर, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी छतरपुर, महाराजा कृष्णकुमारसिंहजी भावनगर यूनिवर्सिटी भावनगर, महाराजा सूरजमल बृज यूनिवर्सिटी भरतपुर राजस्थान, महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी अजमेर, महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी आफ बडौदा, महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ राहुरी अहमदनगर, मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार चितौड़गढ़ राजस्थान, मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर, मोनार्क यूनिवर्सिटी वहेलाल दहेगम नरोदा अहमदाबाद गुजरात, पेसिफिक एकेडमी ऑफ़ हाईयर एजूकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी उदयपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर, पारुल यूनिवर्सिटी गुजरात, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर यूनिवर्सिटी सोलापुर पुणे, रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी भोपाल, राज ऋषि भृतहरि मत्स्य यूनिवर्सिटी अलवर, राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी छिंदवाड़ा, राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी कोटा, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, आरटीएम नागपुर विद्यापीठ, संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी अमरावती, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी पुणे, शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर, श्री गोविंद गुरु यूनिवर्सिटी गोधरा गुजरात, श्री कुशल दास यूनिवर्सिटी सूरतगढ़, स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी नांदेड़, स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी देसर, सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट, यूनिवर्सिटी आफ कोटा , यूनिवर्सिटी आफ मुंबई, यूनिवर्सिटी ऑफ़ राजस्थान जयपुर, वीर नर्मद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी, विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन भाग ले रही हैं।

## पेज एक का शेष...

### अंधेरे में डूबे 34...

जापान के मौसम विभाग ने इशिकावा प्रांत के नोटो शहर में एक बड़ी सुनामी की चेतावनी जारी है, जिसमें लगभग 5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताई गई है। सिलसिलेवार भूकंपीय गतिविधियों के बाद 34,000 घरों में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई है। मध्य जापान में कई प्रमुख राजमार्ग बंद करने पड़े हैं, क्योंकि भूकंप के कारण सड़कों में बड़ी दारारें पड़ गई हैं। करीब 51 हजार लोगों से उनके घर खाली करवाए गए हैं।

**इशिकावा और निगाटा में हाई स्पीड रेल सेवाएं प्रभावित:** जापान ने इशिकावा प्रांत के लिए हाई स्पीड रेल सेवाएं निलंबित कर दी हैं। टेलीकॉम ऑपरेटर्स ने इशिकावा और निगाटा में फोन और इंटरनेट सेवाएं बाधित होने की सूचना दी है। भूकंप से राजधानी टोक्यो में भी इमारतें हिल गईं। जापानी एयरलाइन एएनए ने भूकंप के बाद टोयामा और इशिकावा हवाई अड्डों की ओर जाने वाले चार विमानों को बीच रास्ते से ही लौटा दिया। जापान एयरलाइंस ने अगले आदेश तक के लिए निगाटा और इशिकावा क्षेत्रों के लिए अपनी अधिकांश उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### संघर्ष के लंबे इतिहास...

पर टिप्पणी नहीं करेंगे, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी दर्जा देने से इनकार कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सेम सेक्स मैरिज को वैध बनाने से इनकार करने वाले 5 जजों की कॉन्सटिट्यूशनल बेंच के फैसले के बारे में सीजेआई ने कहा कि किसी मामले का नतीजा कभी भी जज के लिए निजी नहीं होता है।

### ब्लैक होल का अध्ययन...

के साथ जुड़ने पर गर्व है, जब टीम इसरो पीएम मोदी के संरक्षण से एक के बाद एक सफलता हासिल कर रही है।

### महिला ने उज्जैन में...

की पत्नी और उसका बेटा बाहर आए तो सविता ने उन पर भी फायर किए। हालांकि, वे बच गए। इधर गोली लगने के बाद पति राधेश्याम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जेठ धीरज ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### स्कर्ट-स्लीवलेस...

भगवान के दर्शनों के लिए हाफ पैंट, शॉर्ट्स, फटी जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस ड्रेस पहनकर आने वाले भक्तों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है।

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

आवश्यकता

ऑल MP CG एयरपोर्ट हेतु पक्की जॉब लड़के-लड़कियां अनपढ़/ 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं, ग्रेजुएट लोडर, हेल्पर, ड्रायवर, ग्राउंड सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रहना खाना फ्री + (कैब सुविधा) सैलरी 35,500/- से 85,500/- 9625271611 R- 01,02,03,04/01/2024

नाम परिवर्तन


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम VIDHI BHATE है। एवं मेरे पासपोर्ट में VIDHI RAJSHEKAR BHATE अंकित है। किंतु मेरा नाम परिवर्तित होकर VIDHI BHATE हो गया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे इसी नए नाम VIDHI BHATE D/O RAJSHEKHAR RTIYAMBAK BHATE से जाना व पहचाना जाए।
ADDRESS : B - 6, FORTUNE PRESTIGE, E-8 EXTENTION, ARERA COLONY, BAWADIA KALAN, BHOPAL (M.P.) – 462026

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 5382



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -5381 का हल



## सूडोकु नवताल - 5392

✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

खबर संक्षेप

### बैंकों में वापस आए 97.38 फीसदी दो हजार के नोट

**नई दिल्ली।** 19 मई 2023 को 2,000 रुपये के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा के समय प्रचलन में मौजूद 2,000 रुपए के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था, जो 29 दिसंबर, 2023 को कारोबार बंद होने के दौरान घटकर 9,330 करोड़ रुपए रह गया। इस तरह, साल का अंत होने तक 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2,000 रुपए के बैंक नोटों का कुल 97.38 फीसदी बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है। आरबीआई ने कहा है कि 2,000 रुपए के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

### भारतीय करेंसी में आई पहले कारोबारी दिन गिरावट

**नई दिल्ली।** साल 2024 का आगाज होने के साथ पहले दिन से एक नया कारोबारी हफ्ता शुरू हुआ। 1 जनवरी 2024 को डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे की गिरावट के साथ खुला है। यह गिरावट शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव और डॉलर इंडेक्स की मजबूती की वजह से आई है। फॉरेक्स ट्रेडर के अनुसार वैश्विक संकेतों के अभाव में रुपए में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। वैश्विक कच्चे तेल बाजार नए साल की छुट्टी के कारण बंद थे।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.18 पर खुली और अंत में डॉलर के मुकाबले 83.22 (अंतिम) पर बंद हुई। यह पिछले बंद से 6 पैसे कम है। बीते हफ्ते वर्ष 2023 के आखिरी कारोबारी दिन अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे मजबूत होकर 83.16 पर बंद हुआ।

### भोपाल में बिरयानी के प्रति क्रेज बरकरार

**भोपाल।** स्विगी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट हाउ इंडिया स्विगीड 2023 में खाने-पीने के मामले में भोपाल के लोगों की पसंद के बारे में बताया स्विगी इस शहर में फूड एवं क्विक कॉमर्स डिलीवरी के लिए लोगों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म है 2023 में स्विगी पर सबसे ज्यादा बिल भोपाल में खाने-पीने के एक सबसे शौकीन व्यक्ति का रहा, जिसने एक ही बार में 10,670 रुपए का ऑर्डर दिया।

स्विगी की इस रिपोर्ट में सामने आया कि भोपाल में बिरयानी सबसे ज्यादा पसंद की गई, जिसमें वेज बिरयानी और चिकन बिरयानी के ऑर्डर सबसे ज्यादा मिले। इस शहर में मसाला डोसा, वेज चीज सैंडविच, और वेज पिज्जा भी लोगों ने पसंद किए, जिससे क्षेत्रीय और वैश्विक फ्लेवर्स की और उनका रुझान प्रदर्शित होता है। सागर गैरे, मुगल दरबार, बर्गर किंग, जम जम फास्ट फूड, दा पिज्जेरिया सबसे ज्यादा ऑर्डर पाने वाले सर्वोच्च 5 रेस्टोरेंट्स बने।

## सड़क दुर्घटना पर नए कानून का वाहन चालकों में खौफ

# 22 करोड़ वाहन चालकों में डर... ड्राइवरों ने मनाया 'काले दिवस' के रूप में नया साल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों पर एक नया काला कानून थोपा जा रहा है। सरकार के इस अनुचित कानून के खिलाफ मध्यप्रदेश सहित भारत के 22 करोड़ वाहन चालक खौफजदा है और वे इस सड़क दुर्घटना कानून को डाइवरों के गले में फांसी का फंदा वाला कानून बता रहे हैं। ज्ञात हो कि कानून की नियमावली के अनुसार अगर ड्राइवर वाहन एक्सीडेंट होने के बाद घायल को सड़क पर छोड़ कर भाग जाता है, तो उस पर 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। अतः केंद्र सरकार के इस कानून के खिलाफ बस, ट्रक, टैंकर और कार ड्राइवर सहित वाहन चालक आक्रोषित है और गाडिय़ां खड़ी कर दी। जिसके चलते आज शहर में 80 हजार से ज्यादा वाहनों के पहिए थमें रहें तो मध्यप्रदेश बस, ट्रक मिलाकर करीब 7 लाख वाहनों में पहिए थम गए। वाहन चालकों के अनुसार धीरे धीरे वाहन चालकों के केंद्र सरकार के इस काले कानून के बारे में जैसे जैसे पता चलता जा रहा है वे लोग वाहनों को खड़े कर आंदोलन पर उतर रहे हैं।

### ट्रांसपोर्टर बोले- बस, ट्रक, कार सहित मोटर साइकिल सभी वाहन चालकों पर समान रूप से लागू होगा कानून

ट्रांसपोर्ट ठाकुरलाल राजपूत के अनुसार केंद्र सरकार का यह सड़क दुघर्टना कानून बस, ट्रक, कार सहित मोटर साइकिल सभी वाहन चालकों पर समानरूप से कानून लागू होगा। जिससे वाहन चालकों में खौंफ उत्पन्न हो गया है और वे कानून के विरोध में सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन कर रहे हैं।



### सड़क पर वाहन खड़े होने से शहर की कई सड़कों पर जाम की स्थिति

भोपाल ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता के अनुसार शहर के सभी ट्रक डाइवरों ने रायसेन रोड चौराहे पर वाहनों को खड़ा कर दिया है और नए साल को काला दिवस के रूप में मना रहे है। गुप्ता ने बताया कि ड्राइवरों द्वारा वाहनों को खड़े कर दिए जाने से शहर के कई सड़कों पर जाम स्थिति उत्पन्न हो गई है।



### सड़क दुर्घटना कोई भी जानबूझकर नहीं करता

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष अमृतलाल मदान ने कहा कि चालकों के खिलाफ इस प्रकार का नियम बनाना सरासर गलत है, क्योंकि रोड पर सड़क दुर्घटना कोई भी जानबूझकर नहीं करता और ऐसी दुर्घटनाएं अनजाने में हो जाती हैं। यदि जिस चालक से रोड दुर्घटना हुई है वह मौके पर रुक भी जाता है तो गुस्साई पब्लिक उसकी धुनाई कर देती है। इसलिए चालक को मजबूरी में घटनास्थल को छोड़कर जाना पड़ता है, लेकिन सरकार द्वारा इस प्रकार से सड़क दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने पर चालक के खिलाफ 10 साल की सजा का प्रावधान करना न्यायसंगत नहीं है।

### मप्र के 4500 और शहर 86 पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

वाहन चालकों की हड़ताल की खबर लगने के साथ-साथ नए साल के मौके पर इधर-उधर घूमने जाने के लिए सोमवार मध्यप्रदेश के 4500, जिले के 151 और भोपाल शहर के सभी 86 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल, डीजल भरवाने वालों की लंबी कतारें लगी रही। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह के अनुसार फिलहाल पेट्रोल पंपों में डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति हो रही है। हमारे द्वारा वाहन डिपो के लिए भेजा गया है,लेकिन वाहन चालक के यूनियनों द्वारा वाहन रोकने से आपूर्ति बाधित हो रही है।




### पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह से मांग

ड्राइवरों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से इस प्रावधान को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम सड़क सुरक्षा में विश्वास रखते हैं, लेकिन हम हजारों मेहनती व्यक्तियों की जीविक का भी समर्थन करते हैं। ट्रक चालक समुदाय के बीच इस प्रावधान के बाद विरोध की लहर है और नौकरियां छोड़ रहे हैं। इसके चलते अर्थव्यवस्था की रीढ की हड्डी यह सेक्टर संकट में आ गया है।

### देश में एक्सीडेंट इंवेस्टीशेन प्रोटोकॉल का अभाव, नए कानून में भी यह नहीं

मध्यप्रदेश टैंकर वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल रहमान (राजा) और कोषाध्यक्ष शौकतअली ने कहा कि यह सेक्टर अभी ड्राइवरों की कमी से जूझ रहा है, दस साल जैसे सजा के प्रावधान के बाद और कोई भी इसमें नहीं आएगा। ऐसे में सेक्टर बिना ड्राइवर के बैठ जाएगा। देश में एक्सीडेंट इंवेस्टीशेन प्रोटोकॉल का अभाव है, नए कानून में भी यह नहीं है। इसके बिना तय नहीं हो सकता है किन स्थितियों में एक्सीडेंट हुआ, किसकी गलती से हुआ। बड़े वाहनों को बिना किसी गलती देखे गलत माना जाता है और उनके खिलाफ ही केस बनता है, भले ही गलती छोटे वाहन चालक की हो। वाहन चालक एक्सीडेंट के बाद मौके से मदद नहीं करने के इरादा से नहीं भागता है, बल्कि भीड़ आक्रोशित होकर हमला कर देगी, इसलिए वह वहां से भागता है।

# नगर-निगम की कार्यवाही सिर्फ दिखावा मार्केट और गलियों में फिर अवैध कब्जा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नगर-निगम की सिर्फ दिखावा है। खानापूर्ति के लिहाज के निगम अमले ने मार्केट में बीते दिनों कार्यवाही की। मार्केट के मौजूदा हालात फिर से पहले जैसे हो गई। अतिक्रमणकारियों ने मार्केट में चौतरफा अतिक्रमण कर दिया तो मार्केट के भीतर और गलियों में वेंडर और हॉकर्स का कब्जा हो गया है।

यह कहना है कि न्यूमार्केट व्यापारी संघ सहसचिव शशांक जैन (लीडर) का। जैन ने कहा कि दो दिन बाद न्यूमार्केट अपने पुराने स्वरूप में आने लगा है गलियां वापस भराने लगी है। दुकानदार सामान वापस 10 से 15 फिट बाहर निकालने लगे है। सब्जी मंडी में बीच रोड पर तो बीच रास्ते में ही दुकान लगाने का सिलसिला शुरू हो गया है।



### रोज गाड़ी घुमाकर जाने से फैली अव्यवस्था का निराकरण नहीं होने वाला

मार्केट के व्यापारियों के अनुसार निगम की गाड़ी आती है और माइक पर बोलकर आगे बढ़ जाती है। कार्यवाही के नाम पर निगम का डीजल फूंक रहे हैं। अधिकारियों को सूचित करने के लिए कार्यवाही और वीडियो बनाकर भेजते हैं। मंदिर के आसपास और गणेश चौक के बाहर की फोटो भेजते हैं। मार्केट के व्यापारियों की मांग की है कि कोई स्थाई निराकरण करना हो। ताकि दुकानों का अतिक्रमण और फुटपाथ का अतिक्रमण साफ हो जाए।

***ऐसा तो पिछले 15 साल से निरंतर हो रहा है***

अतिक्रमण से पीड़ितों के अनुसार निगम द्वारा रोज गाड़ी घुमाकर चले जाना से मार्केट में फैली व्यवस्था का निराकरण नहीं होने वाला। क्योंकि ऐसा तो पिछले 15 साल से निरंतर हो रहा है। गाड़ी आती है तो लोग टेबल और रिंग स्टैंड अंदर सरका लेते हैं और गाड़ी 5 दुकान आगे पहुंचती है फिर वापस बाहर कर लेते हैं।

# एसबीआई, भोपाल मंडल में चंद्रशेखर शर्मा ने मुख्य महाप्रबंधक का किया कार्यभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक के भोपाल मंडल के नए मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने सोमवार कार्यभार ग्रहण किया। जिसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य शामिल हैं। शर्मा ने 1994 में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में भारतीय स्टेट बैंक में अपना सफर शुरू किया था। उनके 29 साल की सेवा काल में, उन्होंने एसबीआई के विभिन्न शाखाओं में व्यापक अनुभव हासिल किया। साथ ही एसबीआई की विदेशी सहायक कंपनी में अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वाणिज्यिक ऋण और परिचालन के क्षेत्र में कार्य किया। इससे पहले वे भुवनेश्वर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने हॉगकांग के क्वालून शाखा में मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में अपना सफल योगदान दिया था।



अपने पदभार ग्रहण एवं नए साल के अवसर पर स्थानीय प्रधान कार्यालय स्थित सभाग्रह में समस्त स्टाफ को संबोधित करते हुए। शर्मा ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दी और सभी के स्वस्थ्य जीवन, बैंक के प्रति समर्पण और कार्य के प्रति समर्पितता की अपील की। उन्होंने कहा कि एक तनावमुक्त कार्यालीन वातावरण निर्मित करने की आवश्यकता है। उन्होंने मंडल की सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों से कार्य स्थल पर ग्राहकों की मुस्कुराहट के साथ सेवा करने का मूल मंत्र देते हुए तनाव रहित कार्य पद्धति विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### उत्कृष्ट ग्राहक सेवा का प्रण लेने का आग्रह किया

इस कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी सभी को संबोधित करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि एसबीआई भोपाल मण्डल, शर्मा के नेतृत्व मे नई ऊचाइयों को छूते हुये नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। वक्ताओं मे भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति, अजिताव पाराशर, नीरज प्रसाद सहितदीपक कुमार झा उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी शामिल थे। उन्होंने सभी उपस्थित स्टाफ सदस्यो से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा का प्रण लेने का आग्रह किया।

### स्किन को हेल्दी बनाने बादाम खाएं: सोहा अली

**नई दिल्ली।** सर्दियां के मौसम त्वचा के लिए काफी नुकसानदायक होता है। अतः ठंड के मौसम में नमी की कमी के कारण त्वचा में रुखापन, खुजली और जलन की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे समय में अपनी त्वचा का ख्याल रखना बहुत जरूरी हो जाता है। अतः दैनिक आहार में बदलाव करे और एक मुट्ठी बादाम रोजाना खाए। यह बात बॉलीवुड प्रमुख अभिनेत्री सोहा अली खान ने कही। उन्होंने कहाकि एक मुट्ठी बादाम त्वचा की सेहतमंद बनाए रखने में काफी मददगार साबित होती है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक. 2652/न.पा.नि./लोनिवि/23-24 अम्बिकापुर दिनांक 29/12/2023

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा जोन क्रमांक 01 से 06 तक में डामरीकृत सड़कों के निर्माण / रिनीवल / मरम्मत- संधारण का कार्य (Flexible Pavement / Bituminous work) प्रति जोन राशि रू. 150.00 लाख के 06 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 150585, 150599, 150615, 150642, 150649& 150663) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने सभी जोन में जांच समिति का किया गठन, रिटायर्ड बैंकर संभालेंगे जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक ऑफ बड़ौदा ने सभी जोन में जांच समिति का गठन कर दिया है। इसके लिए बैंक ने सेवानिवृत्त बैंकरों को नियुक्त किया है। बैंक की अनुशासन समिति इन्हें विभिन्न केस जांच के लिए भेजेगी।

पिछले कुछ समय में कई बैंकों ने ऐसी ही जांच समितियों का गठन किया है। बैंक के अनुसार यह जांच समिति इंटरनल ऑपरेशन्स और कॉरपोरेट गवर्नेंस में मदद करेगी। हाल ही में हुए बॉब वर्ल्ड एप केस के चलते बैंक नियामकीय चिंताओं का सामना कर रहा है।

### बॉब वर्ल्ड एप पर नए कस्टमर्स जोड़ने पर प्रतिबंध

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 10 अक्टूबर को बैंक ऑफ बड़ौदा को निर्देश दिया था कि तत्काल प्रभाव से बॉब वर्ल्ड से नए कस्टमर्स को जोड़ना बंद कर दें। बैंक के इस एप में कई अनियमिताएं सामने आई थीं। बैंक को अपने भोपाल, बड़ौदा और जयपुर जैसे कई शहरों में अपने लगभग 60 एम्प्लॉइज को सस्पेंड करना पड़ा था। निलंबित किए गए अधिकारियों में सहायक महाप्रबंधक स्तर के कुछ अधिकारी शामिल थे।

### देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक है बीओबी

विजया बैंक और देना बैंक के विलय के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा देश का तीसरा सबसे बड़ा सरकारी बैंक बन गया था। बैंक ने 2021 में डिजिटल मोबाइल बैंकिंग एप 'बॉब वर्ल्ड' को लांच किया था। इसका मकसद बैंक की सभी सर्विसेस को इंटीग्रेट करना था। मगर, इसमें ग्राहकों के डेटा के साथ छेड़छाड़ की बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई। एक सिविल सोसायटी प्लेटफॉर्म ने इस संबंध में आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास को पत्र भी लिखकर 'बॉब वर्ल्ड' मामले में इंफोर्मेशन सिक्योरिटी ऑडिट मैकेनिज्म का पालन करने की मांग की थी ताकि ग्राहकों के डेटा और अन्य हितों की सुरक्षा हो सके।


### ऐसे बैंक जो डूब नहीं सकते: आरबीआई

# ग्राहकों को पैसा एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई में सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समेत देश में तीन ऐसे बैंक हैं, जिनमें ग्राहकों पैसे सबसे सुरक्षित है। ये तीनों ऐसे बैंक हैं, जो डूब नहीं सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का कहना है कि एसबीआई के अलावा एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक घरेलू वित्तीय प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक बने हुए हैं।

देश में वित्तीय प्रणाली के स्तर पर ये इतने बड़े बैंक हैं कि डूब नहीं सकते।आरबीआई को अगस्त, 2015 से हर साल इसी महीने में वित्तीय प्रणली के लिहाज से




महत्वपूर्ण बैंकों के नामों की जानकारी देनी पड़ती है। केंद्रीय बैंक ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक पिछले साल की तरह ही श्रेणी आधारित संरचना में बना हुआ है। वहीं, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक उच्च श्रेणी में चले गए हैं। नियमों के अनुसार, ऐसे संस्थानों को प्रणाली के स्तर पर महत्व के आधार पर चार श्रेणी में रखा जा सकता है।

### बैंकों की श्रेणी में हुआ बदलाव

एसबीआई श्रेणी तीन से श्रेणी चार में और एचडीएफसी बैंक श्रेणी एक से श्रेणी दो में स्थानांतरित हो गया। घरेलू स्तर पर व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) को लेकर एक अप्रैल, 2025 से एसबीआई के लिए अधिभार 0.8 फीसदी होगा। वहीं एचडीएफसी बैंक के लिए 0.4 फीसदी होगा।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेंद्र साहू पुत्र श्री बाबूलाल साहू निवासी 77, दुर्गा मंदिर के पास टीला जमालपुरा भोपाल, ने विक्रेतागण – श्री प्रीतम सिंह, बाबू लाल पुत्रगण नाथूराम, कामराज पुत्र नाथूराम, भुरिया बाई (वेबा) पत्नी प्यारेलाल, ज्ञान सिंह, सुहागमल, शारदा बाई पुत्र–पुत्री प्यारेलाल, सभी निवासी कलारा रोड, खेड़ी कुटकीपुरा, बैरसिया (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की एक किता कृषि भूमि खसरा नं. 209/1/1/1(S), कुल रकबा 0.1443 हेक्टेयर, प.ह.न. कुटकीपुरा तहसील बैरसिया, जिला भोपाल स्थित भूमि को क्रय करने का अनुबंध कर उक्त विक्रेता को टोकन राशि अदा कर दी है। उक्त वर्णित भूमि के संबंध मे किसी व्यक्ति संस्था, वित्तीय संस्थान, बैंक आदि का कोई देय अथवा बकाया हो या स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य के संबंध मे दखल, वाद विवाद, आपत्ति आदि हो तो वह व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति दर्ज करावे । अन्यथा समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार अपने पक्ष मे उपरोक्त भूमि /संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। ऐसी स्थिति मे कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और ना ही मान्य समझी जावेगी।

भवदीय ब्रजेन्द्र शुक्ला एडवोकेट
कार्यालय : 38, ओम लॉ एसोसियेटस, पुरानी विधानसभा के सामने, भोपाल (म.प्र.) मो. 9993806073

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय गीतांजलि कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, भोपाल**

Website : www.mp.gov.in/highereducation/ggcbpl
Ph.No. - 0755-2733166, 2733266
Fax - 735266 E-mail : hegggpgcbho@mp.gov.in

पत्र क्रमांक 2405/शागीकस्नामभो/ स्था./23 भोपाल, दिनांक - 29/12/2023

**// जेम पोर्टल के माध्यम से Online UPS संबंधी विज्ञप्ति //**

विश्व बैंक परियोजना म.प्र. शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल के पत्र क्र. 617/वि.बै.परि. 2023 दिनांक 07.03.23 एवं पत्र क्र. 2008/IC/75/IT/23 दिनांक 17.07.23 के अंतर्गत प्राप्त आवंटित राशि से Online UPS क्रय किया जाना है। उक्त क्रय संबंधी कार्यवाही जेम पोर्टल के माध्यम से की जाना है। जेम पर प्रकाशित बिड क्रमांक GEM/2023/B/4411550 है। बिड प्रारंभ दिनांक 29.12.2023 है, बिड समाप्ति दि. 19.01.2024 है।

इच्छुक व्यक्ति एवं फर्म जेम पोर्टल के माध्यम से अपनी निविदा प्रारंभ दिनांक 29.12.2023 से बिड समाप्ति दिनांक 19.01.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है।

प्राचार्य
शा.गी.क.स्ना. महाविद्यालय
भोपाल

जी-22482/23

FORM NO.IV
{See Sub Rule 2(A) of Rule 5}
Summon under sub-section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993
BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
AT 797-II, SHAHTIKUNJ SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR (MP) 482001
CASE NO.OA NO.407/2022

PUNJAB NATIONAL BANK — APPLICANT
VERSUS
DURGESH SHARMA & OTHERS — DEFENDANTS

**1. Durgesh Sharma S/o Shri Ramesh Chandra Sharma**
Aged Adult, R/o MIG-30, Harshwardhan Nagar, Bhopal (MP)-462001

Whereas, **O.A No. 407/22** was listed before the Hon'ble Presiding Officer on **20/04/2022.**
Whereas the Hon'ble Tribunal is please to issue summons/notice on the said Application under Section 19(4) of the Act (O.A.) filed against you recovery of debts of **Rs.38,60,253.71/-** with expenses & future interest.
In accordance with Sub- Section (4) of Section 19 of the Act, you the defendants are directed as under :-
1.To show case within thirty days of the service of the summons as to why relief prayed for should not be granted.
2. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No.3A of the Original Application.
3. You are restrained from dealing without disposing of secured assets of such other assets and properties disclosed under Serial No. 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and/or other assets and properties specified or disclosed under Serial No.3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
5.You shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the Written Statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **05.03.2024 at 10.30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in you absence.
Given Under my hand and seal of the Tribunal on this the 27th day of Dec. 2023.

SEAL
Registrar
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र (समग्र शिक्षा अभियान), जिला विदिशा**

क्रमांक/निविदा/ईएण्डआर/पा.पु.नि./2023-24/2820 विदिशा, दिनांक-29/12/23

**निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण परिवहन वर्ष 2023-24 हेतु निविदा सूचना**

जिला शिक्षा केन्द्र समग्र शिक्षा अभियान विदिशा में वर्ष 2023-24 में कक्षा-1 से 8 तक की निःशुल्क पाठ्य पुस्तक विवरण हेतु विकासखण्ड स्तर में जनशिक्षा केन्द्र/ शाला स्तर तक पुस्तकों का परिवहन किया जाना है। निविदा फार्म कार्यालय से दिनांक 04.01.2024 से दिनांक 24.01.2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है निविदा फार्म कार्यालय में दिनांक 25.01.2024 को अपरान्ह 1.30 बजे तक जमा किये जा सकते है। उक्त निविदा कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र में दिनांक 29.01.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जावेगी। निविदा की समस्त शर्तें फार्म के साथ दी गई है।

जी-22475/23
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।
जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा

**कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय भोपाल**

**-: वाहन किराए पर लिये जाने हेतु निविदा सूचना :-**

कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल में कार्यालयीन उपयोग हेतु दिसंबर 2022 अथवा उसके बाद का निम्न वाहन आवश्यकतानुसार किराए पर लिया जाना है। इस कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | डिजायर या समकक्ष वाहन किराए पर लेने के संबंध में | 01 | रू 500/- नॉन रिफंडेबल | निरंक |

निविदा प्रपत्र एवं शर्तो का विवरण इत्यादि कार्यालय असि. रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थएं भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल पर उपस्थित होकर दिनांक 08.01.2024 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं से प्राप्त आफर दिनांक 09.01.2024 अपरान्ह 12:00 बजे खोला जावेगा। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किये जाने का अधिकार असि. रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल को निहित है। निविदा शर्तो में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा।

जी-22433/23
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।
असि. रजिस्ट्रार
फर्म्स एवं संस्थाए
भोपाल नर्मदापुरम
संभाग भोपाल

चिंतन

# शानदार टैक्स आंकड़ों से नव वर्ष का आगाज

नव वर्ष का आगाज आर्थिक मोर्चे पर बेहतर खबर से हुई है। दिसंबर में रिकार्ड जीएसटी संग्रह हुआ है, साल के पहले दिन ही शेयर बाजार ने नई ऊचाई छुई है, तो प्रत्यक्ष कर संग्रह का आंकड़ा भी आकर्षक आया है। सोने व चांदी के भाव में भी निवेशकों के लिहाज से तेजी दर्ज किया गया। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपए रहा था। इसके साथ ही अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपए रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपए के औसत कर संग्रह से 12 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि दिसंबर इस वर्ष का सातवां महीना है जिसमें 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक का जीएसटी संग्रह हुआ है। नए साल के पहले दिन शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स व निफ्टी दोनों में तेजी रही। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद, वैश्विक स्तर पर महंगाई में कटौती, बॉन्ड प्रतिफल के नरम होने के चलते बाजार ने मजबूती दिखाई। इस सप्ताह, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होगा। इससे 2024 में नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्थिति साफ होगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक 8.18 करोड़ कर रिटर्न दाखिल किये गये हैं, जबकि एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये थे। यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भरे गये कुल आयकर रिटर्न से नौ प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के गत माह 17 दिसंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 20.66 फीसदी बढ़कर 13.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपए जमा होने की उम्मीद है। टैक्स संग्रह के ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाते हैं। इस वक्त भारत की जीडीपी दर दुनिया में सबसे तेज है। अर्थव्यवस्था के सभी इंडिकेटर सकारात्मक हैं, केवल खाद्यान्न महंगाई, बेरोजगारी और सर्विस सेक्टर के आंकड़े आकर्षक नहीं हैं। नव वर्ष के पहले दिन ही कर संग्रहों के आंकड़ों ने शुभ संकेत दिए हैं। हालांकि भूराजनीतिक तनाव, दो दो जंग, क्षेत्रीय संघर्ष, ट्रेड वार, ग्लोबल आपूर्ति तंत्र में रुकावटें आदि वैश्विक संकट नव वर्ष में भी कायम रहेंगे, जिनसे निपटते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को मोमेंटम बनाए रखना होगा। चुनावी वर्ष होने के चलते इस साल आर्थिक गतिविधियां तेज रहेंगी, लेकिन इसके साथ ही लोकलुभावन घोषणाओं के चलते सरकार पर वित्तीय दबाव भी रहेगा। इसके बावजूद टैक्स कलेक्शन में तेजी एक अच्छा संकेत है। दुनिया आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देख रही है, जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे। उम्मीद है नए साल में भी टैक्स कलेक्शन नया रिकार्ड बनाता रहेगा।



नव वर्ष
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# मानवाधिकार संरक्षण हो संकल्प

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लानेट पर ख़तरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। नव वर्ष में मानवाधिकार संरक्षण पर जोर होना चाहिए।

समय के सापेक्ष चलने में बहादुरी नहीं है। समय के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करने का वक्त है। विश्व में वर्ष 2023 में कई अद्भुत घटनाएं घटीं। हम 2024 में प्रवेश कर रहे हैं। 2023 को जल्द ही हम भूल जाएंगे। इस भूलभुलैया में कटी जा रही ज़िंदगी के बारे में विचार करें आप तो कभी कभी ऐसा लगेगा कि हम कितने भुलक्कड़ हैं जी। हम कल कुछ और सोच रहे थे और आज कुछ और। लेकिन यह जो आज के मुताबिक सोच रहे हैं, कल जो खोया-पाया उसे तो हम भूल ही गए। अच्छा हो, हम हर पल यादगार, अविस्मरणीय स्मृति बनाएं। अच्छा हो हम कुछ ऐसा करें जो केवल अपने लिए न हो, वरन सबके लिए हो। ऐसा करने के लिए हमें हमारे सचेतन मन के साथ मेलजोल बनाकर आगे बढ़ना आवश्यक होगा। 2023 के लिए मानवाधिकार क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार विजेताओं की घोषणा हुई। इसमें मानवाधिकार केन्द्र 'वियास्ना', बेलारूस, जूलिएन लुसेंज, काँगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मानवाधिकार अध्ययन के लिए अम्मान केन्द्र, जॉर्डन, जूलियो पेरेरा, उरुग्वे, स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण के अधिकार की सार्वभौमिक मान्यता के लिए नागरिक समाज संगठनों, आदिवासी लोगों समेत अन्य हितधारकों का वैश्विक गठबंधन, इन्हें मानव अधिकारों के हितधारक बताया गया है। यह पुरस्कार इसलिए दिए जाते हैं ताकि नई पीढ़ी के लोग आगे आकर ऐसे कर्त्तव्य करें जिसमें समाज का हित शामिल हो। सबकी गरिमा की रक्षा होती हो या ऐसे नागरिक समज का निर्माण होता हो, जो मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए अभी, और भविष्य में भी काम आएंगे। यह सचेतन मन वाले लोग हैं जो दुनिया में व्याप्त दर्द को समझकर उनके लिए काम कर रहे हैं। पुरस्कार उनके अभिनंदन का प्रतीक हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लेनेट पर ख़तरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। महासचिव गुटेरेश चाहते हैं कि युद्धों की संख्या और तीव्रता बढ़ती जा रही है और आपसी विश्वास घट रहा है। एक-दूसरे पर उंगली उठाने और बंदूक तानने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं, ये सब बंद हो। उनका मानना है कि जब हम एक साथ खड़े होते हैं, तो मानवता मज़बूत होती है।

एंटोनियो गुटेरेस के मन में कहीं न कहीं मानव अधिकारों के गिरते स्तर पर भयानक आक्रोश है क्योंकि ये सभी तत्व मानवाधिकारों के हनन के कारक बने हुए हैं और देश एक दूसरे से दूर भाग रहे हैं। एक बार हम सभी नववर्ष के स्वागत में जब खड़े हैं तो एंटोनियो गुटेरेस ने नववर्ष 2024 को विश्वास के पुनर्निर्माण और आशा की




बहाली का साल बनाने की पुकार लगाई। साझा समाधानों की ख़ातिर, मतभेदों को दूर करके, एकजुट होने का आह्वान किया। जलवायु कार्रवाई, आर्थिक अवसरों और एक निष्पक्ष वैश्विक वित्तीय प्रणाली के लिए, जिसका लाभ सर्वजन को पहुँचाया जा सके इसके लिए हमें साथ मिलकर, उस भेदभाव और नफ़रत के ख़िलाफ़ खड़ा होने को कहा है जो देशों और समुदायों के बीच संबंधों में ज़हर घोल रहे हैं। उनका आह्वान है कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई प्रौद्योगिकियों से, कल्याण सुनिश्चित हो। संयुक्त राष्ट्र, दुनिया को शान्ति, सतत विकास और मानवाधिकारों के लिए एकजुट करने के प्रयास जारी रखेगा। आइए! 2024 को, उन सभी चीज़ों में विश्वास और आशा पैदा करने का वर्ष बनाने का संकल्प लें, जिन्हें हम साथ मिलकर पूरा कर सकते हैं।

अब सवाल यह है की महासचिव की बात को लोग गंभीरता से लेते हैं की हवा-हवाई बनाकर उड़ा देते हैं। जो भी हो, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के सचेतन मन सकारात्मक विश्व के निर्माण की दिशा में आह्वान कर रहे हैं। उस अच्छी पृथ्वी की संकल्पना कर रहे हैं जिसमें शुद्ध हवा, शुद्ध मन, शुद्ध विचार प्रवाहित हों। शांति कायम हो। सतत विकास लक्ष्य हासिल हो सकें। ये देश जो संप्रभुता के भयंकर अहंकार में पागल हुए जा रहे हैं, उन्हें सचेत करने की कोशिश निश्चय ही मानवाधिकारों के लिए अहम हैं। यदि 2023 में भय, रक्तपात और युद्ध से हमें गाजा को विस्मरण करा रहे हों और यूक्रेन व रूस के संकट भी हम भूल रहे हों तो एंटोनियो गुटेरेस की उस दर्द भरी पुकार व अंतर्मन की पीड़ा को महसूस कर लेना चाहिए। यह हम सभी मनुष्यों के हित के लिए आह्वान है। 2024 को सँवरकर और सँवारकर चलने की आवश्यकता है। वरना हमने करोड़ों के आँखों में आँसू लाने का प्रयास पूरे वर्ष किया है। लाखों बेघर हुए। लाखों विस्थापित हुए। लाखों शरणार्थी बने। ये सब अनागरिक होकर जी रहे हैं। अनागरिक लोगों के अंतःकरण से पूछें तो पता चलेगा की अनागरिक होकर दूसरे देश में शरणार्थी बनकर कैसा जीवन होता है। जिन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार का वर्ष 2023 का पुरस्कार मिला है वे अपने क्षेत्र में मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे थे। वर्षों से उन आवाजों को उठा रहे थे जिनकी कोई नहीं सुनता है। अब 2024 यह हमसे मांग कर रहा है की मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए आगे आइए और हमारी आवाज़ में अपनी आवाज़ को शामिल कर हमारे हक़ की रक्षा कीजिए। स्वयंसेवी संस्थाएं, सेवभावी लोग, आमजन के हितैशी, करुणाशील लोग व राज्य आप सब हमारे साथ आओ और हमारी आवाज़ बनो। यह संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र की 75वीं वर्षगांठ के सेलिब्रेशन का है तो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सक्षम प्राधिकारी नागरिकों के हित के लिए आगे आइए। समय के सापेक्ष अगर चल सको और सचेतन मन से कुछ कर सकने का साहस हो, तो 2024 का यह वर्ष हमसे यह मांग कर रहा है की इस वर्ष सभी मानवाधिकारों के लिए सजग नागरिक बनकर सजग मानवाधिकार से परिपूर्ण समाज का निर्माण करें। वैयक्तिक सुख का त्याग करके यदि समष्टिगत चिंता करने वाले व्यक्ति, समुदाय, राज्य विश्व में व्याप्त आज की चुनौतियों का सचेतन मन से सामना करेंगे तो एक ऐसे भविष्य के हम निर्माता बन सकते हैं जो हमारे सुख व शांति के कारक बनें। वर्ष 2023 की अनचाही घाव को भरने में सफलता मिलेगी। यदि हमारी सद-इच्छाएं हमारे साथ होंगी तो हम अपनों की पीड़ाओं को जरूर कम कर सकेंगे। उन्हें आशा दे सकेंगे। लोकतांत्रिक स्वातंत्र्य का एहसास दे सकेंगे।

(लेखक राष्ट्रपति के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
शशिधर खान



# पूर्वोत्तर में शांति के लिए शुभ नव वर्ष

नया साल पूर्वोत्तर शांति के लिए शुभ माना जा सकता है, क्योंकि 2023 समाप्त होते-होते असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में 40 वर्षों से हिंसा का पर्याय बने यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के साथ त्रिपक्षीय समझौता शांति के एक नए युग की शुरूआत है। नेशनल सोसलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम (एनएससीएन - आई एम) को छोड़ दें तो उल्फा के साथ शांति समझौते के बाद पूर्वोत्तर में हिंसा और अलगाववाद पर आधारित उग्रवादी का लगभग खात्मा हो गया है। नगालैंड और मणिपुर में सक्रिय एनएससीएन के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे मजबूत और खूंखार उग्रवादी गुट उल्फा का नेटवर्क असम ही नहीं समूचे पूर्वोत्तर तक पसरा हुआ था। इसलिए उल्फा के साथ शांति समझौता सही माएने में ऐतिहासिक और बहुत बड़ी उपलब्धि है। एनएससीएन की तरह उल्फा के साथ भी सशस्त्र बलों की बदौलत और वार्ता के जरिए भी किसी नतीजे पर पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा था। एनएससीएन के स्वतंत्र संप्रभु नगालिम की मांग भारत की आजादी के समय से चली आ रही है। कुछ मुट्ठी भर अड़यिल नगा नेताओं कीअव्यावहारिक हठधर्मी भारतीय संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत इस अलगाववादी गुट को आने नहीं दे रही है। लेकिन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के अस्तित्व में आने की कहानी 1980 के दशक के असम छात्र आंदोलन के समय से जुड़ी हे। हिंसा की बदौलत 'स्वाधीन असोम'की मांग भारत सरकार से मनवाने के लिए 1979-80 में उल्फा की नींव रखी गई। असम छात्र आंदोलन की आड़ में यह ऐसा उग्रवाद पनपा, जिसे भारत राष्ट्र से अलग 'स्वाधीन असोम' चाहिए था, जहां असमिया के अलावे कोई अन्य न रहे।

यह अच्छा संयोग रहा कि 29 दिसंबर को दिल्ली में हुए त्रिपक्षीय समझौते के समय उल्फा के संस्थापक अरविंद राजखोबा मौजूद थे, जो अभी-भी उल्फा के प्रमुख हैं। समझौते पर हस्ताक्षर करनेवाले को अन्य उल्फा नेता अनूप चेतिया और सशाधर चौधुरी भी संस्थापकों में से हैं। यह त्रिपक्षीय समझौता केंद्र, राज्य सरकार और उल्फा नेताओं के बीच हुआ है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण तथा शुभ यह है कि ये लोग हिंसा छोड़कर भारतीय संवैधानिक दायरे के अंतर्गत राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने को राजी हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का इस समझौते को 'ऐतिहासिक'और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 29 दिसंबर को असम का 'स्वर्ण दिवस'कहना सही है। 2009 में बांग्लादेश से प्रत्यर्पण संधि के बाद इन उल्फा नेताओं को भारत लाया गया। पहले कुछ दिन हिरासत में रखा गया, फिर शांति वार्ता शुरू हुई। 2011 से शांति वार्ताओं की जानकारी आने लगी। खुफिया अधिकारियों के प्रयास विफल होने के बाद असम के गणमान्य नागरिकों की भी मदद मिल गयी, जिसमें प्रख्यात असमिया लेखिका ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता इंदिरा गोस्वामी भी शामिल थी। मगर कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। उल्फा हमले से निबटने के लिए सेना और केंद्रीय बल तैनात रहे, वार्ता विफल होने की खबरें आती रही। लेकिन वर्ष 2019 से 2023 के दौरान यह पक्का पता नहीं चल पा रहा था कि उल्फा से वार्ता जारी भी है या नहीं।

इस अर्थ में भी यह समझौता ऐतिहासिक है, कि वार्ता मजमून का खुलासा एक ही बार तब हुआ, जब उल्फा नेताओं को केंद्र के वार्ताकार हस्ताक्षर के लिए दिल्ली लेकर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में उत्तर पूर्व में शांति और विकास के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं। इस दौरान 9 शांति समझौते उल्लेखनीय हैं, जो पूर्वोत्तर शांति वार्ता में कई दशकों से रोड़े थे। 2019 में इसकी शुरूआत त्रिपुरा के एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) से हुई। उसके बाद 2020 का बोडो और ब्रू समझौता, 2021 में कर्बी एंग्लोंग, 2022 का आदिवासी समझौता के अलावे मणिपुर के सबसे पुराने उग्रवादी गुट युनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ समझौता (2023) गिनाया जा सकता है। असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवाद कई वर्षों से हिंसक झड़पों का कारण बना हुआ था। 2023 में इस पर भी केंद्र ने राज्य सरकारों में सहमति बनायी। शुरू से ही वार्ता विरोधी उल्फा संस्थापकों में से एक परेश बरूआ के बारे में कोई पक्की सूचना नहीं है कि वह अपनी हिंसक गतिविधियां म्यांमार से चलाता है या बांग्लादेश से। परेश बरूआ पर शिकंजा कसने के लिए इस बात को ध्यान में रखना होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय एक कमिटी बनाकर उल्फा की मांगों पर विचार करेगी। कई नगा गुटों से भी केंद्र का संघर्षविराम चल रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है। वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मसतिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं। वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## सटाका




## आज की पाती

### नव वर्ष का संकल्प कैसा हो

एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2024 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। वक्त का पहिया चलता रहता है। कितने युग इस पहिए के आगे आए, कितने पीछे छूट गए, ऐसे ही साल आते हैं और बीत जाते हैं। संकल्प लें कि हम खुद की खुशियों के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी में भी खुशियों को लाने की कोशिश करेंगे। *- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सबके लिए खुशी लाए



सभी को नये साल की हार्दिक शुभकामनाएं! वर्ष 2024 सभी के लिए खुशियां, शांति और समृद्धि लाए। आइए हम समावेशी और सतत विकास में योगदान देने की नई प्रतिबद्धता के साथ नये साल का स्वागत करें।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### समृद्धि लाए नव वर्ष



सभी को 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए समृद्धि, शांति और बेहतर स्वास्थ्य लाए। यह वर्ष सभी के जीवन में समृद्धि लाए। विकसित भारत तथा आत्मनिर्भरता की भावना को 2024 में भी बनाए रखें।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रोजगार की गारंटी दें



इस नववर्ष से सरकार केवल 'रोज़गार की गारंटी' सुनिश्चित कर सच्ची देशभक्ति व राजधर्म का निर्वहन करे। इस संसदीय चुनाव वर्ष में जनहित व जनकल्याण को समर्पित बहुजनों के उम्मीदों की सर्वजन हितैषी सरकार बनाएं, लोगों से यही पुरजोर अपील। -मायावती, पूर्व सीएम

### नए लक्ष्य पाने का अवसर



मैं नव वर्ष के मौके पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। वर्ष 2024 सभी लोगों के लिए खुशी, शांति व समृद्धि लेकर आए।नव वर्ष हमें नए अवसरों को तलाश करने की उम्मीद तथा नए लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा देता है।

-वाईएस जगनमोहन रेड्डी, सीएम, एपी

## करंट अफेयर

### जरूरत पड़ने पर अमेरिका का नामोनिशान मिटा दें : किम

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया उसके खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो उनका 'नामोनिशान मिटा' देना चाहिए। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया ने बताया कि इसके साथ ही किम ने अमेरिकी नेतृत्व वाले अभूतपूर्व टकराव से निपटने के लिए राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करने का संकल्प जताया है। अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के विस्तार के जवाब में उत्तर कोरिया ने हाल के महीनों में इस तरह की बयानबाजी तेज कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले तक उत्तर कोरिया इस तरह की बयानबाजी और हथियारों का परीक्षण जारी रख सकता है। पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ दल की पांच दिवसीय बैठक में किम ने कहा कि वह इस साल तीन और सैन्य जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करेंगे, अधिक परमाणु हथियारों का उत्पादन करेंगे और हमला करने वाले ड्रोन तैयार करेंगे। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रयास भविष्य में अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने के लिए है। सेना के कमांडिंग अधिकारियों के साथ रविवार को हुई बैठक में किम ने देश के परमाणु हथियारों के संदर्भ में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा की खातिर 'सबसे कीमती हथियार' को हमले के लिए तैयार रखना जरूरी है।



## ऑफ बीट

### मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है – और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेंढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है – कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो – अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ – आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर किया आह्वान

# जन मन सर्वेक्षण में भाग लें, भारत की प्रगति पर अपने विचार मेरे साथ कर सकते हैं साझा

प्रधानमंत्री ने 19 दिसंबर को अपनी सरकार और स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रदर्शन पर व्यापक सवालों के साथ नमो एप पर 'जन-मन सर्वे' की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सरकार के 10 साल के कामों पर जनता से फीडबैक लेना है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आमजनों के लिए दो महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं। पहले संदेश में पीएम मोदी ने आह्वान करते हुए कहा है कि 19 दिसंबर को अपनी सरकार और स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रदर्शन पर व्यापक सवालों के साथ नमो एप पर 'जन-मन सर्वे' की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सरकार के 10 सालों के कामों पर जनता से फीडबैक लेना है। उन्होंने सोमवार को नागरिकों से 'जन-मन सर्वे' में भाग लेने और पिछले 10 वर्षों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया है।

पीएम ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट में कहा कि नमो एप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें। उल्लेखनीय है कि पीएम ने 19 दिसंबर को नमो एप पर 'जन-मन सर्वे' की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य 10 सालों के कामों पर जनता से फीडबैक लेना है।

**10** साल के कामों पर जनता से फीडबैक मांगा

**19** दिसंबर को हुई थी शुरुआत




### योग अपनाने के लिए पीएम मोदी हमेशा ही करते रहे प्रेरित

दूसरा संदेश देशवासियों स्वास्थ्य को लेकर है। प्रधानमंत्री मोदी ने आग्रह करते हुए लिखा कि सभी लोगों को सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए। योग अपनाने लिए पीएम मोदी हमेशा ही प्रेरित करते रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 21 जून 2023 को 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीएम ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व किया था। इस मौके पर पीएम मोदी ने समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि मुझे बताया गया कि लगभग हर राष्ट्रीयता का यहां प्रतिनिधित्व है और हम सभी को यहां लाने का एक अद्भुत कारण है- योग। योग का अर्थ है जोड़ना। आपका एक साथ आना योग के दूसरे रूप की अभिव्यक्ति है। उन्होंने ने कहा, ''योग कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी मुक्त है'' उधर पीएमओ ने पीएम के हवाले से ट्वीट किया, जिसमें लिखा, ''मुझे याद है, 9 साल पहले संयुक्त राष्ट्र में यहीं पर मुझे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव करने का सम्मान मिला।''



### 193 देशों ने मनाया था योग दिवस

बता दें कि पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में रिकॉर्ड संख्या में देशों के समर्थन को भी याद किया था जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव पेश किया गया था।
बता दें कि पीएम मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में अपने संबोधन के दौरान योग के लिए समर्पित एक दिन का विचार रखा था। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से हर वर्ष 21 जून की तारीख पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने बड़े स्तर पर मनाया गया था।

## आईएनडीआईए गठबंधन की अंतिम बैठक में 31 दिसंबर तय की गई थी डेडलाइन

# डेडलाइन बीत गई फिर भी नहीं बनी बात सीट शेयरिंग बनी दलों की बड़ी 'उलझन'

इंडिया गठबंधन ने दिल्ली बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर 31 दिसंबर की डेडलाइन तय की थी। यह तारीख निकल चुकी है। डेडलाइन बीतने के बाद सीट शेयरिंग की बात कहां तक पहुंची? यह सवाल सियासी चर्चा में बना हुआ है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की 19 दिसंबर को दिल्ली में बैठक हुई थी। इस बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन ने 31 दिसंबर की डेडलाइन तय की थी। 31 दिसंबर की तारीख बीत गई। समय चक्र की चाल अब चुनावी साल में प्रवेश कर गई है लेकिन विपक्षी गठबंधन में अभी तक कुछ तय नहीं हो सका है। अब इंडिया गठबंधन के घटक दल सीट शेयरिंग को लेकर एक्टिव होते नजर आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल लेफ्ट पार्टियों के मुताबिक सीट शेयरिंग को लेकर अनौपचारिक रूप से बातचीत हो रही है। सूत्रों की मानें तो गठबंधन के घटक दल अपने-अपने स्तर पर सीटों को लेकर मंथन में जुटे हैं। कांग्रेस दो से तीन दिन में अपनी आंतरिक बैठक कर सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तैयार करेगी। इसके बाद क्षेत्रीय दलों के साथ चर्चा का दौर शुरू होगा।

**खास बातें**

- विपक्षी गठबंधन में अभी तक कुछ नहीं हो सका तय
- घटक दल अपने अपने स्तर पर सीट शेयरिंग को लेकर कर रहे हैं आपसी विचार मंथन




### भारी मतभेद जारी

लेफ्ट पार्टियों के सूत्रों की मानें तो नेतृत्व भी मान रहा है कि अलग-अलग राज्यों में छिटपुट मतभेद जारी रहेंगे और फैसला हर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को ही लेना होगा। सीट शेयरिंग के पेच पर सियासी दल जैसे-जैसे सहमति की ओर बढ़ते जाएंगे, औपचारिक बैठक की तारीख भी तय कर ली जाएगी। लेफ्ट के मुताबिक इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाने को लेकर फिलहाल कोई चर्चा नहीं हो रही है। पूरा का पूरा ध्यान सीट शेयरिंग पर है। वहीं, महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का भी बयान आया है। उन्होंने कहा है कि 15 दिन पहले दिल्ली में शरद पवार, सोनिया गांधी और उद्धव ठाकरे की मुलाकात हुई थी जिसमें सीट शेयरिंग पर विस्तार से चर्चा हुई। सुप्रिया सुले ने यह भी दावा किया कि सभी चीजें लगभग सुलझा ली गई हैं। कुछ दिन में हम इसे लेकर पूरी जानकारी सार्वजनिक कर देंगे। उन्होंने ये भी दावा किया कि महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर किसी भी तरह का कोई कंफ्यूजन नहीं है।

### नीतीश कुमार बन सकते हैं संयोजक

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार कांग्रेस से नाराज बताए जा रहे हैं और कांग्रेस अब उन्हें मनाने की कोशिश में लग गई है। इसी क्रम में जेडीयू के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि नाराज नीतीश कुमार के एक्शन से कांग्रेस के खेमे में बेचैनी है और उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाए जाने पर विचार किया जा रहा है।



दरअसल, जेडीयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा था कि कांग्रेस उनके नाम की चर्चा भी नहीं करती। जाति आधारित जनगणना और आरक्षण पर इतने बड़े फैसले लेने के बाद भी कांग्रेस उनके नाम की चर्चा नहीं करती है।

### संजय राउत ने की बड़ी बात

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने 19 दिसंबर को दिल्ली बैठक का जिक्र करते हुए कहा है कि जितनी जल्दी संभव हो, सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा. उन्होंने ये भी कहा कि गठबंधन का संयोजक या चेयरपर्सन चुनने के लिए कोई बैठक नहीं हुई है। संजय राउत ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का फेस बनाने को लेकर सवाल के जवाब में कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव दिल्ली की बैठक में भी नहीं आया था।



### दक्षिण भारत में भाजपा के लिए ज्यादा कठिन चुनौती

वहीं तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना जैसे दक्षिण भारत के राज्यों में भी भाजपा की स्थिति काफी कमजोर है। कर्नाटक में तो कांग्रेस विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर ही चुकी है।



यहां जेडीएस और भाजपा एक पाले में है। इसलिए कांग्रेस यदि पहले ही उम्मीदवार तय कर ले तो उसे बढ़त मिल सकती है। कर्नाटक में 28 सीटें और तमिलनाडु में 39 हैं। इसके अलावा केरल में 20, बंगाल में 42 और बिहार में 40 सीटें हैं। यूपी के बाद सबसे ज्यादा 48 सीटों वाले महाराष्ट्र में शिवसेना अब भाजपा से अलग है और दो खेमों में बंट चुकी है। यदि उद्धव ठाकरे गुट को जनता का समर्थन मिला तो भाजपा के लिए मुश्किल होगी। वहीं बिहार में आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस का महागठबंधन 2015 के विधानसभा चुनाव जैसी ही चुनौती पेश कर सकता है। बंगाल में तो टीएमसी अपने दम पर ही मजबूत है और उसे वामदल और कांग्रेस का भी समर्थन मिला तो भाजपा के लिए मुश्किल स्थिति होगी।

## मरीजों की कुल संख्या 4,394 पहुंची

# बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 600 मामले, तीन की मौत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ ही साल पहले भारत समेत पूरी दुनिया में तबाही मचाने वाले कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर से सामने आने लगे हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में देशभर में कोरोना वायरस के कुल 636 नए मामले सामने आए हैं। बड़ी बात ये भी है कि कोविड-19 वायरस से संक्रमित होने के कारण 3 लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। इसके साथ ही देश में कोरोना के मरीजों की कुल संख्या 4,394 पहुंच गई है। इन बढ़ते मामलों ने एक बार फिर से लोगों के मन में वायरस को लेकर भय पैदा कर दिया है।

### तमिलनाडु और केरल में मौत

कोरोना वायरस के कारण बीते 24 घंटों में कुल 3 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इनमें से 2 मौतें केरल तो वहीं, 1 मौत तमिलनाडु में दर्ज की गई हैं। रविवार के दिन भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 841 नए मामले सामने आए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, ये मामले बीते 227 दिनों में सबसे अधिक हैं। इस दौरान केरल, कर्नाटक और बिहार में एक-एक व्यक्ति की संक्रमण से मौत भी हो गई थी। बता दें कि देश में इससे पहले 19 मई को संक्रमण के 865 नए मामले सामने आए थे।

### सब-वैरिएंट जेएन.1 के मामले बढ़े

आंकड़ों के मुताबिक, कई राज्यों ने पिछले कुछ हफ्तों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी की जानकारी दी है और नौ राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों ने अब तक वायरस के सब-वैरिएंट जेएन.1 से संक्रमण की पुष्टि की है। बता दें कि साल 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग चार साल में देश भर में कोरोना वायरस से लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं।

### शिमला में आग का तांडव, जल गए सात मकान



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के जुब्बल इलाके में लगी भीषण आग में सात मकान जलकर खाक हो गए और उनमें रहने वाले नौ परिवार बेघर हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### पाक और पीओके में छिपे 23 आतंकी भगोड़े घोषित

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की अदालत ने सोमवार को किश्तवाड़ जिले के 23 आतंकियों को भगोड़ा घोषित किया है। ये आतंकी पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले पीओके में छिपे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि डोडा में गैरकानूनी गतिविधियों के चलते नोटिस दिया था।



### मणिपुर में 3 लोगों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर में नए साल के पहले दिन सोमवार शाम को थौबल के लेंगोल पहाड़ी इलाके में 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 11 लोग घायल हुए हैं। इसके बाद इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया है।



### अर्जुन पुरस्कार विजेता डीएसपी का मिला शव

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर में अर्जुन पुरस्कार विजेता पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दलबीर सिंह देयोल नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। स्थानीय गुलाब देवी रोड पर एक नहर के किनारे उनका कई चोटों वाला शव बरामद हुआ।



## न्यू ईयर की पार्टी मनाकर लौट रहे थे दोस्त



# अंधी रफ्तार से दौड़ रही कार डिवाइडर से भिड़ी, 6 दोस्तों की हुई मौत

अनियंत्रित कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर पेड़ से टकराकर पलट गई

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के जमशेदपुर से नए साल के पहले दिन ही बुरी खबर सामने आई है। एक भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। घटना बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस एरिया इलाके में गोल चक्कर के पास हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर पेड़ से टकरा कर पलट गई। इस दुर्घटना में कार में सवार 6 युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई और उसे सुनकर पास के लोग घर से बाहर निकले।

### कहां मनाने गए थे पार्टी पुलिस कर रही है जांच

स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को बाहर निकाला। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है कि मृतक युवक पार्टी मनाने कहां गए थे। बताया जा रहा है की नए साल का जश्न मना कर होटल से लौटते वक्त यह घटना घटी है। सुबह होते ही लोगों की घटनास्थल पर भीड़ लग गई। शव को क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकला गया। सभी 6 मृतक आरआईटी थाना क्षेत्र के कुलुप्तांगा के रहने वाले थे।

### 2 दोस्तों की बच गई जान

वहीं इस घटना में घायल हुए रविशंकर के पिता सुनील झा ने बताया कि इस हादसे में 6 युवकों की मौत हो गई लेकिन उनका बेटा ठीक है। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी के साथ ये हादसा हुआ है उसमें कुल 8 लोग सवार थे। इसमें से 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 युवकों की जान बच गई। उन्होंने कहा कि सभी युवक बाबा आश्रम इलाके के रहने वाले थे।

## अडाणी ने विदेशी फर्म से मिलाया हाथ!

# एशिया की सबसे बड़ी बस्ती धारावी का होगा कायाकल्प

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय अरबपति गौतम अडाणी ने मुंबई के स्लम एरिया धारावी का कायाकल्प करने के लिए पहले बोली जीती और फिर बीते साल सितंबर महीने में इस काम को अंजाम देने के लिए एक नई कंपनी बनाई है। अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी खबर आई है कि अडानी ग्रुप ने धारावी के पुनर्विकास के लिए एक ग्लोबल टीम का चयन किया है और इसके लिए मशहूर आर्किटेक्टर हफीज कॉन्ट्रैक्टर को जिम्मा सौंपा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी ग्रुप की ओर से ऐलान किया गया है।



### अडाणी ने चुनी ग्लोबल टीम

गौरतलब है कि गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी प्रॉपर्टीज ने मुंबई के स्लम पुर्नवास प्राधिकरण के साथ मिलकर एक ज्वाइंट वेंचर बनाया है, जिसके जरिए धारावी का रि-डेवलपमेंट किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस ज्वाइंट वेंचन ने इस काम के लिए एक ग्लोबल टीम को रखा है, जो प्रोजेक्ट के बढ़ते विरोध के बीच एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्तियों में से एक धारावी के पुनर्विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नए साल के जश्न में जिंदगी जाम...



**पटना।** नए साल 2024 के पहले दिन सोमवार को पटना में लोकनायक गंगा पथ पर जाम में घंटों फंसे रहे वाहन।

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि

## युद्ध की स्थिति में हमला नहीं करेंगे दोनों देश

# भारत-पाक ने परमाणु ठिकानों की सूची का किया आदान-प्रदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान ने अपने उन परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची आपस में साझा की है जिन पर युद्ध की स्थिति में हमला नहीं किया जा सकता है। दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं, इसके बावजूद दोनों देशों ने 1992 से चली आ रही इस संधि को कायम रखा है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी।

इस समझौते (एग्रीमेंट ऑन द प्रोहिबिशन ऑफ अटैक अगेंस्ट न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन एंड फैसिलिटीज) पर दोनों देशों ने 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षर किए थे और यह 27 जनवरी 1991 को लागू हुआ था। इस एग्रीमेंट में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान हर वर्ष 1 जनवरी को समझौते में शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे। यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 33वां आदान-प्रदान है। पहला आदान-प्रदान 01 जनवरी 1992 को हुआ था।

परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के अलावा दोनों देशों ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का भी आदान-प्रदान किया। भारतीय पक्ष ने पाकिस्तान से उन 184 भारतीय मछुआरों की रिहाई में तेजी लाने को कहा, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है फिर भी वहां की जलों में बंद हैं। इसके अलावा भारत ने 12 अन्य कैदियों की तत्काल कॉन्सुलर एक्सेस (राजनयिक पहुंच) की मांग की, जिन्हें भारतीय नागरिक माना जाता है।

### गत 10 वर्षों में पाक से वापस आए हैं 2706 कैदी



एमईए के बयान के मुताबिक 2014 के बाद से, कुल 2,639 भारतीय मछुआरों और 67 कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया गया है। इसमें 478 मछुआरे और 9 कैदी शामिल हैं जिन्हें इसी साल वापस लाया गया। 2008 के मुंबई हमलों के बाद से भारत और पाकिस्तान किसी औपचारिक या निरंतर बातचीत में शामिल नहीं हुए हैं। बता दें कि 2008 में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने मुंबई में 8 जगहों पर गोलीबारी और बम विस्फोट को को अंजाम दिया था, जिसमें 166 लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हुए थे।

### संपर्क के प्रयास

दोनों पक्षों के राजनीतिक नेतृत्व ने संपर्क फिर से शुरू करने के प्रयास किए। लेकिन, पाकिस्तान स्थित समूहों के सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों ने इन प्रयासों को पटरी से उतार दिया। 2019 के पुलवामा हमले के बाद दोनों के बीच शत्रुता बढ़ गई। इस हमले में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) को दोषी ठहराया गया था। हालांकि, पर्दे के पीछे दोनों देशों के बीच राजनयिक चैनलों से बातचीत चलती रही। तीसरे देश में दोनों देशों के खुफिया और सुरक्षा अधिकारियों की बैठक भी हुई, जिसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम है।



घर से बाहर निकलकर लोगों ने बचाई जान

# भूकंप और सुनामी से थर्राया जापान, लोगों ने आपदा का किया डटकर मुकाबला

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

इशिकावा प्रान्त के नोटो क्षेत्र में समुद्र में 5 मीटर तक लहरें उठने का अनुमान है। लोगों को जल्द से जल्द ऊंचे स्थानों या पास की इमारत की ऊपरी मंजिलों पर चले जाने के लिए कहा गया। बिजली घरों के बंद होने के दावा किया गया है। निगाटा प्रान्त, टोयामा प्रान्त, यामागाटा प्रान्त, कागा इशिकावा प्रान्त, फुकुई प्रान्त और उत्तरी ह्योगो प्रान्त में जोएत्सु, चुएत्सु, काएत्सु और सादो के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। भूकंप के झटके से सड़क पर दरारें पड़ गईं। कई लोगों के घर ढह गए। ट्रेन सेवाएं भी रोक दी गई हैं। परमाणु संयंत्र बंद होने से करीब 34000 घरों की बिजली गुल हो गई।

### भूकंप से हालात

समंदर में उथल-पुथल, पत्तों की तरह हिली ट्रेनें, जमीन पर आई दरार

भारतीय दूतावास ने जारी किए इमरजेंसी नंबर, 34000 घरों की बिजली गुल

### कितनी तीव्रता कितनी खतरनाक?

कोई भूकंप कितना खतरनाक है? इसे रिक्टर स्केल पर मापा जाता है। भूकंप में रिक्टर पैमाने का हर स्केल पिछले स्केल के मुकाबले 10 गुना ज्यादा खतरनाक होता है।

- 0 से 1.9 की तीव्रता वाले भूकंप का पता सिर्फ सीज्मोग्राफ से ही चलता है।
- 2 से 2.9 की तीव्रता का भूकंप आने पर हल्का कंपन होता है।
- 3 से 3.9 की तीव्रता का भूकंप आने पर ऐसा लगता है जैसे मानो बगल से कोई ट्रक गुजर गया हो।
- 4 से 4.9 की तीव्रता के भूकंप में खिड़कियां टूट सकतीं हैं। दीवारों पर टंगे फ्रेम गिर सकते हैं।
- 5 से 5.9 की तीव्रता वाले भूकंप में घर का फर्नीचर हिल सकता है।
- 6 से 6.9 की तीव्रता वाला भूकंप इमारतों की नींव को दरका सकता है, ऊपरी मंजिलों को नुकसान पहुंच सकता है।

### खतरनाक सुनामी की लहरें उठने की आशंका

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा, निगाटा और टोयामा वहीं प्रान्त के पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी जारी की है। 5 मीटर तक ऊंची सुनामी पहुंच गई है। अमेरिकी एजेंसी के मुताबिक भूकंप केंद्र के 300 किमी के दायरे में जापान तट पर खतरनाक सुनामी की लहरें उठने की संभावना है। इशिकावा प्रान्त में वाजिमा शहर के तट पर 1 मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठीं।

### रूस और उत्तर कोरिया में सुनामी की चेतावनी

रूस ने भी सुदूर पूर्व में स्थित सखालिन द्वीप के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने उत्तर कोरिया और रूस के सुदूर पूर्व के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है।

### 3 घंटे में लगे 30 झटके, बिखरा सामान

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक स्टोर में आलमारियों में रखे गए सामान कैसे भूकंप के कारण भरभरा कर गिरने लगे। वीडियो में भूकंप से घबराए लोग बचने और छिपने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोग भय से घरों से बाहर निकल कर बैठे हैं। कई इलाकों में सड़कों में भी बड़ी दरारें आ चुकी हैं। पिछले 3 घंटों में मध्य जापान में 30 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, जिनकी तीव्रता 3.6 से 7.6 तक रही है।

### सबसे खतरनाक भूकंप 2011 में

*बता दें कि जापान, "रिंग ऑफ फायर" पर स्थित है, यह दुनिया के सबसे अधिक भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। 11 मार्च, 2011 को जापान के उत्तरपूर्वी तट पर 9.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे बड़े पैमाने पर सुनामी आई, 18,000 से अधिक लोग मारे गए। 1900 के बाद से दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा भूकंप था।*

## खबर संक्षेप

### हमास ने इजराइल पर 20 रॉकेट दागे

**गाजा पट्टी।** नए साल की पहली सुबह सोमवार को फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर करीब 20 रॉकेट दागे। हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। हमास ने कहा है कि उसकी अल-कसम ब्रिगेड जायोनी नरसंहार के जवाब में तेल अवीव शहर और उसके बाहरी इलाके में 'एम90' रॉकेटों से बमबारी कर रही है। इस संघर्ष की शुरुआत पिछले साल 7 अक्टूबर को हुई थी। हमास के सैकड़ों आतंकवादियों ने इजराइल में घुसकर नरसंहार करने के बाद 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था।



### पाक में आधी रात को फायरिंग, 30 जख्मी

**कराची।** पाकिस्तान में नए साल के मौके पर कार्यक्रम में आधी रात को जबरदस्त हवाई फायरिंग की गई। इससे 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। कराची पुलिस ने फायरिंग के लिए जिम्मेदार 65 लोगों को गिरफ्तार किया है। घायल लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल है, उन्हें शहर के जिन्ना पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल सेंटर, डॉक्टर रूट सिविल हॉस्पिटल कराची और अब्बासी शहीद अस्पताल में ट्रीटमेंट के लिए भर्ती कराया गया। कराची शहर में फायरिंग फायरिंग के ज्यादातर मामले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट से सामने आए हैं।



भारत सरकार ने की बड़ी कार्रवाई

## गोल्डी बराड़ यूएपीए के तहत आतंकी घोषित

*गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है।*

*पंजाबी सिंगर मूसेवाला की हत्याकांड का मास्टरमाइंड भी बराड़ को बताया जा रहा*

### भारत में कई बड़े अपराधों में रहा शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित कर दिया है। भारत सरकार ने यह फैसला यूएपीए के तहत लिया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है। वह भारत में कई बड़े अपराधों में शामिल रहा है।



### कनाडा में रहकर गोल्डी अपराध को कर रहा ऑपरेट

फिलहाल गोल्डी बराड़ कनाडा में हैं और वहीं से अपनी अपराध की दुनिया को ऑपरेट कर रहा है। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्याकांड का मास्टर माइंड भी गोल्डी बराड़ को बताया जाता है। पंजाबी सिंगर मूसेवाला की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी।

### गोल्डी मोस्ट वॉन्टेड गैंग्स्टर्स में से एक

गोल्डी बराड़ पंजाब के मौजूदा मोस्ट वॉन्टेड गैंग्स्टर्स में से एक है और फिलहाल कनाडा में रह रहा है। माना जाता है कि वह कॉलेज का एक ड्रॉप आउट छात्र है, और पढ़ाई छोड़ने के बाद से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय है। साल 2019 में गोल्डी बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह भारत के कई नेताओं को धमकी भरे कॉल करने, फिरौती मांगने और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर हत्याओं के दावों को पोस्ट करने के लिए भी जाना जाता है।

राजस्थान में 15 जनवरी तक डेजर्ट साइक्लोन-2024 का आयोजन

## आज से भारत और यूएई के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूएई के बीच मंगलवार 2 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास डेजर्ट साइक्लोन-2024 आयोजित किया जाएगा। यह सैन्य अभ्यास राजस्थान के जैसलमेर में होने जा रहा है। बता दें डेजर्ट साइक्लोन-2024 के तहत किए जाने वाले संयुक्त अभ्यासों का उद्देश्य शहरी अभियानों में श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात मित्रता के सशक्त संबंधों को साझा करते हैं। ये संबंध दोनों देशों के बीच के सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक आदान-प्रदान पर आधारित हैं। रक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (सेना) के सोशल मीडिया हैंडल पर इस संबंध में एक वीडियो शेयर करते हुए जानकारी दी गई है। ये वॉर एक्सरसाइज दोनों देशों के बीच काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि इस दौरान दोनों देशों की सेनाएं शहरी ऑपरेशंस में अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए एक-दूसरे के सबसे बेहतर तरीके शेयर करेंगे और सीखेंगे।


### खास बातें

- भारतीय नौसेना भी कर चुकी हैं संयुक्त युद्धाभ्यास
- श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना

*डेजर्ट साइक्लोन-2024 के तहत किए जाने वाले संयुक्त अभ्यासों का उद्देश्य शहरी अभियानों में श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना है।*

*दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध*

*भारतीय सेना ने वीडियो शेयर कर दी भूकंप की जानकारी*



### 2008 में किया था पहला संयुक्त युद्धाभ्यास

भारत और यूएई के बीच पहला संयुक्त एयर फोर्स अभ्यास सितंबर 2008 में अबुधाबी के अल-धफरा बेस पर आयोजित हुआ था। इसके साथ ही अबुधाबी में होने वाली द्वि-वर्षीय इंटरनेशनल डिफेंस ऐग्जीबिशन में भारत हिस्सा लेता आ रहा है। दरअसल, बीते कुछ सालों में भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग खासा मजबूत हुआ है। रेग्युलर एक्सचेंज प्रोग्राम के अलावा डिफेंस ट्रेनिंग और डिफेंस इन्वेंटरी की सप्लाई के मामले में दोनों देशों के संबंध काफी बेहतर हुए हैं।

### इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए महत्वपूर्ण अभ्यास

*सूत्रों ने बताया कि हाल ही में इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए इस युद्धाभ्यास को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शहर में अगर दुश्मन घुस आए तो उससे किस तरह से निपटा जाए। आतंकी कहीं छिपे हैं तो उनसे किस तरह तकनीक का सहारा लेकर उनको खत्म किया जाए।*

*आसमान से ही घरों में छिपे दुश्मन को नेस्तनाबूद करना, रणनीति व सिद्धांतों पर जानकारी साझा करना आदि कई तरह के शहरी ऑपरेशन इस दौरान किए जाएंगे।*

*ताकि यदि दोनों में देशों में इस तरह कि सिचुएशन हो तो उससे किस तरह से निपटा जाए आदि पर दोनों सेनाएं अपना अपना युद्ध कौशल साझा करेंगी।*

### 1972 में राजनयिक संबंध

*दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक संबंधों की शुरुआत साल 1972 में हुई थी। यूएई ने 1972 में दिल्ली में अपना दूतावास शुरू किया था। वहीं, भारत ने अबुधाबी में साल 1973 में अपना दूतावास खोला था। द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध भी बीते दिनों में काफी मजबूत हुए हैं। इसे देखते हुए इस अभ्यास को काफी अहम माना जा रहा है।*

### बीते वर्ष भी दोनों देशों का संयुक्त युद्धाभ्यास आईएनएस त्रिखंड ने लिया हिस्सा

इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी परिचालन में बेस्ट प्रैक्टिस और साझा करके अंतरसंचालनीयता (इंटरऑपरेशनबिलिटी) को बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व बीते वर्ष अगस्त में दोनों देशों की नौसेना एक संयुक्त युद्धाभ्यास कर चुकी है। इस युद्धाभ्यास में भारतीय नौसेना के आईएनएस विशाखापत्तनम और आईएनएस त्रिखंड ने हिस्सा लिया था।

श्रम कानून का उल्लंघन करने पर कोर्ट ने सुनाई सजा

## बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस दोषी करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेशी नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को सोमवार को देश के श्रम कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया गया है। प्रासीक्यूटर खुर्शीद आलम खान ने कहा कि प्रोफेसर यूनुस और उनके तीन ग्रामीण टेलीकॉम सहयोगियों को श्रम कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया है और 6 महीने के कारावास की सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि अपील लंबित रहने तक चारों को तुरंत जमानत दे दी गई है। इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताकर प्रचारित किया गया है।

### लाखों लोगों की मदद, पीएम से रिश्ते अच्छे नहीं

83 साल के मोहम्मद यूनुस को अपने माइक्रोफाइनेंस बैंक के साथ लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का क्रेडिट दिया जाता है, लेकिन प्रधान मंत्री शेख हसीना के साथ उनके रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं। शेख हसीना उनके ऊपर 'गरीबों का खून चूसने' का आरोप लगाती रही हैं। शेख हसीना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित 2006 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के खिलाफ कई तीखे हमले किए हैं। अर्थशास्त्री यूनुस और उनके द्वारा स्थापित कंपनियों में से एक ग्रामीण टेलीकॉम के तीन सहयोगियों पर श्रम कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप है, हालांकि वह इससे इनकार करते रहे हैं। मोहम्मद यूनुस के लिए बराक ओबामा सहित कई नोबल विजेता ने समर्थन जताया है। जब मोहम्मद यूनुस सितंबर में सुनवाई के लिए गए तो एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सरकार पर श्रम कानूनों को हथियार बनाने का आरोप लगाया था।



जयशंकर जाएंगे नेपाल, पीएम प्रचंड का ऐलान

## भारत और नेपाल करेंगे एक दीर्घकालिक बिजली समझौता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि इसी सप्ताह होने वाली भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की यात्रा के दौरान भारत और नेपाल एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।



### प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान बनी थी सहमति

नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान लंबी अवधि के लिए बिजली समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत नेपाल से अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदने के लिए सहमत हुआ है। प्रचंड का कहना है कि नेपाल पनबिजली सेक्टर में बड़ा बदलाव ला रहा है। नेपाल इस समय भारत को 450 मेगावाट बिजली का निर्यात कर रहा है।

एनआईए ने छापेमारी कर की पूछताछ, साजिश का खुलासा

## दूतावासों पर हमला बोलने वाले 43 की पहचान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा स्थित भारतीय दूतावास पर हुए हमलों के मामलों में भारत को बढ़त मिली है। भारत ने हमलों में शामिल 43 संदिग्धों की पहचान की है। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने इन संदिग्धों की पहचान क्राउडसोर्सिंग के माध्यम से की गई है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारतीय राजनयिक मिशनों पर हमला मामले को अपने हाथों में ले लिया था। हमलों के सभी 43 संदिग्धों की पहचान भी एनआईए ने ही किया है। एनआईए ने अलग-अलग 50 जगह छापेमारी की और करीब 80 लोगों से पूछताछ की है।



### कार्रवाई में 94% रही सजा की दर

एनआईए ने वर्ष 2023 में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ 68 मामले दर्ज करके 1000 से अधिक छापे मारे। 625 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि 74 आरोपियों की दोषसिद्धि के साथ 94.70 प्रतिशत सजा की दर भी एक उपलब्धि रही। ओटावा और लंदन स्थित भारतीय उच्चायोगों और सैन फ्रांसिस्को में महावाणिज्य दूतावास पर हमलों के बाद कई जगहों पर छापे मारे थे। इसमें आपराधिक अतिक्रमण, बर्बरता और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को 43 संदिग्धों की पहचान की गई। मिशनों पर हमलों के पीछे की साजिश को उजागर करने के प्रयासों के तहत 50 छापे और तलाशी ली गई।

जम्मू को लेकर आज उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे अमित शाह

## जीरो टेरर पॉलिसी, कानून व्यवस्था और सुरक्षा मुद्दों पर फोकस

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी रहेंगे मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक आज मंगलवार को नई दिल्ली में होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कर सकते हैं। जीरो टेरर पॉलिसी, कानून व्यवस्था की स्थिति और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में गृहमंत्री सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश में विकास पहलों की समीक्षा करेंगे। गृहमंत्री एरिया डोमिनेशन प्लान, जीरो टेरर प्लान, कानून व्यवस्था की स्थिति, यूएपीए से जुड़े मामलों की समीक्षा करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के पुलिस महानिदेशकों के अलावा गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर के संबंधित अधिकारी भी शामिल होंगे।

### खास बातें

- 28,400 करोड़ के परिव्यय और 2021 में औद्योगिक विकास पर चर्चा

### औद्योगिक विकास की परियोजनाओं पर चर्चा



केंद्र ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 28,400 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 2021 में जम्मू और कश्मीर के औद्योगिक विकास के लिए एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना अधिसूचित की थी। गृहमंत्री केंद्र शासित प्रदेश की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर सकते हैं। साल 2022-23 के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में 2153.45 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ। 2023-24 में नवंबर 2023 तक 2326.65 करोड़ वसूली की गई है। गृहमंत्री ने पिछले साल 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी।

### 13 अप्रैल को भी की थी समीक्षा बैठक

साथ ही उन्होंने पिछली बैठक में कहा था कि आतंकवादियों के समर्थन और सूचना तंत्र को खत्म करने के लिए 360 डिग्री सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाएगा। मंत्री ने पिछले साल 13 अप्रैल को केंद्र शासित प्रदेश नई दिल्ली की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा बैठक भी की थी, जिसमें सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई थी।

मोहम्मद मुइज्जू बुरे फंसे

## परंपरा से हटकर... भारत से पहले चीन जाने की तैयारी में मालदीव के राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पहले भारत दौरे की सालों पुरानी परंपरा तोड़ने की तैयारी में हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मालदीव के नए राष्ट्रपति जल्द ही चीन का दौरा कर सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन अगर मोहम्मद मुइज्जू अगर ये चीन दौरा करते हैं तो यह पहली बार होगा जब मालदीव का लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति भारत से पहले चीन का दौरा करेंगे। साल 2008 से ही मालदीव का सभी राष्ट्रपति पहले भारत आते रहे हैं। इनमें भारत के विरोधी माने जाने वाले नेता मोहम्मद वाहिद और अब्दुल्ला यामीन का नाम भी शामिल है।





नए वर्ष के पहले दिन मैहर में 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए मां शारदा के दर्शन

# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ओंकारेश्वर में स्थित ममलेश्वर मंदिर पहुंचकर की नव वर्ष की शुरुआत, लाखों श्रद्धालुओं ने प्रदेश के मंदिरों में टेका मत्था

मनोज त्रिवेदी ⏭ ओंकारेश्वर

नए साल की शुरुआत में ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर- ममलेश्वर के दर्शन के लिए तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन के लिए तीनों स्थानों से गर्भगृह में प्रवेश की व्यवस्था की है। भगवान ओंकारनाथ के दर्शन के साथ ही नर्मदा में स्नान के लिए घाटों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा हुए हैं। स्थानीय प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए अलग से व्यवस्था की है। भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतार देखी जा रही हैं।

बता दें कि साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर सहित नए साल पर तीर्थनगरी में बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़ रहे हैं। शीतकालीन अवकाश की वजह से लगभग एक सप्ताह से यहां दर्शनों के लिए भारी भीड़ आ रही है। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी जंगबहादुर सिंह ने बताया कि प्रतिदिन 60 हजार से अधिक श्रद्धालु व पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए सुबह और भोग आरती के दौरान पट जल्दी खोले जा रहे हैं।



### नर्मदा स्नान कर सूर्य को अर्घ्य देकर की नए साल की शुरुआत

भगवान महादेव की नगरी ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने का सिलसिला एक सप्ताह से बना हुआ है। साल के पहले दिन घाटों पर नर्मदा स्नान के लिए भीड़ रही। संगम घाट, नगर घाट, गोमख घाट, कोटितीर्थ, अभय घाट सहित अन्य सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया।



### मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर रहे ओंकारेश्वर

सीएम डॉ. मोहन यादव रविवार को हेलिकॉप्टर से ओंकारेश्वर पंहुचे, यहां नवीन बस स्टैंड पर स्थित जोड़ गणपति हनुमान मंदिर में दर्शन कर आश्रम के महंत मंगलदास त्यागी महाराज से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ओंकारेश्वर बांध के जलाशय में स्थित सैलानी टापू पर पहुंचे यहां पुत्र सहित नौका विहार का लुफ्त ऊठाया तथा रात्री विश्राम किया। सोमवार सुबह नर्मदा के दक्षिण तट पर स्थित ममलेश्वर मंदिर पहुंचकर ममलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर हेलिकॉप्टर से वापस भोपाल रवाना हो गए।

## 300 जवानों की सुरक्षा में श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन

**सतना।** नए वर्ष 2024 के पहले दिन मैहर में मां शारदा देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। पहले दिन सुबह से लेकर देर शाम तक 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शारदा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने सोमवार को हरिभूमि को बताया कि दोपहर तक लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके थे।



मंदिर परिसर से लेकर दूर तक श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी

थी। शाम तक 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यहां पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीधी, रीवा और सिंगरौली से सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी के लिए मैहर भेजा गया है। लगभग 300 सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्वक लोग माता के दर्शन कर रहे हैं।

## नव वर्ष के प्रथम दिन 50 हजार से अधिक श्रद्धालु भक्त पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार

**नलखेड़ा।** नववर्ष 2024 परिवार में सुख-समृद्धि, खुशहाली लेकर आए ऐसी मंगल कामना को लेकर सोमवार को वर्ष के प्रथम दिवस को प्रदेश सहित देशभर से हजारों की संख्या में भक्त मां बगलामुखी के दरबार पहुंचे, जहां भक्तों द्वारा मां के दर्शन, पूजन व हवन अनुष्ठान किए गए। भक्तों द्वारा देवी दर्शन कर अपने नववर्ष की शुरुआत की गई। सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें माता के दर्शन के लिए लगने लगी, जो देर शाम तक जारी रही। इस दरमियान हजारों की संख्या में माता भक्त सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ पहुंचे। भक्तों द्वारा मंदिर में दर्शन पूजन किया गया, साथ ही कई भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किया।माता मंदिर पर पहुंचे इन भक्तों द्वारा मां के समक्ष शीश नवाकर नववर्ष 2024 परिवार में सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली लेकर आए इस तरह की कामना की गई। वहीं कई जनप्रतिनिधियों तथा न्यायिक व प्रशासनिक क्षेत्र की कई हस्तियां भी वर्ष के प्रथम दिन सोमवार को मां बगलामुखी के दरबार पहुंचे थे।





### माता की कृपा बनी रहे

नववर्ष के प्रथम दिन माता मंदिर पहुंचे भक्तों में से इंदौर के राजेन्द्र जैन ने बताया कि नववर्ष 2024 की शुरुआत हमने परिवार सहित मां के मंदिर से की है और माता से यह कामना की गई कि परिवार में सुख, शांति समृद्धि और खुशहाली आपकी कृपा से बनी रहे। इसी प्रकार रतलाम से आई माता भक्त रेणुका माहेश्वरी ने बताया कि मैं विगत 15 साल से माता मंदिर आती हूं।

### दर्शन मात्र से मनोकामना होती है पूर्ण

मां बगलामुखी की यह प्रतिमा काफी प्राचीन होकर चमत्कारी है इसके दर्शन मात्र से ही भक्तों की सारी मनोकामना की पूर्ति होकर सारे दुखों व कष्टों का निवारण होता है। माता मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा गुरुदेव ने बताया कि नववर्ष के प्रथम दिन की तैयारी के लिए हमने 31 दिसंबर की रात्रि में माता का विशेष चोला चढ़ाकर आकर्षक रूप से मनोहरी रूप में प्रतिमा को श्रृंगारित किया गया व गर्भगृह की भी आकर्षक सजावट की गई। माता मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्तों के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। तथा भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा भक्तों को माता मंदिर के गर्भ गृह के बाहर से ही दर्शन करवाए गए।

## नए साल के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की, संस्थाओं ने किए आयोजन

भोपाल। नए साल के पहले दिन लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इससे दिनभर भोजपुर मंदिर, छोला खेड़ापति हनुमान मंदिर, सीहोर गणेश मंदिर, सलकनपुर वाली माता सहित शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मंदिरों में कथा, सुंदरकांड, हवन, पूजन और भजन के आयोजन किए गए। सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी धार्मिक आयोजन किए गए।

### सुंदरकांड, हवन-पूजन और भजन कर नववर्ष का किया अभिनंदन





### भगवान के दर्शन कर की शुरूआत

नव वर्ष को लोग अपने जीवन की अच्छाइयों से जोड़ते हैं। वर्ष 2024 का आगाज के पहले दिन बिड़ला मंदिर, गुफा मंदिर, माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्त पहुंचे। राजधानी के आसपास के मंदिरों में भक्त पहुंचे। **कंकाली: दर्शनार्थियों की भीड़** कंकाली माता धाम में भी दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लगी। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दर्शनार्थियों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की गई थी। भीड़ को देखते हुए परिसर में बैरिकेड्स लगाए गए।

### भोजपुर: उमड़ा जनसैलाब

भोजपुर स्थित शिवालय में नए साल पर दिन भर में तकरीबन 70 हजार से अधिक दर्शनार्थी पहुंचे। **दिन भर खुला रहा बिड़ला मंदिर:** शहर का लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर मंदिर के प्रबंधक केके पांडे ने बताया कि नए साल पर मंदिर में बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों ने भगवान के दर्शन किए। नेहरू नगर स्थित महालक्ष्मी मंदिर करुणाधाम आश्रम में नए साल पर विशेष व्यवस्था की गई थी। लालघाटी गुफा मंदिर में नए साल में सुबह से रात्रि तक दर्शनार्थियों की भीड़ रही। बड़वाले महादेव मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया।

**पेंटिंग के साथ ही दीवारों व आसपास के क्षेत्रों में चलाया स्वच्छता अभियान**

## नए वर्ष मनाने के लिए श्रमदान करने मल्टीलेवल पार्किंग की दीवारों पर की पेंटिंग

**भोपाल।** नया वर्ष मनाने के लिए सोमवार को कई लोगों ने श्रमदान कर एमपी नगर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की दीवारों पर पेंटिंग की। इस दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के साथ बच्चों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

मल्टीलेवल पार्किंग के आसपास व अंदर काफी समय से गंदगी देखी जा रही थी। इसको लेकर कई बार वाहन चालकों व अन्य लोगों ने कई बार शिकायत भी की थी, लेकिन नगर निगम ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। इस पर एक संस्था द्वारा नए वर्ष के पहले दिन श्रमदान के तहत मल्टीलेवल पार्किंग के आसपास नया वर्ष मनाने के लिए इस स्थान का चयन किया गया। यही कारण है कि पार्किंग के अंदर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर दीवारों पर की पेंटिंग की गई। इस संबंध में लोगों ने कहा कि वो लोग हर वर्ष इसी तरह के कार्य करते आ रहे हैं।

## नए साल के पहले दिन की शुरुआत दान-पुण्य से की, गरीबों को बांटे कंबल

**भोपाल।** नए साल के पहले दिन की शुरुआत कई समाज सेवियों व समितियों द्वारा जरूरतमंद या गरीब लोगों को दान-पुण्य कर किया। किसी ने मंदिरों में व वृद्धाश्रम में फल का वितरण किया तो किसी ने सर्दी से बचाने के लिए गरीबों को कंबल व गरम कपड़े वितरण किए।





### सर्व मांगल्यम समूह ने बांटे जरूरतमंदों को गर्म कपड़े

सर्व मांगल्यम समूह की ओर से नए साल के पहले दिन की शुरुआत विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर जरूरतमंदो के लिए गर्म कपड़े, खाद सामग्री वितरण कर की। सर्व मांगल्यम समूह संस्थापक रमाकांत शुक्ला ने बताया कि समूह ने नए साल के पहले दिन सड़क पर रात गुजारने वाले असहाय गरीबों को सर्दी से बचाने के गर्म कपड़े वितरित किए। इसके तहत मालीखेड़ी के पास गरीबों व श्रमिकों को कंबल देकर सेवा का सम्मान किया।

### वितरित किए कंबल

भेल जनसेवा समिति, भोजपाल महोत्सव मेला टीम द्वारा गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने के लिए कंबल का वितरण करने का अभियान चलाया जा रहा है। नए साल की शुरुआत समिति की ओर से गरीबों व असहाय कंबल वितरण कर किया।

**तुम सेवा से पाओगे पार विचार मंच का आयोजन**

## 133 लोगों ने श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित शिविर में किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नव वर्ष का प्रारंभ और जन सेवा की पवित्र भावना को लेकर श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में सुषमा शर्मा की स्मृति में 1 जनवरी 2023 रविवार को जरूरतमन्दों के हितार्थ, हमीदिया ब्लड बैंक के लिए डॉ. पुनीत टंडन, डॉ. रिनी मलिक और डॉ. उमेंद्र मोहन शर्मा के निर्देशन में तुम सेवा से पाओगे पार विचार मंच और श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहरवासियों और समाजजन के सहयोग से कुल 133 यूनिट ब्लड कलेक्ट हुआ। इस शिविर में पहली



बार रक्तदान करने वाले युवाओं में ईशान अग्रवाल, अरुण, गौरी, राहुल, निखिल और आर्यन अग्रवाल ने इस सकारात्मक पहल की सराहना की। वहीं दीपा चतुर्वेदी ने पति अंकित, डॉ. प्रशांत त्रिपाठी ने पत्नी पूजा, पन्ना लाल द्विवेदी, अमित चौधरी, राकेश शर्मा के साथ ब्लड डोनेट किया।

## पुरानी स्मृतियां व नकारात्मक संस्कारों का दहन कर किया नववर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हम जब भी नया साल मनाते हैं। सोचिए हम अपने अंदर क्या नया लाते हैं। आज इस नव वर्ष के उपलक्ष्य में हम सभी अपने अंदर की पुरानी स्मृतियां व नकारात्मक संस्कारों का सदा के लिए दहन करेंगे। नए दैवी संस्कारों का सृजन करेंगे। हम सभी अपने अंदर की कमजोरियों को समझते हैं। यह कमजोरी और पुरानी स्मृतियां अक्सर हमारे वर्तमान को प्रभावित करती हैं। आज से हम सभी दृढ़ संकल्प रूपी तीली से पुराने संस्कारों को एवं स्मृतियों को भस्म करें और नए वर्ष का स्वागत नए संस्कारों के साथ करें। नए संसार की रचना करें। इन वचनों के साथ वरिष्ठ राजयोगी बीके रामकुमार ने सब उपस्थित श्रोताओं को प्रोत्साहित किया।

इसके बाद सभी के हाथ में एक-एक पेपर दिया गया। जिस पर सभी ने अपनी पुरानी स्मृतियां तथा नकारात्मक संस्कारों को लिखा। फिर से एक गहरा ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया गया। उसके बाद सभी ने बारी-बारी उन पेपर्स को यज्ञ कुंड में स्वाहा कर दिया। ब्रह्मा कुमारीज सुख शांति भवन की डायरेक्टर बीके नीता दीदी ने सभी को नए वर्ष के उपलक्ष्य में इस नए वर्ष में सदा सकारात्मक रहने का संकल्प कराया। सभी ने खुश होकर खूब तालियां बजाई, गीत गाया, नृत्य किया। खुशी के माहौल से सारा वातावरण भरपूर हो गया। डॉ. दिलीप नलगे ने सभी को उमंग उत्साह दिलाने वाला नववर्ष का गीत प्रस्तुत किया। बीके नीता दीदी की अध्यक्षता में व सभी बहनों ने भी इस हवन में आहुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका नेगी ने किया।

**जनवरी से मार्च तक दिन रहेंगे सामान्य से ज्यादा सर्द**


## आज कुछ जिलों में बूंदाबांदी, घना कोहरा, रात का पारा बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदल रहा है। सोमवार को भोपाल सहित कुछ जिलों में बादलों का आना जाना रहा। दिन में ही धुंध और हवाओं की रफ्तार बढ़ने से अधिकतम तापमान में कमी रही। उत्तरी और पश्चिमी मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में दिन के तापमान में गिरावट से हवाओं में सर्दी घुली रही। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। कहीं-कहीं बूंदाबांदी के भी आसार हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ उत्तर प्रदेश में ऊपरी हवा के चक्रवात के रूप में मौजूद हैं, जिससे प्रदेश के मौसम में कुछ बदलाव हो रहे हैं। मंगलवार को उत्तरी और पश्चिमी मप्र में कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की उम्मीद है। इनमें गुना, राजगढ़, सागर आदि जिले शामिल हैं।

**ग्वालियर, दतिया, सतना, छतरपुर में रहेगा कोल्ड-डे**

**ग्वालियर, चंबल, सागर संभाग में मध्यम से घना कोहरा**



### यहां घने कोहरे का असर

मंगलवार को ग्वालियर, दतिया, सतना, छतरपुर जिलों में कोल्ड-डे रहेगा। वहीं ग्वालियर, चंबल, सागर संभाग में मध्यम से घना कोहरा रहेगा। नीमच, मंदसौर में घने कोहरे के अलावा रीवा संभाग में भी मध्यम कोहरा रहेगा। विदिशा, रायसेन, भोपाल, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, अगरतला जिलों सहित कई जिलों में भी कोहरे का असर रहेगा। इधर सोमवार को भोपाल सहित कई जिलों में धुंध और बादलों के असर के साथ ही हवाओं की रफ्तार भी सामान्य से अधिक रही। इससे दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री की गिरावट रही।

### जनवरी से मार्च तक दिन रहेंगे सर्द

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश और प्रदेश के लिए जनवरी से मार्च तक मौसम के प्रमुख कारकों का पूर्वानुमान जारी किया है। मप्र में भी जनवरी से मार्च के बीच बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। दिन में धुंध, कोहरे और हवाओं के बदलाव से दिन में तापमान सामान्य से कम रहेगा, जबकि रात का तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इससे जनवरी के क्लाइमेट के अनुसार दिन का पारा सामान्य से कम और रात का अधिक रहेगा।

## अक्षत कलश का हुआ पूजन

**भोपाल।** विश्व हिन्दू परिषद की ओर से श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा अभियान के तहत अयोध्या से आए अक्षत कलश घर-घर पहुंच अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को राजधानी के विभिन्न इलाकों में अक्षत कलश का पूजन किया। राजधानी के कटारा हिल्स क्षेत्र के गौरीशंकर परिसर में अक्षत कलश पहुंचने पर पूजन किया गया। गौरीशंकर परिसर के रहवासियों ने बताया कि राम जन्मभूमि के गौरवशाली इतिहास एवं संघर्ष से परिचय कराते है। हमारी अनेक पीढ़ियों ने श्रीराम जन्मभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और आज हम वह सौभाग्यशाली पीढ़ी है कि हमारे सामने भव्य राम मंदिर तैयार हो रहा है।

## नए साल पर साढ़े चार करोड़ की शराब पी गए भोपाली

### 30 से 35 फीसदी ज्यादा रही शराब की खपत

**भोपाल।** राजधानी में नए वर्ष के जश्न में राजधानी के शौकीनों ने साढे 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब गटक ली। रविवार और 31 दिसंबर होने के कारण जिले में शराब की खपत रोजाना के तुलना में 30 से 35 प्रतिशत ज्यादा रही। इधर, आबकारी विभाग ने 31 दिसंबर को सिर्फ एक दिन की शराब पार्टी के लिए 117 लाइसेंस लाइसेंस जारी किए थे। जबकि पिछले साल 150 लाइसेंस जारी किए थे।

राजधानी में रविवार रात करीब 200 होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट और फार्म हाउस में नए साल के जश्न के आयोजन हुए। इनमें से 117 संचालकों ने एक दिन की शराब पार्टी के लिए लाइसेंस लिए थे। इसके अलावा 70 बार, रेस्टोरेंट और रिसोर्ट के पास शराब पिलाने के अलग-अलग लाइसेंस पहले से हैं। जिले में शराब की 87 शराब की लाइसेंसी दुकानें हैं। सूत्रों ने बताया कि इन सभी दुकानों से सरकार को रोजाना 2.18 करोड़ रुपए की लाइसेंस फीस मिलती है।

### 27 वाहन चालकों पर एमबी एक्ट का मामला दर्ज

भोपाल। नए साल के अवसर पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 27 वाहन चालकों पर एमबी एक्ट की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने 8 दोपहिया वाहन चालकों,छह चार पहिया वाहन चालक पर कार्रवाई की। इसी तरह थाना पुलिस की ओर से चार दो पहिया वाहन,8 चार पहिया वाहन व एक आटो सहित 13 वाहनों पर चालानी कार्रवाई।

# बैंक के अफसर और 18 ग्राहकों ने बैंक को लगाया 52.25 लाख का चूना, गोल्ड लोन लेने गिरवी रखे नकली जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बाइपास इलाके में कैनरा बैंक की शाखा के कर्मचारियों ने करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा किया है। नकली सोने को असली बताकर 18 परिचितों का गोल्ड लोन अप्रूव करा दिया। इससे बैंक को 52.25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। री-अप्रेजल में इस बात का खुलासा होने के मामले की शिकायत की गई थी। जिसकी जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी, पद का दुरुपयोग सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

ईओडब्ल्यू को बैंक की तरफ से जानकारी दी गई कि अयोध्या बाइपास स्थित ब्रांच में रविंद्र कुमार सोनी स्वर्ण वेल्युअर के पद पर पदस्थ हैं। नितिन सिंह भी इसी बैंक में पदस्थ हैं। रविंद्र ने 18 ग्राहकों को नकली सोने पर लोन पास करा दिया। जांच में पाया गया कि बैंक की शाखा अयोध्या बाइपास भोपाल ने 12 नवंबर 2021 से 30 मार्च 2022 तक गोल्ड लोन दिए। 23 ऋणों में नकली सोना पाया गया है, जिसके बाद सभी बीस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। सोने का मूल्यांकन बैंक अधिकृत स्वर्ण मूल्यांकक अरविंद कुमार सोनी ने किया था। बता दें कि कैनरा बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय गोल्ड लोन का री-अप्रेजल प्रत्येक 3 माह बाद करता है।

## 12 नवंबर 2021 से 30 मार्च 2022 तक गोल्ड लोन लिए

### इनके खिलाफ ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया मामला

जांच में 23 ऋणों में नकली सोना पाया गया है, जिसके बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। ईओडब्ल्यू ने ममता विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, फतेह राजौरिया, तेज सिंह निवासी-189 मंदिर मोहल्ला नरेला शंकरी,कमल पाटीदार दुर्गा चौक के पास, नरेला शंकरी, नितिन सिंह मकान नंबर 106 अयोध्या बायपास टनाटन ढाबा के पीछे झील नगर, जुगल किशोर कोरी निवासी- 431 विजय नगर चादबड़ रोड, धर्मेन्द्र राजपूत 58 पटेल मोहल्ला नरेला शंकरी अयोध्या नगर, पंकज मेहरा पिता धर्मदास मेहरा, निवासी- 87, अयोध्या बायपास रोड, क्यूनमेरी हायर सेकंडरी विद्यालय के पास, शंकर गार्डन, मनोज कुमार सिंह 23 ए शेड अशोका गार्डन, रानी नसरीन बी 45 न्यू कालोनी चर्च हुजुर,अमर चंद बसंत कुंज अयोध्या बाइपास रोहित सुर्यवंशी निवासी इंद्रपुरी, सुभाष शाह, निवासी- 28 छत्रपति नगर, अजय प्रकाश प्रजापति निवासी- 116 अर्चना कैंपस नेरेला शंकरी, सुमित उज्जैनवाल निवासी 62-ए सचीदानंद नगर, कृष्ण कुमार राम 246 श्याम नगर, बरखेडा पठानी, राजकुमार विश्वकर्मा निवासी 11 झील नगर, अरविन्द कुमार सोनी पिता बाबूलाल सोनी मकान नंबर 183 फेस 05 अयोध्या नगर, साहब सिंह उर्फ अब्बू पिता करन सिंह निवासी मकान नंबर 22 झील नगर वार्ड 68 अयोध्या में रहने वाले को आरोपी बनाया है।

# चेकिंग पाइंट पर ट्रैफिक आरक्षक को कार ने मारी टक्कर, बोनट पर लटककर वाहन चालक को रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ में सीहोर नाका के पास चल चेकिंग के दौरान एक कार चालक ने ट्रैफिक आरक्षक को टक्कर मार दी। आरोपी कार ड्राइवर बोनट पर आरक्षक को लटकाकर काफी दूर तक ले गया। आरक्षक ने भी हार नहीं मानी और पेसेंजर साइट की खिड़की से अंदर घुसकर ड्राइवर को रोक लिया। इस घटना में आरक्षक को मामूली चोट आई है।

पुलिस ने उक्त मामले में कार ड्राइव कर रहे युवक पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, एक्सीडेंट करने और शराब पीकर वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को बैरागढ के सीहोर नाका में चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक कार को को रुकने का इशारा किया गया। कार ड्राइव कर रहे युवक ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। कार की रफ्तार बढ़ने से यातायात का आरक्षक संदीप जाट बोनट से टकरा गया। बोनट पकड़ने के बाद भी ड्राइवर उसे लटकाकर ले गया। आरोपी की पहचान तरूण शर्मा (39) साल निवासी 71 लाला लाजपत राय कॉलोनी अशोका गार्डन के रूप में की गई है।

## खबर संक्षेप



### स्कूली शिक्षा के साथ धर्म शिक्षा भी जरूरी: आचार्य

**मंडीदीप**। संस्कार देने का अर्थ आत्मा को गुणों से अलंकृत करना है। यह प्रवचन कथावाचक आचार्य सूरज पाठक महाराज ने तुलसी गार्डन में स्थित श्री शीतलकुंड बालाजी धाम पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन दिए। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और मेहनत से कमाया हुआ धन ही मनुष्य के जीवन का विकास करता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, प्रेमशंकर साहू आदि मौजूद रहे।

### नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए 13 खिलाड़ी चयनित



**मंडीदीप**। नगर के 13 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय नेटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खेल प्रशिक्षक निसार उल्ला ने बताया कि चयनित खिलाड़ी सोमवार को दिल्ली रवाना हुए। इन खिलाड़ियों में नितेश यादव, अंकेश तिवारी, नमन यादव, प्रथम गिरी, खुशी यादव, अदिति परमार, अमन राज गिरी, क्षितिज शुक्ला, कुमकुम साहू, भाग्यश्री, मोनिका चौहान, सानिया खान तथा अपूर्वा पाठक है। कोच मोहित पटेल हैं।

### लोधी ने नववर्ष पर किया पौधरोपण



**मंडीदीप**। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री संतोष लोधी ने नव वर्ष और जन्मदिन पर प्राचीन स्थान 55 सीढ़ी पर पौधरोपण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल**। पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के पुत्र दिनेश लोधी पर उत्पात मचा कर जानलेवा हमले का आरोप लगा है। दिनेश लोधी पर पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। बीती रात दिनेश लोधी ने अपनी स्कॉर्पियो कार तेजी व लापरवाही से चला कर जलालपुर में ही रहने वाले रविंद्र यादव के घर के बाहर खड़ी एक्टिवा स्कूटर को टक्कर मारी, जिससे वहां खड़े रविन्द्र और उनका मासूम भतीजा बच गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। बता दें कि रविंद्र यादव कुख्यात गैंगस्टर भगवान दास कमरिया का नजदीकी रिश्तेदार है, जिसकी करीब एक दशक पहले कुछ लोगों ने घर के बाहर गोली से भूनकर हत्या कर दी गई थी।

### औबेदुल्लागंज थाने के नए टीआई होंगे सुधीर



**औबेदुल्लागंज**। औबेदुल्लागंज थाने के नए टीआई अब सुधीर अर्जरिया होंगे।

### संतनगर में नववर्ष पर सत्संग आयोजित

**संतनगर**। सोमवार को संत निरंकारी मंडल बैरागढ़ में नए वर्ष के उपलक्ष्य में सत्संग हुआ। कोटा से आए विद्वान प्रचारक महात्मा नजीर अहमद ने प्रवचन में संदेश दिया कि हम गुरमत पर चलते हुए अच्छी जिंदगी जिएं और एक नेक इंसान बनें। संत निरंकारी मंडल बैरागढ़ ब्रांच के संयोजक महेश वीधानी ने विद्वान प्रचारक महात्मा नजीर अहमद का स्वागत किया। सत्संग की व्यवस्थाएं बैरागढ़ ब्रांच के संचालक अशोक नाथानी, विजय कृपलानी, सुषमा ग्वालानी, विजय नाथानी आदि ने की।

## श्मशानघाट के सामने नवनिर्मित पुल पर सोमवार तड़के 4 बजे हादसा

# लहारपुर में 35 फीट ऊंचे पुल से गिरी कार वाहन में सवार चार युवकों का सुराग नहीं

» पुलिस को सिर्फ हादसे की जानकारी, कार में कौन था, नहीं लगा पता

» झुग्गी बस्ती के लोगों का दावा- हादसे के समय कार में चार लोग थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित लहारपुर पुल पर स्वीफ्ट कार पुल से नीचे गिर गई। घटना सोमवार सुबह करीब चार बजे की है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो कार में कोई भी नहीं मिला। करीब पचास मीटर की दूरी पर स्थित झुग्गी बस्ती के लोगों का कहना है कि हादसे के समय कार में चार लोग थे। हालांकि पुलिस को अस्पताल से कोई सूचना नहीं मिली है।

पुलिस की टीम आसपास के अस्पताल और एम्स पहुंची थी, वहां न तो घायल मिले और न ही किसी की मौत की सूचना। पुलिस का कहना है कि कार के नंबर के आधार पर मालिक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 11 मील बायपास से झागरिया होते हुए कोलार की तरफ जाने वाली नव निर्मित अस्सी फीट रोड पर लहारपुर पुल से सुबह करीब चार बजे के आसपास नीले रंग की स्वीफ्ट कार नीचे गिर गई। पुलिस को सुबह चार बजे के आसपास एक्सीडेंट की जानकारी मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो अंधेरा होने के कारण परेशानी आ रही थी। पुलिस की टीम नीचे पहुंची तो कार उल्टी पड़ी हुई थी। पुल के नीचे नाले में पानी कम था। कार के पहिये ऊपर की तरफ थे। पुलिस को कार में अंदर कोई भी नहीं मिला। पास ही स्थित झुग्गी के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि हादसे के समय कार में चार लोग थे।



### ठेकेदार ने न बैरिकेड्स लगाए और न कार्य प्रगति पर है का बोर्ड लगाया

#### सीधी सड़क देखकर लोग वाहन लेकर आते हैं

ग्यारह मील से झागरिया होते हुए बागसेवनिया की तरफ जाने वाले वाहन चालक इसी रोड से होते हुए निकलते हैं। रोड नया बना है और पुल का काम चल रहा है। इससे पूर्व एबीडीएल पैराडाइज कॉलोनी के पास नई और सीधी सड़क देखकर लोग अपनी कार सीधे ले जाते हैं। दरअसल, नवनिर्मित पुल का काम लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन उस पर से आवागमन शुरू नहीं किया गया है। बाइक और स्कूटर सवार इसी पुल के बगल वाले पुराने पुल से होते हुए निकलते है। बाइक और स्कूटर को देखकर कार के चालक पुल तक जाते हैं और पुल बंद देखकर लौट आते हैं। यह सिलसिला करीब दो महीने से चल रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा एबीडीएल कॉलोनी के सामने न तो बेरिकेट्स लगवाए गए और न ही कार्य प्रगति पर है का बोर्ड लगाया गया।

#### सुबह से रात तक पड़ी रही कार

कटारा हिल्स पुलिस ने कार खिचवाकर पानी से थोड़ी दूर सीधी खड़ी करवा दी थी, लेकिन कार को बाहर नहीं निकाला गया। लिहाजा पुलिस के समाने स्थित दूसरे पुराने पुल से भीड़ सुबह से शाम तक खडड़ होकर कार देखती नजर आई।

#### दोनों ब्रिज के बीच से घुसी कार

मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि श्मशान घाट के सामने बने नव निर्मित पुल और बगल वाले पुल के बीच करीब दस फीट का फासला है। पुराने ब्रिज के साइड वाल पर घिसटने के निशान है। अनुमान है कि तेज रफ्तार में कार पुराने ब्रिज से घिटकर अंदर पत्थरों से होते हुए नाले में घुसी

#### मिट्टी धसकने से वाहनों पर गिरी मारुति, वाहन क्षतिग्रस्त

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित तीन मोहरा के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात मिट्टी धंसकने से सड़क पर खड़ी मारुति कार नीचे पार्किंग में खड़ी कारों पर जा गिरी। इस घटना में नीचे पार्किंग में खड़ी कार क्षतिग्रस्त हुई है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात किसी अज्ञात चालक ने अपनी मारुति कार सड़क किनारे पार्क की थी। सड़क किनारे करीब 12 फिट नीचे चार पहिया वाहनों की पार्किंग है। अचानक मिट्टी धंसकने से ऊपर खड़ी मारुति कार नीचे वाहनों पर जा गिरी। हादसा होते ही लोग वहां एकत्रित हो गए। पुलिस को अब तक मारुति कार के मालिक का पता नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि अब तक कोई व्यक्ति न तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आया है और न ही गिरने वाली कार का सुराग मिला है। जिन वाहनों पर कार गिरी है, उनके मालिकों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# तीसरी मंजिल से गिरी दो साल की मासूम, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखरिया थाना क्षेत्र स्थित एलएनसिटी कैंपस में तीसरी मंजिल की बालकनी से गिरकर दो साल की मासूम घायल हो गई। उसे परिजन इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान रविवार शाम मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दीपांशु बरैया, एलएनसिटी कॉलेज कैंपस में रहते हैं। वे एलएनसिटी में नौकरी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो साल की इकलौती बेटी क्रिशबी थी।

क्रिशबी चंचल थी और शनिवार दोपहर अपनी मां के साथ बालकनी में खेल रही थी। इस बीच उसने मां से पानी मांगा। मां पानी लेने किचन में पहुंची तो क्रिशबी ग्रिल के बीच से नीचे गिर गई। करीब तीस फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। माता-पिता उसे लेकर एम्स पहुंचे, वहां इलाज के दौरान रविवार शाम क्रिशबी की मौत हो गई।

#### कैब ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित प्रेम नगर छोला में आर्थिक तंगी से परेशान होकर कैब ड्राइवर ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस के अनुसार, जगदीश साहू पिता राम प्रसाद साहू (35) प्रेम नगर छोला में रहता था और कैब चलाता था। उसके परिवार में माता-पिता, पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। परिजन ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। इसके बाद रात करीब 11 बजे के आसपास ऊपर वाले कमरे में गया। वहां फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पत्नी कमरे में पहुंची तो उसने पति को फांसी के फंदे पर देखकर शोर किया था। परिजन ऊपर पहुंचे और जगदीश को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## नागर के जन्मदिन पर किया पौधरोपण





**औबेदुल्लागंज**। धाकड़ समाज के नेता, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर का जन्मदिन समर्थकों ने मनाया। उनके जन्मदिन पर धाकड़ समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, अशोक जायसवाल, अशोक शर्मा, आशीष दीक्षित ने केक काटा। व्यापार संघ अध्यक्ष अशोक मित्तल, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, गिरीश चावला, विजय चौहान, देवेंद्र चौहान, पत्रकार भूपेंद्र नागर, राजेश सैनी आदि ने जन्मदिन पर पौधरोपण किया।




## संकल्प यात्रा में ग्राम मेंदुआ और कीरत नगर में जन शिविर में हुआ जन संवाद

**औबेदुल्लागंज**। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को कीरतनगर एवं ग्राम मेंदुआ में पहुंची। ग्राम मेंदुआ में भाजपा नेता मोहन पटेल के नेतृत्व में यात्रा का संचालन किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को हित लाभ प्रमाण पत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गईं। इस दौरान कीरतनगर के सरपंच नंदकिशोर कीर, महेश कीर, बाला प्रसाद, जन अभियान परिषद के सेक्टर प्रभारी वीर सिह चौहान, बद्री प्रसाद लोवंशी, ओम चौकसे, नीलेश चौकसे, बालाराम सेठ आदि मौजूद थे।

## नेता प्रतिपक्ष खटीक ने दिया आवेदन

# नगर परिषद में पति बन गए अध्यक्ष व पार्षदों के प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद में 9 पार्षद महिलाएं हैं अध्यक्ष उपाध्यक्ष भी महिलाएं हैं। मतदाता ने भले ही महिला जनप्रतिनिधियों को चुना हो, लेकिन इन महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पार्षदों का कामकाज उनके पति ही संभालते हैं। यह भी दिलचस्प है कि पति खुद को अपनी पत्नी का प्रतिनिधि नियुक्त करवा लेते हैं, वही नगर निकाय एक्ट के तहत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद अपना प्रतिनिधि नहीं बना सकते है। एक पार्षद पत्नी ने बताया कि हम घर का कामकाज करते हैं। पार्षद है, लेकिन पति ही सब देख रहे हैं।

एक और महिला पार्षद ने फोन पर बताया कि सारा काम पति देख रहे हैं। पर हमें जानकारी रहती हैं।

#### परिषद में पतियों का हस्तक्षेप न हों

वार्ड 11 से लक्ष्मी चौकसे पार्षद, अध्यक्ष है। नमिता अग्रवाल वार्ड 15 से पार्षद है और उपाध्यक्ष है। वार्ड 13 से हेमलता चौरसिया, वार्ड 2 से भारती सेठी, वार्ड 3 से प्रीति चौधरी, 8 से सरोज नागर, वार्ड 1 से समीक्षा यादव, वार्ड 10 से सना ममनून, वार्ड 9 से राधा साहू पार्षद है। इन सभी पार्षदों के पति सक्रिय हैं। प्रतिपक्ष नेता एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक ने बताया कि सीएमओ को आवेदन दिया है कि पतियों का परिषद में हस्तक्षेप न हो।

## 28वें लेफ्टिनेंट जनरल प्रित पाल सिंह ने सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली



**संतनगर**। लेफ्टिनेंट जनरल प्रित पाल सिंह ने सोमवार को 28वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल विपुल शिंगल, सेना मेडल से सुदर्शन चक्र कोर की बागडोर संभाली। 34 वर्षों से अधिक के कार्यकाल में उन्होंने सेना में कमांड से संबंधित क्रम में सक्रिय लड़ाकू भूमिकाएं निभाई हैं। वह रेगिस्तान से लेकर आतंकवाद विरोधी अभियानों तक विभिन्न सैन्य थिएटरों का विस्तृत अनुभव रखते हैं। जनरल ऑफिसर, ब्रिगेड, डिवीजन, कोर, कमांड और रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण कमांड, स्टाफ और निर्देशात्मक नियुक्तियों पर कार्यरत रहे हैं।

## तड़के 4 बजे से लगा भक्तों का तांता



**मंडीदीप**। नए साल के पहले दिन सोमवार सुबह 4 बजे से ही भोजपुर शिव मंदिर में शिवभक्तों का तांता लगा रहा। नगर के 55 श्री हनुमान मंदिर जाखला धाम हनुमान मंदिर पर भी परिवार सहित लोग पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। प्रशासन ने सुरक्षा कड़े प्रबंध किए थे। शिव मंदिर को फूलों से सजाया गया।



### नववर्ष पर मुनिश्री को दिया आहार

जैन समाज ने नववर्ष पर श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में त्रय विधान का आयोजन किया। इसके बाद मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद जैन ने इटारसी में पहुंचकर मुनिश्री निर्णय सागर महाराज को आहार प्रदान किया। विनोद जैन ने बताया कि नव वर्ष में धार्मिक आयोजन किए गए।

# कैब ड्राइवर ने 75 साल की वृद्ध के बैग से चुराया पर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ग्यारह मील के पास इंटरनेशनल स्कूल के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला के पर्स से कैब ड्राइवर ने पर्स निकाल लिया। उसमें 1200 रुपए और सोने का हार था। बदमाश 3 लाख रुपए का माल चुराकर ले गया था। पुलिस ने कैब ड्राइवर का पता लगाते हुए उसे गिरफ्तार कर चुराया गया हार बरामद कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि 75 साल की रेखा वर्मा, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पास ग्यारह मील पर रहती हैं। वे निजी स्कूल में प्रिंसिपल रह चुकी है। गत 22 दिसंबर को रेखा वर्मा बेंगलुरु जाने के लिए निकली थी। इस दौरान उन्होंने ओला कैब बुक की। कैब का चालक उनके घर पहुंचा और उन्हें कार में बैठा लिया। रेखा ने बताया कि उन्हें बेक पैन की शिकायत है। लिहाजा वह कैब ड्रावइर के बगल वाली सीट पर बैठी थी। इस दौरान कैब ड्राइवर ने कहा कि एक बार घर का ताला ठीक से चेक कर लीजिए फिर चलते हैं। रेखा कैब में पर्स छोड़कर घर का ताला चेक करने चली गई। ताला चेक करने के बाद रेखा को कैब चालक ने एयरपोर्ट पर छोड़ दिया। एयरपोर्ट पर चेक इन के समय सामान की चेकिंग हुई तो पता चला कि उनके पर्स के अंदर से छोटा पर्स चोरी हुआ है। वे बेंगलुरु पहुंची और बेटी को घटना की जानकारी दी थी।

## सौतेले भाई ने बनाया बहन का वीडियो

**भोपाल**। श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में सौतेले भाई ने अपनी 14 साल की बहन का नहाते समय वीडियो बना लिया। इस बात की भनक नाबालिग को लगी तो वह मां के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चौदह साल की नाबालिग आठवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके पिता सौतेले हैं। पिता का एक बेटा है। माता पिता मजदूरी करते हैं। नाबालिग ने बताया कि शनिवार को बुआ से मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। बातचीत के बाद उसने मोबाइल देखा तो उसे अपना अश्लील वीडियो नजर आया। उसने मां को जानकारी दी। मां ने पूछताछ की तो पता चला कि उक्त वीडियो उसके सौतेले भाई ने नहाते समय बनाया था।

## पूज्य बहराणा साहब फलदायी, कल्याणकारी व देशभक्ति के हैं प्रतीक

# पूज्य बहराणा साहब के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज़ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख समाज संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना, मनोकामना पूर्ण करने वाले पूज्य बहराणा साहब के महत्वपूर्ण पर्व पर विश्व बहराणा साहब दिवस मनाया गया।

एच-वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में हुए कार्यक्रम में पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने पूज्य बहराना साहब के महत्व पर प्रकाश डाला। पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी ने पूज्य बहराना साहब को सुखदायी, फलदायी, प्रगतिशील, कल्याणकारी एवं देश भक्ति का प्रतीक बताया।

### पूज्य सिंधी पंचायत ने मनाया विश्व बहराणा साहब दिवस



#### आयोजन के लिए पूज्य सिंधी पंचायत की प्रशंसा

इस अवसर पर पार्षद व एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने पहली बार आयोजन के लिए पूज्य सिंधी पंचायत की प्रशंसा की। झूलेलाल मंदिर के ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी व नारायण दास लालवानी ने अतिथियों का शॉल व फूल माला से सम्मान किया। बहराणा साहब की पूजा-अर्चना, भगवान झूलेलाल के भगत परषोत्तम हरचंदानी ने करवाई। भगवान झूलेलाल के भजन भाई मोतिराम एण्ड पार्टी ने प्रस्तुत किए। जिस पर श्रद्धालू झूमते हुए नजर आए।

#### महाआरती का हुआ आयोजन

महाआरती के बाद सबके कल्याण के लिए पलव (सामूहिक प्रार्थना) करने वालों में भगत रमेश रीझवानी, मुरलीधर हरचंदानी एवं बलदेव शामिल रहे। इस अवसर पर दयाल डेटानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, मोहन मीरचंदानी, गुलाब जेठानी, हरीश मेहरचंदानी, माधव पारदासानी, राज मनवानी, घनश्याम लालवानी, मूलचंद वीधानी, प्रताप राय तेजवानी, नरेश पारदासानी सहित लोग उपस्थित थे।

मानव संग्रहालय में पक्षी दर्शन शिविर का आयोजन

# पर्यावरण संतुलन में पशु-पक्षियों की भूमिका भी है बहुत अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय एवं भोपाल बर्ड्स संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पक्षी दर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य संग्रहलाय परिसर में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों को चिन्हित करना था। इस शिविर में 40 पक्षी प्रेमियों ने भाग लिया, जिनमें बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय डॉ. अमिताभ पांडे द्वारा किया गया। डॉ. पांडे ने संग्रहलाय परिसर में पाए जाने वाले पक्षी एवं अन्य जैवविविधिता की जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को दी।





## पेड़-पौधों के साथ ही पशु-पक्षियों की संख्या हो रही कम

उन्होंने आगे बताया कि पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़-पौधों के साथ ही पशु-पक्षियों की भूमिका भी अहम है, लेकिन मनुष्य के अत्यधिक हस्तक्षेप के चलते इन सबकी संख्या कम होती जा रही है। यदि हम जल्द नहीं चेते तो स्थिति भयावह हो सकती है। कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से जहां पक्षियों की संख्या कम होती जा रही है, वहीं कुछ प्रजातियां तो विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी है। भोपाल पक्षी संरक्षण सोसाइटी के मो. खालिक एवं संगीता राजगीर ने शिविर के दौरान पक्षी प्रेमियों को संग्रहालय में विचरण कर रहे पर्पल सनबर्ड, रूफ्स ट्रीपाई, लैसर गोल्डेनबैक, लैसर वाइट थ्रोट, चिफचैफ, ग्रीन बीइटर, ग्रे हार्नबिल, इंडियन रोबिन, गोल्डन ओरियल, कॉपरस्मिथ बारबेट, प्लम हेडेड पैराकीट, ग्रे फ्रैंकोलिन आदि पक्षियों के बारे में विस्तार से बताया।

## राज्य संग्रहालय में दुर्लभ शैलचित्र और शिल्पखंड के छायाचित्र पेश

# महाराष्ट्र, गोवा और कठौतिया व कलमोड़ा ग्राम के साथ मनोरा के शिल्पखंड शैलचित्रों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान द्वारा निष्पादित पुरातत्वीय गतिविधियां एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भोपाल मंडल के सौजन्य से भारत की शैलचित्र कला की झलक पर प्रदर्शनी का आयोजन राज्य संग्रहालय में किया गया है।

इस एग्जीबिशन में दुर्लभ शैलचित्र और शिल्पखंड के छायाचित्र दर्शक 6 जनवरी तक देख सकते हैं। एग्जीबिशन में महाराष्ट्र, गोवा, कठौतिया के शैलचित्रों के अलावा कलमोड़ा ग्राम व मनोरा के शिल्पखंड दर्शकों के बीच में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। एग्जीबिशन में देश के विभिन्न स्थानों से उत्खनन में प्राप्त शिल्पखंड और गुफाओं से प्राप्त शैलचित्र को प्रदर्शित किया गया है। संग्रहालय की प्रभारी नम्रता यादव ने बताया कि धरोहरों के महत्व एवं उनकी प्राचीनता को समझने के लिए लगाई गई है।





### पुरापाषाण काल से ऐतिहासिक काल तक के शैलचित्र

महराष्ट्र के कोकण समेत कई जिलों में बड़ी संख्या में शैलचित्र पाए जाते हैं, जिनका आकार-प्रकार अधिकांश ज्योग्लिफ्स है। यह पुरापाषाण काल से ऐतिहासिक काल तक के हैं। महाराष्ट्र के बावनथड़ी, देवाचे गोठणे बारसू देवी, हासोल, कुड़ोपी उक्षी इन प्रमुख स्थलों पर शैल चित्र बने हुए हैं। वहीं गोवा के उसगालीमल क्षेत्र में पाए गए शैलचित्रों में नक्काशीदार छवियां के संग्रह में सांप, बैल, कुत्ते, बकरी और हिरण शामिल हैं।

### शैलाश्रय में दिखी मानव आकृतियां

*1975 में पूल शंकर तिवान, कठौतिया द्वारा खोजा गया स्थल भोपाल से लगभग 30 किलोमीटर दक्षिण, पश्चिम में एस आकार की पहाड़ी श्रृंखला पर स्थित है। इस स्थल पर 67 से अधिक शैलाश्रय हैं, जहां मानव, पशु, पक्षी, धार्मिक प्रतीक, युद्ध के दृश्य आदि गहरे लाल रंग में दिखाए गए हैं।*

मंगलवार से लगेगी टिकटों की प्रदर्शनी



### जीपी बिड़ला संग्रहालय में प्रदर्शनी का किया आयोजन

भोपाल। जीपी बिड़ला संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय विश्व रंग महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रदर्शनियां आयोजित की जा रही हैं। सोमवार को पद्मश्री डॉ. विजय शर्मा के सृजनात्मक और संकलन पर आधारित कांगड़ा शैली के चित्रों की 20 छाया प्रतियां और आलेखों की प्रदर्शनी का समापन हुआ। इसमें महाभारत और रामायण के ऐतिहासिक काल के साथ विभिन्न पुराणों का अंश भी लिया गया है। इसके साथ ही विभिन्न संलेखों को सम्मिलित किया गया है।

बिड़ला संग्रहालय में मंगलवार से देश विदेश के विभिन्न विषयों पर केंद्रित टिकटों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्राचार के आने जाने वाले व्ययों, राजस्व, मान सम्मान प्रतिभूतियों के अलग-अलग प्रकाशित टिकट शामिल हैं। इन टिकटों





के छपने की शुरुआत ग्रेट ब्रिटेन से 1840 में हुई थी। प्रदर्शनी में लगभग 500 से अधिक टिकटों का प्रदर्शन होगा। इस दौरान पुरातात्विक विषय पर सिंधु सभ्यता, सांची स्तूप, जैन प्रतिमाएं जैसे टिकट शामिल हैं।

## 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में रंगकर्मी सीख रहे अभिनय की छोटी-छोटी बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रोफेसर कॉलोनी स्थित फ्लाइंग फैरीज स्टूडियोज में चल रही 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों के प्रतिभागी रंगमंच की बारीकियां सीख रहे हैं। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नए रंगकर्मियों को रंगमंच की बारीकियां सीखाना है। कार्यशाला में रंगमंच के सीनियर नाट्य अभिनेता व निर्देशक डॉ. आजम खान ने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से सभी को नाटक से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी दी जा रही है। इस नाट्य कार्यशाला में संवादों का सही उच्चारण, शारीरिक भाव, नाटक और फिल्म के अभिनय में अंतर की जानकारी दी जा चुकी है। कार्यशाला के पूर्ण होने पर फ्लाइंग फैरीज नाट्य संस्था के बहुचर्चित नाटक 'बड़े मियां दीवाने' का मंचन शहीद भवन में किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भोपाल की प्रियंका का चयन

**भोपाल।** शा. नवीन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ स्वयंसेविका प्रियंका समुद्रे का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर (आर.डी.सी.) 2024, नई दिल्ली में हुआ है, जिसमें वह कर्त्तव्यपथ पर मध्यप्रदेश के साथ नारी शक्ति का नेतृत्व करेंगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शोभना जैन ने बताया कि महाविद्यालय में पिछले 10 वर्षों के बाद कोई स्वयं सेविका कर्त्तव्य पथ पर महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी।




## सौरभ अनंत के नाटक प्रेम पतंगा से होगी भोपाल में नए साल की शुरूआत

**भोपाल।** देश की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था विहान ड्रामा वर्क्स वर्ष 2024 की शुरुआत अपने बहुप्रतीक्षित नाटक प्रेम पतंगा के भोपाल में मंचन से कर रही है। नाटक व रंगमंचीय कलाओं के प्रति निष्ठा व प्रतिबद्धता के स्वरूप विहान नए वर्ष की शुरुआत अपनी कला के प्रदर्शन व दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत होकर कर रहा है। इसी उद्देश्य से विहान ने अपने नाटक प्रेम पतंगा को मंचन के लिए चुना है। मंचन कल, 2 जनवरी को शहीद भवन में शाम सात बजे से होगा।

## अभिनय में कविता और अभिनेता के भीतर की कविता के बारे में बताया

**भोपाल।** रंगरेज रंग समूह भोपाल द्वारा कविताओं का रंगमंच, भाग -3 का सफल आयोजन रंगरेज ब्लैक बॉक्स स्टूडियो थिएटर में हुआ। इस कड़ी में लेखक, निर्देशक और अभिनेता संजय मेहता ने प्रतिभागियों को अभिनय में कविता और अभिनेता के भीतर की कविता में परस्पर संबंध के बारे में बताया। उन्होंने कविता का क्रियान्वयन के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि कविता केवल रंगमंच ही नहीं बल्कि वास्तवकि जीवन में रचना शीलता का एक अहम वाहक है। इसके माध्यम से बताया कि कविता भौतिक जगत से आंतरिक जगत तक की यात्रा है, वास्तव में कविता मानव मन का ही विस्तार है, कविता एक अद्भुत विधा है, जिसके जरिए अभिनता अपने सत्व को प्राप्त कर सकता है।

▶ रंगरेज रंग समूह ने किया कविताओं का रंगमंच, भाग -3 का सफल आयोजन



## डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से नवाचार पर फोकस करें: प्रो. सीसी त्रिपाठी



**भोपाल।** सोमवार को राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में नववर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न विभागों के सदस्यों ने निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी से मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निदेशक ने विभागों के कार्यों की समीक्षा और भावी योजनाओं पर मार्गदर्शन किया। प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी को संस्थान विकास के लिए नव संकल्प, सकारात्मक ऊर्जा एवं लीक से हटकर सोचना एवं करना होगा। प्रो त्रिपाठी ने नई कार्य संस्कृति का विकास, कन्वेंशनल से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की तरफ फोकस, ऑटोमेशन, समयबद्ध तरीके से कार्यों का संपादन, एडवांस लैब्स की स्थापना आदि विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नवाचार, नॉलेज को प्रोडक्ट में कैसे बदले व डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रायोगिक ज्ञान के लिए एक्सपेरिमेंट्स डिजाइन की अनिवार्यता पर जोर दिया।

## 11 से 14 जनवरी तक 'परी बाजार हेरिटेज फेस्टिवल सीजन- 4' का आयोजन



यूके, यूएसए, आयरलैंड और दुबई के लोग होंगे शामिल

**भोपाल।** बेगम्स ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित 'परी बाजार हेरिटेज फेस्टिवल सीजन- 4', इस बार जनवरी 11 से 14 जनवरी को कमला पार्क में लगाया जाएगा। इस ऐतिहासिक महोत्सव में न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के कई राज्यों से भी एग्जीबिटर्स प्रदर्शनी में भाग लेंगे। हस्त शिल्प प्रोडक्ट्स और हैंडलूम बुनकरों द्वारा बनाए गए वस्त्र और ड्रेस मैटेरियल्स मुख्य तौर पर प्रदर्शित होंगे। इस बार परी बाजार की थीम रंगे बाग, मध्य प्रदेश के प्रमुख एवं ट्रेडिशनल ब्लॉक बाग प्रिंट को समर्पित है।

### पटियेबाजी, बतोलेबाजी व भोपाली खास खानो पर दास्तांगोई भी शामिल

इस चार दिवसीय महोत्सव में रंगा रंग भोपालीयत को समर्पित कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। खासतौर पर लेडीज कव्वाली का आयोजन और लेडीज चारबैत मुख्य आकर्षण होंगे। साथ ही साथ सूफियाना कव्वाली के लिए देश के नामी कव्वाल मुन्नवर मासूम तशरीफ लाएंगे। पटियेबाजी, बतोलेबाजी और भोपाली खास खानो पर दास्तांगोई भी शामिल है। भोपाल पे चर्चा, महिला उद्यमियों पर टॉक शो, भोपाल के प्रसिद्ध डिजाइनर्स पर टॉक शो, भोपाल के इनफ्लूएंसर्स पर टॉक शो, बुक रिव्यू, मुशायरा आदि भी होंगे।

### फैशन शो में शामिल होंगे प्रदेश के फैब्रिक्स, ब्लॉक्स से डिजाइनड आउटफिट्स

फैशन शो में खासतौर पर मध्य प्रदेश के फैब्रिक्स, ब्लॉक्स द्वारा बनाए गए आउटफिट्स को भोपाल की नामी सशक्त महिलाएं एवं फैशन डिजाइनिंग स्टूडेंट्स प्रदर्शित करेंगे। इस बार परी बाजार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने की कोशिश की जाएगी। यूके, यूएसए, आयरलैंड और दुबई के भारतीय मूल के प्लेटफॉर्म्स पर इसको जोड़ा जाएगा। साथ ही परी बाजार इस बार सरकार की 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान से जुड़ चुका है।

# राजधानी

## जांच टीम ने डीईओ को सौंपी रिपोर्ट, जेई को किया बर्खास्त

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद की रामनगर कॉलोनी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में चलती क्लास में छत का प्लास्टर गिरने के मामले में जिला स्तर पर बनाई गई जांच टीम ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी है। इसके साथ ही मामले में जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है। आगे की कार्यवाही के लिए भी विभाग द्वारा तैयारी की जा रही है। रामनगर कॉलोनी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में बीते शुक्रवार एक कक्षा में छत का प्लास्टर गिर गया था। इस हादसे में शिक्षिका और दो बच्चे घायल हो गए, जिन्हे तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जा गया था।

## नवनिर्मित भवन में शिफ्ट हुआ सांची विवि, नए भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय सोमवार को अपने नवनिर्मित भवन में शिफ्ट हो गया है। विवि के कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने विवि के इस भवन में फीता काटकर वैदिक व बौद्ध पूजा पद्धतियों के साथ प्रवेश किया। 120 एकड़ में फैले कैंपस के एक हिस्से में सबसे पहले तैयार हुए मैत्रेयी कन्या छात्रावास में विवि के अकादमिक व प्रशासनिक कार्यालय को शिफ्ट कर दिया गया।

▶ कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने किया लोकार्पण, सांची विवि को नव वर्ष में नई सौगात

▶ सलामतपुर स्थित 120 एकड़ में फैला परिसर

कक्षाएं भी तत्काल इसी इमारत में लगेंगी। फिलहाल लाइब्रेरी व परीक्षा शाखाएं भी इसी इमारत में शिफ्ट की गई हैं। कुलपति प्रो. लाभ ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को नव निर्मित भवन सांची विवि को दिए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। सलामतपुर-सांची स्थित इस परिसर में बॉयज हॉस्टल, लाइब्रेरी, अकादमिक बिल्डिंग व एडमिन बिल्डिंग तैयार हो रही हैं। ऐसी आशा की जा रही है कि आने वाले 6 महीनों में बाकी इमारतों का हैंडओवर भी सांची विवि को मिल जाएगा। इसी परिसर में खेल मैदान व अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए रिहायशी इमारतें भी निर्मित होंगी। सलामतपुर परिसर में सांची विवि के भवनों का निर्माण मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के द्वारा किया जा रहा है। सांची स्थित एमपीटी गेटवे रिट्रीट के पीछे स्थित भवन में विवि पिछले दो वर्षों व इससे पूर्व सात वर्षों तक बारला स्थित परिसर से संचालित हो रहा था।

### आगामी अकादमिक सत्र से कई नए पाठ्यक्रम

भवन के उद्घाटन के बाद कुलपति प्रो. लाभ ने सभी छात्रों, शिक्षकों व अधिकारियों-कर्मचारियों को नव निर्मित भवन में शिफ्ट होने पर बधाई के साथ नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. लाभ का कहना था कि नए परिसर में विवि अपनी पूर्ण व्यापकता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि विवि आगामी अकादमिक सत्र से कई नए पाठ्यक्रमों को शुरू करेगा। सांची, रायसेन, विदिशा, भोपाल के छात्र शासकीय दरों पर काफी कम खर्च में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम का लाभ उठा सकेंगे।

## माशिमं की 10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति में बदलाव

## जिला स्तर पर होगी केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति, 20 फीसदी अमला रखेंगे रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

बीते सत्र की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से सीख लेते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार कई बड़े बदलाव किए हैं। परीक्षाओं के संचालन के इस बदलाव में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शामिल है।

जिसके तहत इस बार केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति ब्लॉक स्तर पर नहीं होगी, बल्कि जिला स्तर पर रेंडमाइजेशन के आधार पर केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इस प्रक्रिया को 10 जनवरी तक पूरा किया जाएगा। खास बात यह भी है कि इस बार केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति में 20 फीसदी अमला रिजर्व रखा जाएगा। एक बार केंद्राध्यक्षों, सहायक केंद्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति होने के बाद विशेष परिस्थितियों में बदलने का अधिकार कलेक्टर के पास होगा। इसकी सूचना भी माशिमं को देना होगी। साथ ही परीक्षा की गोपनीय सामग्री वितरण के बाद बदलने का अधिकार माशिमं सचिव के अनुमोदन के बाद ही कलेक्टर कर सकते है।

### जिला स्तरीय कमेटी में यह होंगे शामिल

स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों का चयन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा। कमेटी में जिला कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण, समन्वयक संस्था के प्राचार्य व संभागीय अधिकारी माशिमं सदस्य होंगे। कमेटी में सदस्य सचिव जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। कमेटी द्वारा मापदंडों को देखते हुए जिला स्तर पर रेंडमाइजेशन के आधार पर नियुक्ति करेगी।

### अब कॉलेजों में भूमि सुरक्षा अभियान के तहत मंगाई जरूरी जानकारी

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के कॉलेजों में अब भूमि सुरक्षा अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इसके लिए अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ. आलोक निगम ने नववर्ष 2024 के पहले ही दिन सोमवार को आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में कॉलेजों को जारी पत्र में निर्देशित किया गया था कि यदि राजस्व अभिलेख अर्थात खसरे में निर्धारित भूमि स्वामी के कॉलम में महाविद्यालय का नाम या उच्च शिक्षा विभाग का नाम अंकित हो।

## लोकायुक्त ने पटवारी को घूस लेते हुए रंगे हाथों दबोचा जमीन के नामांतरण के नाम पर मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को एक पटवारी को उसके घर में ही रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। पटवारी फौती नामांतरण के बदले पैसों की मांग कर रहा था। इसकी एक किश्त ले भी चुका था, लेकिन दूसरी किश्त लेते ही लोकायुक्त की टीम ने उसे धर लिया। रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया पटवारी पंकज खलको भिंड जिले की गोहद तहसील में पदस्थ है और ग्वालियर में गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में रेलवे पटरी के पास रहता है। फरियादी रवि बघेल ने बताया कि उसकी गोहद क्षेत्र के ग्राम विस्वारी और सोनारी मौजे में पुश्तैनी जमीन है। जो हमारी दादी के नाम थी, लेकिन उनके देहांत के बाद यह जमीन मेरे पिता के नाम होनी थी।

### घर पर पांच हजार लेकर आने को कहा

पटवारी खलको ने नए साल के पहले दिन पांच हजार रुपए लेकर उसके ग्वालियर स्थित घर आने को कहा। चक्कर लगा- लगाकर परेशान हो चुके रवि ने लोकायुक्त दफ्तर पहुंचकर वहां अपनी समस्या बताई तो लोकायुक्त ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया और सोमवार को जैसे ही रवि ने उसके घर पहुंचकर पैसे दिए, वहां पहले से खड़ी टीम ने उसे दबोच लिया और रुपए बरामद कर उसके हाथ धुलवाए तो वह गुलाबी हो गए।

## कटी पतंग की डोर पकड़ते समय आर्च ब्रिज से गिरा युवक

**भोपाल।** तलैया थाना क्षेत्र स्थित आर्च ब्रिज पर सोमवार शाम कटी पतंग की डोर पकड़ते समय एक युवक पानी में गिर गया। उसे तैरना नहीं आता था। घटना की जानकारी लगते ही तलैया पुलिस, नगर निगम और एसडीईआरएफ की टीम को लेकर पहुंची थी। युवक नगर गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह एक बार फिर टीम युवक की तलाश में तालाब जाएगी। पुलिस के अनुसार 20 साल का द्वानिश पिता मोहम्मद शाहिद इंदिरा सहायता नगर, गौतमनगर में रहता है। वह पंचर बनाने की दुकान संचालित करता है। सोमवार को वह अपने दोस्त समीर, फरहान व एक अन्य के साथ घूमने निकला था।

## कोहरे के कारण लगातार लेट हो रही ट्रेनें, यात्री हो रहे परेशान

**भोपाल।** दिल्ली सहित उत्तर भारत में इन दिनों काफी कोहरा पड़ रहा है। दिल्ली, पंजाब, बिहार और उत्तरप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ से आने वाली सभी ट्रेनें एक से लेकर 20 घंटे की देरी से चल रही है। कोहरे ने सभी ट्रेनों की रफ्तार में ब्रेक लगा दिया है। कोहरे के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। सोमवार को भोपाल आने वाली करीब दो दर्जन ट्रेनें एक घंटे 20 घंटे तक की देरी से आई। जिसमें राजधानी आने वाली गाड़ी संख्या 20172 हजरत निजामुद्दीन-रानीकमलापति वंदेभारत एक्सप्रेस 7 घंटे की देरी से आई तो वहीं शताब्दी एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी पहुंची।

▲ वंदे भारत 7 घंटे सचखंड एक्सप्रेस 20 घंटे देरी से पहुंची

### लेट होने वाली ट्रेनें

20172 हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति स्टेशन वंदेभारत एक्सप्रेस 7 घंटे की देरी से आई
22222 मुंबई राजधानी 3 घंटे
12716 सचखंड एक्सप्रेस 20 घंटे लेट
12191 श्रीधाम एक्स. 1.40 घंटे
12002 शताब्दी एक्सप्रेस 3 घंटे लेट आई
12626 केरला एक्सप्रेस 3 घंटे देरी से आई
12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 4 घंटे लेट आई
12618 मंगला लक्ष्यदीप एक्सप्रेस 3 घंटे लेट आई
12650 संपर्क क्रांति 4 घंटे लेट

## भोपाल रेलवे स्टेशन छह नंबर की चार पहिया वाहनों की पार्किंग 25 जनवरी के बाद हो सकेगी शुरू

**भोपाल।** भोपाल स्टेशन पर 28 दिसंबर को प्लेटफॉर्म नंबर- 6 की ओर चार पहियां वाहनों की पार्किंग अचानक बंद कर दी गई। ऐसे में भोपाल स्टेशन के छह नंबर की ओर से सफर करने वाले लोगों को स्टेशन के आसपास की गलियों व स्टेशन के सामने सड़कों पर ही गाड़ी पार्क करना पड़ रहा है। इसके अलावा इस वजह से छूट रही है। वहीं कई लोग ट्रेन में सफर करने की वजह वापस लौटने को मजबूर है। इस तरह की परेशानी अभी यात्रियों को 25 जनवरी तक उठानी पड़ेगी। रेलवे की ओर से पार्किंग ठेकेदार की समय अवधि पूरी होने के बाद अब नए ठेका को लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया के टेंडर बुलाए गए हैं।

## बसों की फिटनेस देखेंगे एसडीएम

**भोपाल।** बसों की फिटनेस की जांच आरटीओ के अलावा एसडीएम भी करेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को आरटीओ और सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में बसों की फिटनेस और दस्तावेजों की जांच करने और कमी पाने पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है। कलेक्टर ने टाइम लीमिट मीटिंग के दौरान यह निर्देश दिए। गुना में बस हादसे के बाद जिला प्रशासन ने सख्ती शुरु की है। दरअसल शहर में भी कई बसें बिना परमिट के दौड़ रही है। सोमवार को कलेक्टर सिंह ने एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में बसों की फिटनेस और दस्तावेजों की जांच करने को कहा है।



हम नववर्ष 2024 में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश कर चुके हैं। सभी की यही कामना है, नया वर्ष नई कामयाबियां और ढेर सारी खुशियां दे। अगर आप वाकई इस वर्ष को सार्थक, सफल और खुशहाल बनाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको शुरुआत से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।

# नूतन वर्षः नई उम्मीदें.. नए संकल्प

आवरण कथा / विनीता

नए साल का आगमन सभी को बहुत उत्साहित करता है। नई उम्मीदों से भरता है। अपने बेहतर भविष्य के लिए लोग मन ही मन नई योजनाएं बनाते हैं, कुछ नए संकल्प भी लेते हैं, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद धीरे-धीरे लोगों का उत्साह ठंडा होने लगता है, वे अपने उन संकल्पों के प्रति लापरवाह हो जाते हैं, जो साल के पहले दिन लिए गए थे। फिर सब कुछ पहले की तरह मंद गति से चलने लगता है। लेकिन आप अगर नए साल के हर दिन को अपने लिए उपयोगी और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा-

### मन से बनें मजबूत

नया साल आपके लिए बेहतर रहे, स्वस्थ रखे, कामयाबी और खुशहाली दे, इसके लिए सबसे पहले आपके मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अर्थात साल की शुरुआत में आप जो भी संकल्प लें, उस पर कायम रहें। भले ही आपका संकल्प बहुत बड़ा ना हो, लेकिन आप खुद से जो भी वादा करती हैं, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करें। मसलन, अगर आपने रोजाना सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने का संकल्प लिया है, तो हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद आपको सही समय पर जागने में आलस महसूस हो, फिर भी हिम्मत जुटाकर उठने की कोशिश करें। इस तरह धीरे-धीरे अभ्यास के साथ आपकी सुबह उठने की आदत हो जाएगी।



### हर हाल में रहें खुश

सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही हैं, यह जीवनचक्र है। इस नए साल के 365 दिन आपके लिए हमेशा एक समान होंगे, ऐसा संभव नहीं है। हो सकता है भविष्य में आपके सामने कुछ ऐसी चुनौतियां या समस्याएं आएं, जिनकी वजह से कभी आपका मन चिंतित या उदास रहे। अगर आप पहले से ही इन बाधाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेंगी तो आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उदास-निराश नहीं होंगी। बड़े धैर्य के साथ हर मुश्किल का सामना करने में सक्षम रहेंगी। इसलिए साल की शुरुआत में खुद से यह वादा करें, 'चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे हर हाल में खुश रहना ही है।' जब भी मन तनावग्रस्त हो, तो अपने इस संकल्प को याद करें, तो इससे आपको अपनी उदासी दूर करने में मदद मिलेगी।



### सेहत का रखें ध्यान

अगर आप जीवन में सफलता अर्जित करना चाहती हैं, तो इसके लिए सबसे पहले सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में परिश्रम कर पाएंगी। इसके लिए संतुलित और पौष्टिक खान-पान अपनाएं, नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय निकालें।

### बनें वक्त के पाबंद

जो लोग समय की कीमत पहचानते हुए इसका सदुपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसलिए इस वर्ष की शुरुआत से ही ठान लें कि आप अपनी दिनचर्या को इस ढंग से सुव्यवस्थित करेंगी कि आपके कीमती वक्त का एक भी पल बर्बाद ना हो। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। आज के कार्य को कल पर टालने की आदत से बचें। जहां तक संभव हो मोबाइल या गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें, ताकि आप अपने कीमती वक्त का सही इस्तेमाल कर सकें।

### अपनी प्राथमिकताएं पहचानें

अपने कार्यों की प्राथमिकता को पहचानते हुए उन्हें उसी के अनुसार पूरा करने की कोशिश करें। जो कार्य आपके लिए ज्यादा जरूरी हों, उसे सबसे पहले पूरा करें। उसके बाद ही अन्य कार्यों पर ध्यान दें। अगर आपने इस साल के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी एकाग्रता से उसे प्राप्त करने की कर संभव कोशिश करें, तभी सफलता मिलेगी।

### अपना भी रखें खयाल

अंत में सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन की तमाम जिम्मेदारियों के बीच आप स्वयं को ना भूल जाएं। अगर आप दूसरों के बीच प्यार और खुशियां बांटना चाहती हैं, तो पहले खुद से भी प्यार करना सीखें, क्योंकि जब आप स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी, तभी अपने करीबी लोगों का भी खयाल रख पाएंगी। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय निकालें और खुद के लिए भी जीना सीखें। अपनी रुचि से जुड़े उन रचनात्मक कार्यों के लिए समय जरूर निकालें, जिनसे आपको सच्ची खुशी मिलती है।

अगर आप मजबूत इरादे के साथ इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो यह नया वर्ष निश्चित रूप से आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आएगा।

## नन्हे-मुन्नों के लिए नए रूल्स



नया साल दस्तक दे चुका है। हर एज ग्रुप के लोग कुछ खास करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसे में घर के बड़े नए साल में बेहतरी की ओर बढ़ने के रेजॉल्यूशन बनाते हुए बच्चों को भी ना भूलें। कई छोटी-छोटी बातें नए साल में नियम बनकर बालमन को भी दिशा दे सकती हैं। बच्चों को सधी हुई जीवनशैली से जोड़ सकती हैं। खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी और अच्छे बिहेवियर तक। बच्चों के लिए भी पैरेंट्स न्यू ईयर रेजॉल्यूशन जरूर बनाएं। यकीन मानिए, बच्चे भी इससे खुश होंगे।

**खूब बातें करेंगेः** नए साल में बच्चों से खूब बातें करने का नियम बनाएं। आजकल बच्चे भी गुमसुम रहने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से स्कूल, पार्क, दोस्तों, सोसायटी और परिवार के लोगों से बातें करने का रेजॉल्यूशन बनाएं। घर के छोटे सदस्यों से कहें कि वे बड़ों के साथ अधिक से अधिक बातें साझा करने के रूल को फॉलो करें। इससे ना केवल आपसी संवाद बेहतर होगा बल्कि बच्चों के मन की उलझनें भी सामने आएंगी।

**स्क्रीन फ्री टाइम बिताएंगे :** इस एक संकल्प के बिना दूसरी एक्टिविटीज को पूरा करना मुश्किल है। बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाने से लेकर सुरक्षा तक खतरा बनी, वर्चुअल दुनिया को दिए जा रहे समय की कटौती जरूरी है। गैजेट्स से पूरी तरह दूर नहीं हुआ जा सकता पर टाइम कम देने का रेजॉल्यूशन बनाकर हर चीज के लिए समय निकाला जा सकता है। अपनी पसंद के अनुसार कुछ नया सीखने या स्पोर्ट्स खेलने की बात हो या समय से सोने-जागने और पढ़ाई-लिखाई का नियम हो, स्मार्ट गैजेट्स की व्यस्तता बच्चों को कुछ भी समय पर नहीं करने देती। सो इससे बचना जरूरी है।

**वीकली शेड्यूल बनाएंगेः** बच्चों के लिए हर दिन का शेड्यूल बनाना जरा मुश्किल हो सकता है। वीकली अपने रुटीन के अनुसार एक्टिविटीज करने के लिए कुछ नियम बनाए जाएं तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पढ़ने-खेलने या मन का कुछ करने का समय मिल सकता है। वे अपनों के साथ वक्त बिता पाते हैं। यह साथ और संवाद बालमन के व्यवहार और सोच को भी दिशा देता है। अपनी पसंद की फिल्म देखने या पार्क में खेलने का वक्त निकालना भी आसान हो जाता है। हर समय उलझे रहने के बजाय हर काम का समय बंट जाने से बहुत सी गतिविधियां करने का समय निकल आता है।

**कॉमन रूल्स :** बच्चों को हंसी-खुशी जिंदगी को साधने-समझने की सीख देने वाले ऐसे रूल्स का पालन घर के बड़ों को भी करना होगा। कॉमन रूल्स की इस फेहरिस्त में साथ खाना खाने, विनम्र व्यवहार करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, किताबें पढ़ने, आउटडोर गेम्स खेलने, सोशलाइज करने और अपनों के साथ समय बिताने जैसे संकल्प भी जोड़े जा सकते हैं।

-डॉ. मोनिका शर्मा




नया साल शुरू होते ही यंग वूमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स में खासतौर पर इस बात को जानने को लेकर काफी क्रेज रहता है कि मेकअप और ब्यूटी में क्या कुछ ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम यहां बता रहे हैं इस साल ट्रेंड में रहने वाले ब्यूटी-मेकअप ट्रेंड के बारे में।

## इस साल क्या होंगे मेकअप-ब्यूटी ट्रेंड्स





मेकओवर-2024/ पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट

साल 2024 शुरू हो चुका है। जिस तरह साल बदलते ही हमारी लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है, उसी तरह मेकअप और ब्यूटी ट्रेंड में भी बहुत कुछ चेंज देखने को मिलता है। अगर आप भी अपने लुक को लेकर कॉन्शस रहती हैं तो इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के बारे में जरूर जानना चाहेंगी। आइए जानते हैं इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री में मेकअप, स्किन केयर और हेयर स्टाइल में आने वाले ट्रेंड्स के बारे में।

**स्किन केयर :** इस साल स्किन केयर के लिए होम मेड प्रोडक्ट्स अधिक इस्तेमाल किए जाएंगे। स्किन की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने के बजाय नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनी हर्बल बेस्ड प्रोडक्ट का ट्रेंड रहेगा। स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल अधिक किया जाएगा।



**मेकअप ट्रेंडः** अगर इस साल के मेकअप ट्रेंड की बात करें तो यह आपकी पसंद पर निर्भर करेगा। अगर आपको लाइट मेकअप करना पसंद है तो न्यूड मेकअप फॉलो कर सकती हैं, क्योंकि इस साल न्यूड मेकअप लुक ट्रेंड भी करेगा। इसके अलावा मेकअप ट्रेंड में ग्लॉसी मेकअप और स्मोकी आइज लुक को भी काफी पसंद किया जाएगा। इस साल कम प्रोडक्ट यूज करने वाले मेकअप जैसे चिक टिंट, लिपस्टिक और कलर आई पेंसिल का इस्तेमाल करके इजी मेकअप लुक ट्रेंड में होगा। इसे ऑफिस और डेली यूज में अप्लाई किया जा सकता है। वहीं टीनएज गर्ल्स की बात करें तो उनके लिए ग्राफिक आई मेकअप, फ्लोटिंग आई लाइनर और कलरफुल आई मेकअप का भी ट्रेंड रहेगा। इस तरह के मेकअप, पार्टी लुक के लिए परफेक्ट रहेंगे। इसके अलावा प्रेस नेल्स या स्टिक ऑन नेल्स का भी चलन होगा। आईब्रोज के लिए आईब्रो एक्सटेंशन को काफी पसंद किया जाएगा। साथ ही नेचुरल प्रोडक्ट्स बेस्ड मेकअप लुक ट्रेंड में बना रहेगा।

**हेयर स्टाइल ट्रेंड :** इस साल हेयर स्टाइल में बन हेयर स्टाइल, ब्रेड चोटी हेयर स्टाइल का ट्रेंड काफी चलेगा। ये हेयर स्टाइल्स, वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के ड्रेसअप लुक के साथ ट्राई किए जा सकते हैं। साथ ही ओपन स्लीक हेयर स्टाइल को भी काफी पसंद किया जाएगा। इन स्टाइल्स के साथ अलग-अलग तरह के हेयर एसेसरीज भी ट्रेंड करेंगे। इन्हें भी आप ट्राई कर सकती हैं। वहीं हेयर केयर में बालों की ग्रोथ के लिए एलोवेरा जैल, तुलसी और नारियल तेल जैसे घरेलू नुस्खे भी ट्रेंड करेंगे।

प्रस्तुति : ललिता गोयल






अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

# डेविड वार्नर ने 'टेस्ट' के बाद 'वनडे' से भी लिया संन्यास, खेलते रहेंगे टी20

एजेंसी ▶▶| सिडनी

दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था।



### खेलता रहूंगा लीग मैच

वार्नर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप 2023 के दौरान कहा था कि भारत में जीत दर्ज करो। यह वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं जिससे मुझे दुनियाभर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।'

### 161 वनडे मैच में 45.30 की औसत से बनाए 6932 रन



### वार्नर के नाम पर दो वनडे विश्व कप खिताब

दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे कॅरियर का आगाज किया था।



### कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध से आगे बढ़ गया

'जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण से अलग तरीके से निपटा जा सकता था लेकिन मुझे लगता है कि निक (हॉकले, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी) ने इसे बोर्ड के सामने रखने की पूरी कोशिश की और फैसला किया गया और मैं इससे खुश हूं। मैं उससे आगे बढ़ चुका हूं।मुझे आईपीएल, आईएलटी20 में नेतृत्व करने के अवसर मिले हैं। मैंने अपनी नेतृत्व भूमिकाओं का आनंद लिया है।लेकिन हाल के वर्षों में मैंने सीखा है कि नेतृत्व का मतलब कप्तान या उप-कप्तान बनना नहीं है। मेरे लिए, मैं इस टीम में नेतृत्व करता हूं। आपको अपने नाम के आगे कप्तान या उप कप्तान लिखवाने की जरूरत नहीं है। उस पूरे दौर में अपने पूरे करियर पर विचार करते हुए मुझे कोई पछतावा नहीं है क्योंकि जब आप आगे बढ़ेंगे तो आपके सामने बहुत सारी बाधाएं आएंगी। रास्ते में बाधाएं आएंगी लेकिन आपको आगे बढ़ना होगा और मैंने सम्मान के साथ ऐसा किया है।'

### वनडे में 22 शतक

वार्नर ने अपने कॅरियर में 161 वनडे मैच खेले जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली।

### 111 टेस्ट में 26 शतक

वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं।

### विश्व कप टीम में जगह मिलने की उम्मीद

वार्नर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी20 लीग में खेलने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द रोकेंगे : दीप्ति

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 16 साल से ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नहीं हरा पाई है लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से लगातार नौ वनडे मैच गंवाए हैं जिनमें वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैच भी शामिल है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे में आखिरी बार अपने मैदान पर 23 फरवरी 2007 को चेन्नई में हराया था।

### पेट्रा क्वितोवा ने कहा- मैं मां बनने वाली हूं...

**प्राग।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने नए साल में घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं।



क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'वर्ष 2024 के पहले दिन मैं आपको नए साल की बधाई देती हूं और एक रोमांचक खबर आपके साथ साझा कर रही हूं कि मैं और जिरी इन गर्मियों में अपने परिवार में बच्चे का स्वागत करेंगे।' क्वितोवा ने जुलाई 2023 में अपने कोच जिरी वानेक से शादी की थी। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर हैं। वह 2011 और 2014 में विंबलडन चैंपियन बनी थी।

### जोकोविच ने सर्बिया को दिलाई चीन पर जीत


**पर्थ।** नोवाक जोकोविच ने पर्थ में एक दशक के बाद पहला मैच खेलते हुए यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में सर्बिया को चीन पर 2-1 से जीत दिलाई। जोकोविच ने



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के इस शहर में इससे पहले अपना अंतिम मैच 2013 में होपमैन कप में खेला था। जोकोविच ने एकल मैच में झांग झिझेन को 6-3, 6-2 से हराया और फिर ओल्गा डेनिलोविच के साथ मिलकर निर्णायक मिश्रित युगल में झेंग क्विनवेन और झांग के खिलाफ 6-4, 1-6, 10-6 से जीत दर्ज की। झेंग ने इस बीच डेनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर चीन को बराबरी दिलाई थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में चेक गणराज्य को 3-0 से हराया था लेकिन अब सर्बिया भी ग्रुप ई से आगे बढ़ने की दौड़ में शामिल हो गया है।

### वॉ ने दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और



भारतीय क्रिकेट बोर्ड सहित दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्डों की कड़ी आलोचना की है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टी20 लीग को प्राथमिकता देते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए कमजोर टीम का चयन किया है।


### क्रिकेट : दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है टीम इंडिया

# केपटाउन में तेज गेंदबाजों को मिलेगा उछाल, कल से भारत-अफ्रीका में जंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

31 साल बाद साउथ अफ्रीका की धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने का सपना तो चकनाचूर हो चुका है। केपटाउन में रोहित शर्मा की कप्तानी में अब भारतीय टीम टेस्ट सीरीज का अंत बराबरी पर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। 3 जनवरी से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। भारतीय टीम की अच्छी खबर यह है कि रविंद्र जडेजा पूरी तरह से फिट हो चुके हैं। दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका की टीम सेंचुरियन की तरह दमदार खेल केपटाउन में भी दिखाना चाहेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेला जाना है। केपटाउन के इस ग्राउंड पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहता है। पिच से मिलने वाले बाउंस की मदद से फास्ट बॉलर्स कहर बनकर टूटते हैं। यही वजह है कि इस मैदान पर काफी कम टेस्ट मैचों का नतीजा ड्रॉ के रूप में आता है। बल्लेबाजों के लिए केपटाउन में रन बनाना काफी मुश्किल काम रहता है।





### कोहली ने किया बर्गर अभ्यास शॉर्ट गेंदबाजों से जूझे अय्यर

*केपटाउन। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर की शैली की गेंदबाजी का सामना करते हुए काफी आश्वस्त दिखे जबकि सोमवार को यहां नेट्स पर शॉर्ट गेंद के खिलाफ श्रेयस अय्यर एक बार फिर मुश्किल में नजर आए। नए साल के दिन कोहली ने नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद कोहली ने लगभग 20 से 25 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया। कोहली को नेट्स पर विशेष तरह का अभ्यास करने के उद्देश्य के साथ उतरने के लिए जाना जाता है और सोमवार को वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे।*

### क्या कहते हैं आंकड़े?

केपटाउन के इस मैदान पर अब तक कुल 60 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें से 23 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 25 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। पहली पारी में एवरेज स्कोर 325, दूसरी में 292, तीसरी में 234 और चौथी इनिंग में 163 रहा है। यानी चौथी पारी में बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

### टीम में लौटेंगे जडेजा

साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंजरी के चलते पहला टेस्ट मिस करने वाले रविंद्र जडेजा की दूसरे टेस्ट में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। जडेजा प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाते हुए नजर आए थे। जड्डू ने बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। जडेजा के आने से टीम इंडिया का स्पिन विभाग और बैटिंग ऑर्डर दोनों मजबूत होगा। हालांकि, जड्डू के लिए आर अश्विन को अंतिम ग्यारह में जगह बनानी होगी।

# पोलैंड ने यूनाइटेड कप में स्पेन को 2-1 से हराया, नार्वे भी जीता



एजेंसी ▶▶| सिडनी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने दबाव में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पोलैंड को सोमवार को यहां स्पेन पर 2-1 से जीत दिलाकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह दिलाई। एलेजांद्रो डेविडोविच फ़ोकिना ने ह्यूबर्ट हर्काज़ को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद स्वियाटेक ने महिला एकल में सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-2, 6-1 से पराजित करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया। स्वियाटेक और हर्काज इसके बाद मिश्रित युगल में 6-0, 6-0 से आसान जीत दर्ज करके पोलैंड की अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।

इस बीच कैस्पर रूड ने क्रोएशिया के खिलाफ एकल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज करके नॉर्वे की क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। डोना वेकिच ने मैलेन हेल्गो को 7-5, 3-6, 6-3 से हराकर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। रूड ने फिर बोर्ना कोरिच को 6-4, 6-1 से हराकर मुकाबले को निर्णायक मिश्रित युगल मैच में पहुंचा दिया, जिसे नॉर्वे ने टाईब्रेकर में जीता।

## भारत के लीगों में रैफरिंग में जवाबदेही की जरूरत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने सोमवार को आईएसएल और आईलीग में रैफरिंग के स्तर पर बरसते हुए कहा कि जवाबदेही की सख्त जरूरत है। चौबे ने रविवार को एक वर्चुअल बैठक में रैफरिंग का स्तर बेहतर करने के तरीकों पर बात की। रैफरिंग से जुड़े मसलों पर चिंता जताते हुए चौबे ने कहा कि इससे जुड़े लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। आईएसएल के सात मैचों में 24 और आई लीग में चार मैचों में विवादित फैसले देखने को मिले। चौबे ने कहा, 'इस सत्र में रैफरी के फैसलों को लेकर काफी चिंताएं जताई गई हैं। क्लबों ने अपने दावों की पुष्टि के लिए वीडियो साक्ष्य जमा किए हैं। रैफरियों की गलती से कई मैच प्रभावित हुए और अब इसमें जवाबदेही तय होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि खेल में प्रतिस्पर्धी विकास के चलते एआईएफएफ पिछले एक साल से रैफरियों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।



# ओसाका की मां बनने के बाद सफल वापसी

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की। जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी। जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया, लेकिन पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के 21 वर्षीय खिलाड़ी और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त



बेन शेल्टन को रोमन सफीउलिन से 6-3, 6-7 (5), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न में 14 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल काफी महत्व रखता है।

### भारतीय महिला टीम का सामना आस्ट्रेलिया से आज

# हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई। पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा।

भारत ने वनडे श्रृंखला से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीते थे। इन दोनों मैच और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में हरमनप्रीत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। हरमनप्रीत ने इस सत्र में अब तक सभी प्रारूप में जो आठ पारियां खेली हैं उनमें से केवल तीन पारियों में वह दोहरे अंक तक पहुंच पाई। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 49 रन रहा जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में हरमनप्रीत खाता भी नहीं खोल पाई थी जबकि पहले दो वनडे में उन्होंने 9 और 5 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने यह दोनों में जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।



### क्षेत्ररक्षण सबसे बड़ी चिंता

*भारतीय टीम के लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि टीम को इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान का फरवरी 2007 के बाद से नहीं हरा पाई है और अगर उसे हार का यह सिलसिला खत्म करना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच मजूमदार ने पुष्टि की कि स्नेह राणा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी। जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो वह श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा।*

## नीरज के बाद किशोर और मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल कर दिया गया है।

मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के तीन खिलाड़ियों का शीर्ष छह में शामिल होना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत के अब सात खिलाड़ी एआईयू के आरटीपी में शामिल हो गए हैं।






# हिरानी अब 'मुन्नाभाई 3' की स्क्रिप्ट पर कर रहे काम...

**मुंबई।** राजकुमार हिरानी इन दिनों अपनी फिल्म 'डंकी' के लिए चर्चा में हैं। उनकी सफल फ्रैंचाइजी 'मुन्नाभाई' के तीसरे भाग का भी दर्शकों को इंतजार है। खबर आई थी कि तीसरे भाग का नाम 'मुन्नाभाई चले अमेरिका' होगा। अब हिरानी ने खुद 'मुन्नाभाई 3' को लेकर जानकारी दी कि वह भी यह फिल्म बनाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं भी यह फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं लंबे समय से स्क्रिप्ट को लेकर जूझ रहा हूं। मेरे पास 'मुन्नाभाई 3' के कई अधूरी स्क्रिप्ट हैं। संजू भी मुझे फोन करते रहते हैं और कहते हैं कि यह फिल्म बनाइए। उन्होंने कहा मैं और संजू किसी दिन यह फिल्म जरूर बनाएंगे।

लाइफ Style



# सनी
## अब नाम नहीं, काम को देंगी तवज्जो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सनी लियोनी अब तक कई फिल्मों में दिख चुकी हैं। पिछले कुछ समय से वह निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी को लेकर चर्चा में रहीं, जो दुनियाभर के मशहूर फिल्म महोत्सवों में शामिल हुई।

सनी पिछले कुछ समय से अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ 'कोटेशन गैंग' नाम की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में सनी बोलीं, अब स्टार बनना मेरी प्राथमिकता नहीं रही। स्टारडम का लालच खत्म हो गया है और अब मैं अच्छे किरदार और कंटेंट पर ध्यान दे रही हूं। मैं किसी भी फिल्म की स्टार नहीं बनना चाहती।

उन्होंने कहा, मुझे फिल्म की लीड हीरोइन होने का ठप्पा खुद पर नहीं लगाना, बल्कि इसकी बजाय मैं फिल्म का वो हिस्सा बनना पसंद करूंगी, जिसके कुछ मायने हों और मकसद हो। अब उम्र मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा, वो 10-15 साल पहले की बात थी, जब लोग कहते थे कि अब उसकी उम्र हो गई है और उसे काम नहीं करना चाहिए या काम नहीं मिलेगा। जिन्हें पहले लगता था कि उनके दिल लद गए हैं, अब वो भी पर्दे पर दमदार वापसी कर रहे हैं। सनी के मुताबिक, 'कोटेशन गैंग' को भी उनकी फिल्म नहीं कहा जा सकता। हालांकि, इसमें उनकी भूमिका उनके लिए खास जरूर है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सनी गैंगस्टर बनी हैं। यह गुंडों के एक ऐसे गिरोह की कहानी है, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बाफ्टा जीत चुके अभिनेता नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विल्किंसन ने कुल मिलाकर 130 से अधिक फिल्म में काम किया है। उनके बेहतरीन काम के लिए उन्हें साल 2001 में पारिवारिक ड्रामा 'इन द बेडरूम' में उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार मिला था। वहीं 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म 'माइकल क्लेटन' में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था। वहीं 2008 की मिनी-सीरीज जॉन एडम्स में अमेरिकी राजनीतिक व्यक्ति बेंजामिन फ्रैंकलिन की भूमिका निभाने के लिए एमी और द केनेडीज में जॉन एफ कैनेडी के पिता जो की भूमिका के लिए एमी नामांकन भी अर्जित किया।



# परिवार के साथ मनाया क्रिसमस फिर अजीब तरीके से की आत्महत्या

**हांगकांग।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब एक बुरी खबर सामने आई है। हांगकांग की लोकप्रिय अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन की अचानक आई मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। एक्ट्रेस ने अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाने के एक दिन बाद 26 दिसंबर को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि 47 वर्षीय एक्ट्रेस को उसके चार बेटों में से एक ने कमरे में बेहोश पाया, जिसके बाद एक्ट्रेस को अस्पताल ले जाया गया। सामने आई कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्ट्रेस ने अपने कमरे में लकड़ी का कोयला जलाया और उसके धुएं से दम घुटने से उसकी मौत हुई। कहा जा रहा है कि ऐसा उसने अंजाने में नहीं बल्कि आत्महत्या करने के लिए किया। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यिन ने अपनी जान लेने से पहले अपने पति डॉ. एंगस हुई को भेजे एक संदेश में एक्ट्रेस ने कहा था कि वह अगले जन्म में अपने पति से मिलेंगी।



# जिंदगी बस गुजरता हुआ एक दौर...

**मुंबई।** कंगना रनौत इस साल भी बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार रहीं। इस साल बड़े पर्दे पर उनकी फिल्मों ने ज्यादा कमाल नहीं किया, लेकिन वह लगातार चर्चा में बनी रहीं। बड़ी फिल्मी हस्तियों पर वह लगातार कटाक्ष करती रहीं। इस साल उनकी राजनीति में आने की चर्चा ने भी जोर पकड़ा था। उन्होंने बीते साल से मिली सीख के बारे में बताया। कंगना ने कहा कि जिंदगी बस एक गुजरता हुआ दौर है। हमें यह बात समझनी चाहिए। बता दें कि इस साल कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होगी। यह फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की घटना पर आधारित होगी। फिल्म में वह इंदिरा के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी जैसे सितारे नजर आएंगे।



# फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित फिल्म, देवरा के निर्माताओं ने एक धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें एनटीआर जूनियर कोतीव्र और उग्र लुक में दिखाया गया है। एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर कर लिखा, आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। जनवरी 8 को #देवरा की झलक आप सभी को दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता।' कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 17': निर्माताओं ने अनुराग को दिखाया घर से बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** रियलिटी 'बिग बॉस 17' जैसे-जैसे फिनाले के करीब पहुंच रहा है, वैसे-वैसे दर्शकों का रोमांच बढ़ता जा रहा है। घर के अंदर होने वाले तमाशे के अलावा हर हफ्ते होने वाले एविक्शन पर दर्शकों की खासा नजर रहती है। इस वीकेंड के वार पर घर के 2 प्रतियोगी रिंकू धवन और नील भट्ट शो से बाहर हो गए। अब नए साल के जश्न के बीच निर्माताओं ने अनुराग डोभाल को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

***घर के सदस्यों ने किया अनुराग को नॉमिनेट :*** रिंकू और नील के बाद अब जिस सदस्य का सफर शो से खत्म हो चुका है, उसका नाम अनुराग डोभाल है। वह शो से बाहर हो गए हैं। इस खबर की जानकारी 'बिग बॉस' के फैन पेज 'बिग बॉस तक' ने दी है। शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें ज्यादातर सदस्य अनुराग को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' जियो सिनेमा और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

## 'कौन बनेगा करोड़पति में सारा ने की खूब मस्ती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की चुलबुली एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी फिल्मों के अलावा अपने लाइफस्टाइल और मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे 'कौन बनेगा करोड़पति 15' में पहुंचीं, तो वहां भी अपने चिर-परिचित अंदाज में दिखीं। उन्होंने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ खूब हंसी-ठिठोली की।



'केदारनाथ' फेम एक्ट्रेस अपनी दादी और दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के साथ रियलिटी शो के फिनाले एपिसोड में दिखीं। अमिताभ बच्चन ने हॉट सीट पर दोनों का स्वागत किया। सारा अली खान से अमिताभ बच्चन ने कहा, 'मैं आपके 'आत्मविश्वास' से प्रभावित हूं। मुझे उम्मीद है कि आप आज करोड़ों रुपये जीतेंगे और जिस खास उद्देश्य के लिए आप दोनों आज खेलेंगे, यह उसी के लिए दान किया जाएगा। सारा, सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। उनके दादा-दादी मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर हैं। सैफ और अमृता ने 2004 में अलग होने की घोषणा की थी। सैफ ने 2012 में एक्ट्रेस करीना कपूर के साथ दूसरी शादी की थी। उनके दो बेटे तैमूर और जेह हैं। काम की बात करें तो, सारा अली खान के पास 'ऐ वतन मेरे वतन', 'मेट्रो... इन दिनों', जगन शक्ति का अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट और 'मर्डर मुबारक' है।

# जॉन ने मुंबई में खरीदा आलीशान बंगला

**मुंबई।** जॉन अब्राहम ने मुंबई के खार में एक आलीशान बंगला खरीदा है। इस घर की कीमत 71 करोड़ रुपए है। यह संपत्ति लिंकिंग रोड में स्थित है, जो ग्राउंड के साथ दो मंजिल के साथ आता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉन ने 27 दिसंबर को यह समझौता किया था। इस संपत्ति का स्वामित्व पहले 81 वर्षीय प्रवीण नाथलाल शाह के पास था, जो वर्तमान में अपने परिवार संग अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहते हैं।



### मुंबई के बांद्रा में भी खरीदा आलीशान अपार्टमेंट

जॉन ने अभी तक इस खरीदारी की खबर की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले उन्होंने मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा था। उनका यह घर दो फ्लैटों को एक साथ मिलाकर दो मंजिलों पर डिजाइन किया गया है। इसमें एक निजी छत भी है, जहां से अरब सागर का नजारा दिखता है। जॉन का नाम उन अभिनेताओं में शुमार है, जो एक शानदार बिजनेसमैन भी हैं। उन्हें रियल एस्टेट में समझ रखने वाला माना जाता है।


### ये हैं जॉन की आगामी फिल्में

जॉन के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा। उन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था तो वहीं दुनियाभर में यह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रही। आने वाले दिनों में शाहरुख 'तेहरान', 'तारिक' और 'वेद' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# अक्षय व टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख आई सामने ...

*मुंबई। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' पिछले लंबे समय से चर्चा में हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में हैं। अब अक्षय ने 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर टाइगर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ अक्षय ने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं।*

***कब रिलीज होगी 'बड़े मियां छोटे मियां'?*** *: अक्षय और टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद 10 अप्रैल, 2024 के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 'सुल्तान' और 'भारत' के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी।*



## 'इंडियन पुलिस फोर्स' में सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला

# 'पंचायत 3' से लेकर 'हीरा मंडी' तक, इस साल आएंगी ये चर्चित वेब सीरीज

*मुंबई। इस साल सिनेमाघरों में कई बेहतरीन फिल्मों की धूम रही तो ओटीटी पर कई शानदार वेब सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया। 2023 में सच्ची घटनाओं पर बनी वेब सीरीज ने लोगों को बांधकर रखा। अब जब साल गुजरने को है, तो हर क्षेत्र की तरह ही लोग मनोरंजन जगत की ओर भी उम्मीदों से देखकर रहे हैं। इस साल कई वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जो लंबे समय से चर्चा में हैं।*




**'इंडियन पुलिस फोर्स'** : 'इंडियन पुलिस फोर्स' के जरिए रोहित शेट्टी का कॉप यूनिवर्स ओटीटी पर दस्तक देने जा रहा है। यह सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी के करियर की भी पहली सीरीज है। शो में विवेक ओबेरॉय भी नजर आएंगे। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका टीजर जारी हो चुका है, जिसमें सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला है।




**'पंचायत 3'** : ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी इस वेब सीरीज के पिछले दोनों भागों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 'पंचायत 2' में सचिव जी (जितेंद्र कुमार) और पिंकी के बीच बढ़ रही नजदीकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। अब दर्शक इसके तीसरे भाग में इस प्रेम कहानी को मुकम्मल होते देखना चाहते हैं। हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। 2024 में इसका नया सीजन देखना दिलचस्प होगा।

**'मिर्जापुर 3'**: 'मिर्जापुर' ऐसी वेब सीरीज है, जिसने पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी जैसे सितारों को ओटीटी का स्टार बना दिया। अब 'मिर्जापुर 3' दर्शकों के बीच आने वाली है। शो के पिछले 2 भागों ने कालीन भइया और गुड्डु पंडित जैसे किरदारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अमेजन प्राइम वीडियो के इस शो की शूटिंग खत्म हो चुकी हैं। इसके रिलीज तारीख की घोषणा जल्द होने वाली है।







**'आश्रम 4'**: 'एनिमल' में अबरार की भूमिका से पहले तक बॉबी देओल 'बाबा निराला' की भूमिका के लिए चर्चा में थे। 'आश्रम 3' के रिलीज होते ही निर्माताओं ने 'आश्रम 4' की घोषणा कर दी थी। प्रकाश झा की यह सीरीज विवादों में भी घिरी थी। इसके पिछले भागों के रोचक प्लॉट ने दर्शकों को बांधकर रखा। 2024 में 'आश्रम 4' का इंतजार है। एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' में इस किरदार में बॉबी ने ओटीटी पर अपनी अलग पैठ बनाई है।



**'हीरा मंडी'**: 'हीरा मंडी' के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी पर कदम रख रहे हैं। इस वेब सीरीज में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह जून के बाद रिलीज हो सकती है। उनकी फिल्मों की तरह ही यह वेब सीरीज भी भव्य सेट, आकर्षक कॉस्ट्यूम और चमक-दमक से भरपूर होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930